


लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल - 12



इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक - 12



नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध - 13



जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर - 14


आज का मौसम
25.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.55
सूर्यास्त 06.04

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी 04:01 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 14 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 318, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## योगी की चेतावनी- वंदे मातरम नहीं गाने वालों को कान पकड़ कर करें बाहर

- विधानसभा में मुख्यमंत्री के तीखे तेवर, कहा- हिंदुस्तान की खाएंगे लेकिन वंदेमातरम नहीं गाएंगे
- कहा-विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा मातृशक्ति का अपमान
- योगी ने गिनाई उपलब्धियां, सपा को अपराधियों की जननी बताया बोले-देख सपाई बिटिया घबराई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में शुक्रवार को विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वंदेमातरम का कोई अपमान नहीं कर सकता। वंदेमातरम का जो विरोध करता है उसका कान पकड़ करके धक्का देकर बाहर करना चाहिए। बोले कि 'वंदेमातरम का जो विरोध करेगा, वह वहीं जाए जहां पर उसको विरोध का स्वर दिखाई देता है, हिंदुस्तान की धरती पर रहने का अधिकार नहीं है'। योगी ने लोकसभा में कांग्रेस व सपा सांसद के बयान पर चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदुस्तान की खाएंगे, लेकिन वंदेमातरम नहीं गाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने सदन में 2 घंटे 13 मिनट तक राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए सपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान हंगामा करके मुख्य विपक्षी दल सपा ने न केवल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख बल्कि मातृ शक्ति का भी अपमान किया। सनातन धर्म की परंपरा में मां की उम्र या अपनी उम्र से बड़ी महिला को मां के समान सम्मान देने का विधान है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए गालिब का शेर भी पढ़ा कि 'उम्र भर मैं ये भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।'

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों की यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है। कर्फ्यू से कानून के राज की यात्रा है। उपद्रव से उत्सव की यात्रा है। समस्या से समाधान की यात्रा है और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। उन्होंने प्रदेश की उपलब्धियों, नीतिगत बदलावों और भविष्य की दिशा का व्यापक खाका प्रस्तुत किया। बताया कि आज यूपी बीमारू राज्य नहीं है, आज यह ट्रिपल-टी का एक प्रतीक बना है। ट्रिपल टी मतलब टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन। यानी एक त्रिवेणी बनकर के उभरा है। महिलाओं की सुरक्षा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले देख सपाई बिटिया घबराई जैसी कहावत प्रचलित थी, लेकिन आज महिलाएं नाइट शिफ्ट में काम कर रही हैं। सपा पर सीधा हमला बोलते हुए उसे अपराधियों की जननी बताया। एनकाउंटर और कानून-व्यवस्था पर कहा कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। हम कानून का पालन भी जानते हैं और पालन करवाना भी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस पर आधारित है। इंसेफेलाइटिस, माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे बीमारी को रौंद डाला गया, वैसे ही माफिया राज को भी खत्म किया गया है।

आटउसोर्सिंग की डकैती में अधिकांश लोग सपा के योगी ने कहा कि आउटसोर्सिंग की डकैती में सपा से जुड़े लोगों की भूमिका रही है। इसी कारण सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था लागू कर मजदूरी और भुगतान को सुरक्षित किया है।



विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों पर बरसते मुख्यमंत्री योगी।

### गाजी के पाप का बदला कैसे लें महाराज सुहेलदेव से सीखिए

मुख्यमंत्री योगी ने महाराजा सुहेलदेव का उल्लेख करते हुए कहा कि गाजी के पापों का उत्तर इतिहास और शौर्य से मिलता है, तुष्टिकरण से नहीं। सपा पर आरोप लगाया कि राष्ट्रद्रोहियों को महिमा मंडित करते हैं और राष्ट्रनायकों का अपमान करते हैं। गाजी के मेले का समर्थन करते हैं। गाजी के पाप का बदला कैसे लिया जाए, यह महाराज सुहेलदेव से सीखिए। हमने उनके नाम से आजमगढ़ में विश्वविद्यालय बनाया है।

## अब सेवा तीर्थ से चलेगी सरकार

### प्रधानमंत्री ने नए कार्यालय का किया उदघाटन, किसानों-महिलाओं के कल्याण को लिए अहम निर्णय

- यहां पर पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया, जहां प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे। प्रधानमंत्री का कार्यालय अब रायसीना हिल पर राष्ट्रपति भवन के निकट स्थित औपनिवेशिक काल की साउथ ब्लॉक इमारत से सेवा तीर्थ परिसर में स्थानांतरित हो गया। यह बदलाव 13 फरवरी को हुआ, जब 1931 में नई दिल्ली को भारत की आधुनिक राजधानी के रूप में औपचारिक रूप से उद्घाटन किए जाने के 95 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

शुक्रवार को प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल और जितेंद्र सिंह तथा पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों के साथ सेवा तीर्थ परिसर पहुंचे और इस परिसर का उद्घाटन किय। इस दौरान मोदी ने प्रत्येक नागरिक को जीवन रक्षक सुरक्षा प्रदान करने और लखपति दीदी की संख्या को दोगुना करके छह करोड़ करने के लिए 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत को मंजूरी देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने बताया कि 'पीएम राहत योजना' के तहत, दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि तत्काल चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण किसी की जान न जाए। सरकार ने मार्च 2027 की समयसीमा से एक साल से भी अधिक पहले तीन करोड़ लखपति दीदियों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। प्रधानमंत्री ने अब मार्च 2029 तक छह करोड़ लखपति दीदियों का एक नया, महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के रूप में, कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

इस कदम का उद्देश्य भारत की संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है। मोदी ने 10,000 करोड़ की निधि के साथ 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को भी मंजूरी दी। एक अधिकारी ने कहा, भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को, विशेष रूप से डीप टेक, उन्नत विनिर्माण और अभूतपूर्व प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में, सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ 'स्टार्टअप इंडिया एफओएफ 2.0' को मंजूरी दी है। इससे पहले मोदी ने नए परिसर में सेवा तीर्थ की पट्टिका का अनावरण किया। यह नाम देवनागरी लिपि में परिसर की दीवार पर अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' का आदर्श वाक्य लिखा है।



नई दिल्ली में सेवा तीर्थ परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।

### सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन विकसित भारत की यात्रा में मील के पत्थर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएमओ और केंद्रीय सचिवालय के नए भवन विकसित भारत की दिशा में देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं और ये नागरिक-केंद्रित शासन एवं राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि इन इमारतों का निर्माण भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ' रखा गया है जबकि केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों को 'कर्तव्य भवन' 1 और 2 कहा जाएगा। ये नागरिक-केंद्रित शासन और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी ऐतिहासिक इमारतें, जिनमें अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा रक्षा, गृह और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय स्थित हैं, ब्रिटिश साम्राज्य के आदर्शों को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई थीं, लेकिन सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का निर्माण देश की जनता की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए किया गया है।

### ब्रीफ न्यूज

#### रेलवे ने 2025 में तीन करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी बंद किए

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग में धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए 2025 में लगभग 3 .03 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी को बंद किया गया। उन्होंने साइबर हमलों से तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली की सुरक्षा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों से अवगत कराया कि आधार ओटीपी सत्यापन ने वास्तविक यात्रियों के लिए टिकट की उपलब्धता में सुधार और पारदर्शिता बढ़ाने में योगदान दिया है।

#### मादक पदार्थ तस्कर की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कुलगाम जिले में एक कथित मादक पदार्थ तस्कर की 1.5 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। कुर्क की गई संपत्तियों में मणिगाम गांव में छह दुकानें, पांच गोदाम, एक टिन शेड और एक चबूतरा शामिल हैं। ये संपत्तियां कुलगाम के निपोरा इलाके के निवासी मोहम्मद अशरफ खंडे की हैं, जो कथित तौर पर बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह साबित हो जाने के बाद कि ये संपत्तियां अवैध मादक पदार्थ के धंधे से अर्जित की गयी हैं, यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत की गई।

#### प्रमाणपत्र के बिना उड़ान संचालन पर एयर इंडिया पर एक करोड़ का जुर्माना

**मुंबई/नई दिल्ली।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने पिछले साल कम से कम आठ मार्गों पर आवश्यक उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र के बिना एयरबस ए320 नियो विमान का संचालन करने के लिए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने पिछले साल दो दिसंबर को कहा था कि वह एयर इंडिया द्वारा बिना वैध प्रमाणपत्र के विमान उड़ाने की घटना की जांच कर रहा है। नियामक द्वारा की गई इस कार्रवाई पर एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया डीजीसीए के उस आदेश की प्राप्ति स्वीकार करती है, जो 2025 में स्वेच्छा से रिपोर्ट की गई एक घटना के संबंध में है।।

## बांग्लादेश में बीएनपी की बड़ी जीत, तारिक रहमान का पीएम बनना तय

- 20 साल बाद सत्ता में वापसी 297 में से 209 सीटें जीतीं तारिक नए चेहरे के तौर पर उभरे

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए 297 सीटों पर हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी गठबंधन ने 209 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को करीब 68 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी।

2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। इस चुनाव में 59.44 प्रतिशत मतदान हुआ।

ये चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब देश उथल-पुथल भरी राजनीतिक शून्यता, अस्थिरता और सुरक्षा की नाजुक स्थिति से गुजर रहा है। देश में पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद अल्पसंख्यकों पर व्यापक पैमाने पर हमले हुए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को 15 साल के शासन के बाद सत्ता से हटना पड़ा था। यूनुस के कार्यकाल में ढाका के नई दिल्ली से रिश्तों में काफी गिरावट आई। (संबंधित देश-दुनिया पर)



### मोदी ने तारिक से बात कर जीत की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने बीएनपी की जीत पर उसके नेता तारिक रहमान से बात की और दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि वह साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए बांग्लादेश के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। रहमान की जीत उनके नेतृत्व में बांग्लादेश का भरोसा दर्शाती है।

## सेंसेक्स 1,048 और निफ्टी 336 अंक टूटा

### शेयर बाजार धड़ाम

- मेटल, आईटी और एनर्जी शेयर्स में भारी बिकवाली, 7 लाख करोड़ डूबे

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार को धातु, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और जिंस शेयरों में भारी बिकवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 336 अंक टूटा।

इस व्यापक गिरावट का असर यह हुआ कि बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 7,02,017.71 करोड़ रुपये घटकर 4,65,46,643.20 करोड़ रुपये (5.13 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। कारोबारियों ने कहा कि कंपनियों के तिमाही नतीजों के उम्मीद से कम रहने और कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े गतिरोधों के कारण प्रौद्योगिकी कंपनियों पर बढ़ते दबाव ने निवेशक धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,048.16 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 82,626.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,140.37 अंक लुढ़ककर 82,534.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था।



## मुख्तार अंसारी के शूटर रहे बॉबी की गोली मारकर हत्या

- दिनदहाड़े 10 गोलियां चलाईं शोएब को तीन से चार गोलियां लगीं लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर घटी घटना

**बाराबंकी।** 27 साल पहले हुए जेलर हत्याकांड में आरोपी व मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे शोएब किदवई उर्फ बॉबी की शुक्रवार दोपहर गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई। लखनऊ से कचेहरी आते समय बदमाशों ने कार को घेर बाबी पर ताबड़तोड़ 10 राउंड फायर किया। बॉबी को तीन से चार गोलियां लगीं। इस घटना से अधिवक्ता समाज आक्रोशित है। वहीं मौके पर पहुंचे एडीजी प्रवीण कुमार व एसपी ने घटनास्थल की पड़ताल की।

अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएम आवास से कुछ ही दूरी पर रहने वाले अधिवक्ता शोएब किदवई उर्फ बॉबी लखनऊ से अकेले ही कार चलाकर बाराबंकी वापस आ रहे थे। अभी वह असेनी मोड़ पर पहुंचे ही थे कि एक बाइक पर सवार दो बदमाश अचानक कार के आगे आ गए और फायरिंग शुरू कर दी। करीब दस राउंड फायरिंग में कई गोलियां कार का शीशा पार कर गईं, वहीं तीन गोलियां लगने से बॉबी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस दौरान ओवरब्रिज के ऊपर भी दो बदमाश खड़े हुए थे। इस बीच हमलावर भाग निकले। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस ने कार से निकालकर खून से लथपथ शोएब को अस्पताल भिजवाया जहां मृत घोषित कर दिया गया। इस बीच एसपी अर्पित विजयवर्गीय घटनास्थल की पड़ताल कर ही रहे थे कि एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार भी बाराबंकी आ गए और घटना की जानकारी ली। एसपी बोले कि मुख्तार गैंग से जुड़े बॉबी शहर कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर थे और उन पर हत्या और गैंगस्टर सहित पांच मुकदमे दर्ज हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। उधर पूर्व ब्लॉक प्रमुख व अधिवक्ता बॉबी की हत्या से वकील आक्रोशित हो गए और विरोध जताया।



## लखनऊ, अयोध्या व वाराणसी समेत 19 कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

- सभी जिला जज के आधिकारिक ई-मेल पर भेजे गए धमकी भरे संदेश
- लखनऊ सिविल कोर्ट खाली कराकर चार घंटे चला सर्च अभियान

**लखनऊ।** लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी समेत प्रदेश के 19 जिला कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी शुक्रवार सुबह दी गई। यह धमकी सभी जिला जज के आधिकारिक ई-मेल के जरिये भेजा गया।

जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पूरा कचहरी परिसर खाली कराया गया। पुलिस व बम निरोधक दस्ते ने सर्च अभियान चलाया। वहीं साइबर क्राइम की टीम ई-मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही है। लखनऊ में जिला कचहरी में चार घंटे तक सर्च अभियान चला, हालांकि कुछ भी हाथ नहीं लगा। परिसर की सुरक्षा के बंदोबस्त किए गए। जिला जज के आधिकारिक मेल आईडी पर शुक्रवार की दोपहर एक धमकी भरा ई-मेल आया, जिसमें कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डाग स्क्वायड टीम ने पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आम लोगों का परिसर में प्रवेश रोक दिया गया। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक इस मेल के बारे में जिला जज की तरफ से सूचना दी गई थी। आधा दर्जन से अधिक टीमों ने पूरे कचहरी परिसर की तलाशी ली। अंदर मौजूद कई संदिग्ध दिखने वाले लोगों से पूछताछ की गई। मेल भेजने वाले के बारे में आईपी एड्रेस की मदद से जानकारी जुटाई जा रही है। साइबर क्राइम टीम की मदद भी ली जाएगी।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव पूरे कचहरी परिसर की तलाशी ली गई है। साइबर क्राइम व सर्विलांस की टीमों को मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए लगाया है। इस मामले में अन्य जिलों की पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

खगोल विज्ञान

चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना 3 मार्च को होगी, जो भारत से देखी जा सकेगी

## मंगलवार को लगेगा वर्ष का पहला वलयाकार सूर्यग्रहण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मंगलवार 17 फरवरी को लगने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण रिंग ऑफ फायर यानि वलयाकार होगा। यह ग्रहण मुख्य रूप से अंटार्कटिका के ऊपर दिखाई देगा। भारत में यह ग्रहण नहीं देखा जा सकेगा। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत से देखा जा सकेगा।

यह वलयाकार सूर्यग्रहण दक्षिणी गोलार्ध में लगने जा रहा है। जिसका पाथ अंटार्कटिका से होकर जाएगा। इसका पाथ बहुत संकरा है, जो लगभग 616 किमी चौड़ी पट्टी का होगा, जबकि इसकी लंबाई में 4282 किमी का क्षेत्र कवर करेगा। भारतीय समयानुसार दोपहर 3.26 बजे सूर्यग्रहण लगना शुरू होगा। इस ग्रहण में सूर्य का सिर्फ बीच का हिस्सा ग्रहण की चपेट में आता है, जबकि किनारे ग्रहण से मुक्त रहते है। जिसके चलते यह आग का छल्ला जैसा दिखाई देता है। देखने में ग्रहण का यह दृश्य मनमोहक लगता है। चंद्रमा और सूर्य के बीच की दूरी अधिक होने के कारण वलयाकार सूर्य ग्रहण होता है, जबकि पूर्ण सूर्य ग्रहण में चंद्रमा सूरज को पूरी तरह ढक लेता है। वलयाकार सूर्य ग्रहण की अवधि दो मिनट की रहेगी। इसके बाद आंशिक ग्रहण बना रहेगा।

भारतीय समयानुसार ग्रहण की शुरुआत दोपहर 3.26 बजे होगी। शाम 5:42 बजे ग्रहण मध्यस्था में होगा। शाम 7.57 बजे सूर्यग्रहण के साए से मुक्त हो जाएगा। भारत में सूर्य नीचे होने के कारण ग्रहण दिखाई नहीं देगा।इसके बाद अगला सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026 को लगेगा, जो पूर्ण सूर्यग्रहण होगा। यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा। इसके बाद चंद्र ग्रहण तीन मार्च को लगने जा रहा, हो भारत से देखा जा सकेगा।



### मनमोहक होगा नजारा

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार ग्रहण की घटना अद्भुत होती है। वलयाकार सूर्य ग्रहण मनमोहक होता है, जबकि पूर्ण सूर्य ग्रहण वैज्ञानिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण होता है, जिसमें सूरज के कोरोना को देखा जा सकता है। वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण होता है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का समय बदला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय ने एलएलबी (त्रिवर्षीय), बीएएलएलबी (पंचवर्षीय) एवं एल एल एम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के समय में संशोधन किया है। पूर्व में जारी समय-सारणी के अनुसार परीक्षाएं अपराह्न तीन बजे से छह बजे तक निर्धारित की गई थीं। शुक्रवार को विश्वविद्यालय कुलपति सचिन माहेश्वरी ने बताया कि छात्र-छात्राओं के हित में प्राप्त अनुरोधों पर विचार करते हुए अब परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने निर्देश दिया है कि पूर्व में जारी समय-सारणी में परीक्षा अवधि को संशोधित मानते हुए नई समय अवधि के अनुसार ही परीक्षाएं संपन्न कराई जाएगी।

### घर से लाखों के जेवर चोरी, तीन गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र के शहीद नगर में घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने चांदी जेवर तथा 9,500 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। शुक्रवार को कटघर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि वादी मोहम्मद शफीक निवासी जाहिद नगर गली नंबर दस बी, 12 फरवरी को सूचना दी थी कि 9 फरवरी से 12 फरवरी के बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर 12 सोने के आभूषण, 21 चांदी के जेवर तथा कुछ नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने 13 फरवरी को डबल फाटक फ्लाईओवर के नीचे से तीन आरोपियों मुन्तजिम उर्फ बंता निवासी मियां कॉलोनी थाना मझोला, मुजफ्फर हसन निवासी मीना नगर थाना मझोला (मूल निवासी इस्लाम नगर थाना कटघर) तथा सद्दाम निवासी अकबर फैक्ट्री नाले वाली गली थाना कटघर को गिरफ्तार किया। उन्होंने पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

### महाशिवरात्रि को लेकर तैनात किए मजिस्ट्रेट

**बिलारी, अमृत विचार :** एसडीएम विनय कुमार सिंह ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। बिलारी थाना क्षेत्र में तहसीलदार अंकित गिरी, थाना मैनाठेर क्षेत्र में नायब तहसीलदार अभिनव सिंह, थाना कुंदरकी क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी कुंदरकी, थाना सोनकपुर क्षेत्र में नायब तहसीलदार स्योड़ारा विजय कुमार श्रीवास्तव को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है, इसके साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि शिव मंदिर शिवालयों पर महाशिवरात्रि पर पर जलाभिषेक करके पूजा अर्चना की जाती है। भीड़ के कारण मेले जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में शांति व्यवस्था बढ़ाने के लिए अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहे।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**भगतपुर, अमृत विचार :** काशीपुर दलपतपुर मार्ग पर ग्राम बहेड़ी रोशनपुर के नजदीक शुक्रवार की सुबह एक कार ने एक बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। बिलारी के चांदपुर निवासी अनेक सिंह किसी काम से काशीपुर गए थे एवं शुक्रवार की सुबह वहां से वापस लौट रहे थे। अनेक सिंह के अनुसार जैसे ही वे ग्राम बहेड़ी रोशनपुर के पास पहुंचे तभी एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने एक निजी चिकित्सक के यहां उनका उपचार कराया।

## 25 अधिवक्ताओं को नोटिस

- पूर्व सीजेएम के तबादले पर प्रदर्शन करने का मामला

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल जिला न्यायालय के 25 अधिवक्ताओं को पूर्व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के तबादले के विरोध में प्रदर्शन करने के मामले में नोटिस जारी किए गए हैं।

9 जनवरी 2026 को पूर्व सीजीएम विभांशु सुधीर ने संभल कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई सराय निवासी आलम के पिता यमन की याचिका पर सुनवाई करते हुए चर्चित अनुज चौधरी और इंस्पेक्टर अनुज तोमर सहित 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। एफआईआर के आदेश के बाद 20 जनवरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व सीजीएम विभांशु सुधीर का तबादला सुल्तानपुर कर दिया। इसके अगले दिन 21 जनवरी को तबादले के विरोध में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ताओं ने जिला न्यायालय परिसर में प्रदर्शन किया और तबादला रद्द करने की मांग की। इस प्रदर्शन को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया और प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ताओं को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को जिला जज की ओर से सभी संबंधित अधिवक्ताओं को नोटिस तामील करा दिए गए। राजेश यादव एडवोकेट ने बताया कि कुछ अधिवक्ताओं को नोटिस मिल चुके हैं, जबकि कुछ को मिलना बाकी है। सभी को नोटिस मिलने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि किन-किन अधिवक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं।

## सास हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझौला क्षेत्र के जयंतीपुर के मंसूरी कॉलोनी में हुए रुखसाना हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार दामाद के दोस्त मुस्तफा को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोप है कि उसने वारदात में इस्तेमाल तमंचा उपलब्ध कराया था।मझौला प्रभारी निरीक्षक आर पी सिंह ने बताया कि हत्या का मुख्य आरोपी गुलनवाज अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।हत्यारोपी गुलनवाज की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### विशेषज्ञों की अपील- बच्चों पर दबाव नहीं, सकारात्मक सहयोग से निखरेगा प्रदर्शन


## अंकों की दौड़ नहीं, आत्मविश्वास को दें प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- परीक्षा की तैयारी के दौरान पर्याप्त नींद बेहद जरूरी

**अमृत विचार :** परीक्षा सत्र करीब आने के साथ विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच अपेक्षाओं और चिंता का वातावरण बनने लगता है।

ऐसे समय में शिक्षा और मनोविज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा को जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि सीखने की एक प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए। बच्चों को लगन और अनुशासन के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित करें, लेकिन केवल अंकों की प्रतिस्पर्धा में उलझाकर उन पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। परिवार का सहयोग और सकारात्मक संवाद ही विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को मजबूत बनाता है।



मनोवैज्ञानिक डॉ. कुमार मंगलम सारस्वत ने कहा कि परीक्षा के दौरान बच्चों पर अधिक अपेक्षाएं थोपना उनके मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। लगातार तुलना और परिणाम की चिंता से बच्चे तनावग्रस्त हो जाते हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों के प्रयासों को महत्व दें और यह विश्वास दिलाएं कि उनका मूल्य केवल अंकों से तय नहीं होता। सकारात्मक शब्द और भावनात्मक समर्थन बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।



प्रधानाचार्य अर्चना साहू ने कहा कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और पुनरावृत्ति सफलता की कुंजी हैं। परीक्षा की तैयारी के दौरान पर्याप्त नींद, पौष्टिक आहार और हल्का व्यायाम भी जरूरी है। माता-पिता को बच्चों पर अपनी महत्वाकांक्षाएं नहीं थोपनी चाहिए, बल्कि उनकी रुचि और क्षमता को समझते हुए मार्गदर्शन देना चाहिए। घर का सकारात्मक वातावरण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और स्थिरता लाता है।



पिछले साल 12वीं कक्षा में 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान हासिल करने वाली टॉपर प्रगति पांडे ने कहा कि उन्होंने कभी केवल अंकों के लिए पढ़ाई नहीं की, बल्कि विषय को समझने पर ध्यान दिया। परिवार ने हमेशा मनोबल बढ़ाया और परिणाम की चिंता से दूर रखा। नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास के कारण वह परीक्षा के समय शांत और केंद्रित रह सकीं। उनका मानना है कि यदि छात्र निरंतर प्रयास करते रहें तो सफलता जरूर मिलती है।

# बंगाली बोलने और लिखने वालों के वेरिफिकेशन में आ रही दिक्कत

### एसआईआर प्रक्रिया में अव्यवस्था, भाषा व दस्तावेजों की समस्या से जूझ रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



विकास भवन में एसआईआर के सत्यापन के लिए जमा भीड़। ● अमृत विचार

- विकास भवन में बढ़ी भीड़ काजीपुरा क्षेत्र के निवासियों को उठानी पड़ रही परेशानी

**अमृत विचार :** एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया को लेकर इन दिनों विकास भवन में भारी भीड़ और अव्यवस्था का माहौल देखने को मिल रहा है। सत्यापन और दस्तावेजों के मिलान के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, जिससे कई बार धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी बन जा रही है। खासकर बंगाली बोलने और लिखने वालों के वेरिफिकेशन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं काजीपुरा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इस प्रक्रिया के दौरान विभिन्न प्रकार की परेशानियां हो रही है।

शुक्रवार को विकास भवन परिसर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के बाहर लगे एसआई आर के शिविर में पश्चिम बंगाल के मूल निवासी कई लोगों के दस्तावेजों में भाग संख्या और विधानसभा क्रम संख्या बंगाली भाषा में दर्ज है। ऐसे मामलों में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को जानकारी समझने और सत्यापन करने में कठिनाई आ रही है। जिन लोगों ने अपने दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद कराकर प्रस्तुत किया है, उन्हीं का सत्यापन अपेक्षाकृत आसानी से हो पा रहा है, जबकि बाकी लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसी प्रकार झारखंड से आए लोगों के सामने भी अलग अलग प्रकार परेशानी से जुझ रहे है।कई मामलों में स्थानीय स्तर पर अनुवाद की व्यवस्था न होने से प्रक्रिया लंबी खिंच रही है। इससे कामकाजी लोगों और महिलाओं को विशेष रूप से असुविधा हो रही है। इसके अतिरिक्त प्रेम विवाह करने वाले तथा पारिवारिक विवादों में फंसे कुछ लोगों को अलग तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। ऐसे मामलों में परिवार के सदस्य आधार कार्ड या अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, जिसके कारण संबंधित व्यक्तियों का सत्यापन अटक जा रहा है। कई लोगों ने प्रशासन से इस संबंध में सहायता की मांग की है।

## इग्नू में बीएड और बीएससी नर्सिंग को प्रवेश आवेदन शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जनवरी 2026 एवं जुलाई 2026 सत्र के लिए बी.एड.,पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहेबिलिटेशन साइकोलॉजी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

शुक्रवार को इग्नू अध्ययन केंद्र हिंदू कॉलेज के समन्वयक प्रो. एके सिंह न बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई 2026 सत्र के लिए पी जी डी आरपीसी कार्यक्रम की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि पांच मार्च 2026 निर्धारित की गई है। वहीं जनवरी 2026 सत्र के बीएड कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2026 है। पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग ( जनवरी 2026 सत्र ) के लिए भी ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 मार्च 2026 तय की गई है। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र नोएडा की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सिरान मुखर्जी ने बताया कि सभी कार्यक्रमों के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे तथा किसी प्रकार की हार्ड कॉपी मान्य नहीं होगी।

## ट्रैक्टर -ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन।

- सिविल लाइंस क्षेत्र के निखत बैंक्वेट हाल में पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शुकवार रात ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवारों को रौंद दिया। इसमें दो भाईयों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दोनों भाई ताशका गांव के पास पिलिंग मशीन पर मजदूरी कर घर लौट रहे थे।

पहाड़ी गांव थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के निवासी दिनेश (27) बड़ा भाई और छोटे भाई का नाम रिंकू (23) बताया गया है। उनके पिता मोहन रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी दोनों बेटों पर ही थी। दोनों की शादी हो चुकी थी और उनके अभी बच्चे छोटे हैं। बाइक सवार दोनों भाई काम करके वापिस लौट रहे थे कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली से भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए और कोहराम मच गया। वहीं घटना के तुरंत बाद ट्रैक्टर ट्रॉली चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही कोतवाली सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी भिजवाया। वहां पंचनामा भरने और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना सिविल लाइंस के इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली का नंबर ट्रेस कर चालक की पहचान की जा रही है, तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, सैफनी

- होली के बाद होनी थी शादी मातम में बदली खुशियां

**अमृत विचार :** नगर से काम करके घर वापस जा रहे युवक को पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह ट्रैक्टर-ट्राली में जा लगा। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।



भोला।

थाना क्षेत्र के अलफगंज गांव निवासी जगत सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि उनका 20 वर्षीय पुत्र भोला राजमिस्त्री था। गुरुवार की देर शाम 10 बजे के समय वह सैफनी से काम करके अपनी बाइक से घर वापस आ रहा था। बताया गया कि जैसे ही वह सैफनी थाना क्षेत्र के शाहबाद-बिलारी रोड पर धनोरा गांव के मोड़ के पास पहुंचा तभी पीछे से तेज गति से आ रही कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह अनियंत्रित हो गया और आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा लगा। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और भोला का सिर बुरी तरह घायल हो गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक भोला के पिता जगत सिंह ने बताया कि उनके दो पुत्र हैं, बड़ा ऋषि पाल है और छोटा पुत्र भोला था। बिलारी थाना क्षेत्र के चंगेली गांव से शादी तय हो गई थी गोद भराई की रस्म भी कर दी गई थी। होली के बाद उसकी शादी थी जिसकी तैयारियां चल रहीं थीं। हादसे में हुई मौत से सब कुछ बिखर गया है।

### दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हादसे में युवक की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** गांव मीरापुर निवासी मनोज कुमार (26) की गुरुवार को दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर एक सड़क हादसे में मौत हो गई। मनोज कुमार अपनी डीसीएम में रिफाइंड लादकर शाहबाद से शाहजहांपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनके आगे चल रहे कंटेनर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे मनोज की डीसीएम अनियंत्रित होकर कंटेनर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोज गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तिलहर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने डीसीएम में मिले आईडी कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान की और परिजनों को सूचित किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मनोज की मौत की खबर मीरापुर गांव पहुंचते ही परिवार में शोक छा गया। परिजन तत्काल शाहजहांपुर के लिए रवाना हो गए। मनोज अपने पीछे छह माह की मासूम बेटी और परिवार छोड़ गए हैं। युवा बेटे की असामयिक मृत्यु से गांव में दुख का माहौल है। ग्रामीणों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## घर के बाहर खेल रहे बच्चे को कुत्ते ने किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर के एक मोहल्ले में खेल रहे बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर उसे नोंच कर घायल कर दिया। घायल मासूम को परिजन सीएचसी लेकर आए जहां उपचार के बाद मासूम को चिकित्सकों द्वारा घर भेज दिया गया। लालबाग निवासी वसीम का तीन वर्षीय पुत्र मोहम्मद शान अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी अचानक एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया।

कुत्ते के हमले से मासूम चीखने लगा, शोर सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर जमा हो गए और बच्चे को कुत्ते से बचाया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल बच्चे को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा बच्चे का उपचार कर उसे घर भेज दिया गया।

## परीक्षा कार्यक्रम को लेकर असंतोष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



गुरु जम्भेश्वर विद्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे केजीके डिग्री कॉलेज के लॉ विभाग के विद्यार्थी।

- लॉ विषय के विद्यार्थियों ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** विश्वविद्यालय की ओर से हाल ही में जारी परीक्षा कार्यक्रम को लेकर छात्रों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में छात्रों ने कुलपति को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा तिथियों और समय-सारणी में संशोधन की मांग की है।

शुक्रवार को केजीके डिग्री कॉलेज के लॉ विषय के विद्यार्थियों ने गुरु जम्भेश्वर विश्व पहुंच कर कुलपति सचिन माहेश्वरी को दो सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालय परीक्षा का वर्तमान में जारी कार्यक्रम में परीक्षाओं के बीच पर्याप्त अंतराल नहीं होने से कई परीक्षाएं लगातार निर्धारित की गई हैं। इससे तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाने बात कही। दूरदराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को आवागमन और आवास की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने यह भी बताया कि कुछ परीक्षाएं रमजान माह के दौरान निर्धारित की गई हैं। इसका समय 03 से 06 बजे के बीच होने के कारण रोजा रखने वाले विद्यार्थियों को कठिनाई हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए तिथियों पर पुनर्विचार करने की अपील की। इसके अलावा विश्वविद्यालय पोर्टल पर समय पर सूचनाएं अपलोड न किए जाने को लेकर भी नाराजगी जताई गई। छात्रों ने मांग की कि सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं पारदर्शिता के साथ समय से जारी की जाएं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले पर विचार करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वाले विद्यार्थियों में शुभम राठी, सचिन चौधरी, कुशल शर्मा, संदीप यादव, मोहम्मद इमरान, निखिल कुमार, मेघा, आयुषी, साक्षी ठाकुर, ममता यादव ,अमित कुमार, भानू प्रताप सैनी, अरूण सैनी, महमूद, हरिओम सैनी, चन्द्रभान सिंह, जय सिंह, पिंगाक्ष, कार्तिक, अंकित कुमार, गौरव कुमार शामिल रहे।

## विकास कार्यों को लेकर मंडलायुक्त सख्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

### लक्ष्य से पिछड़ने पर होगी कार्रवाई

सभी ग्राम पंचायतों में आरआरसी निर्माण और डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था ,राजस्व बढ़ाने के लिए हाट-पैंठ, दुकानों, मोबाइल टावरों एवं पंचायत संपत्तियों पर नियमानुसार कर वसूली, जिन पंचायतों का ओएसआर लक्ष्य 25 प्रतिशत से कम रहेगा, संबंधित पंचायत सचिव के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाएगी। राजस्व भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाकर मत्स्य पालन, पौधारोपण व सौर ऊर्जा परियोजनाएं शुरू और ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में शेष कार्य 15 कार्यदिवस में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों और सहायक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेशों का पालन निर्धारित समय सीमा की भीतर करलें। लापरवाही की स्थिति में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली-1999 के तहत विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

- मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक लापरवाही करने पर विभागीय कार्रवाई करने की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त की अध्यक्षता में 29 जनवरी को हुई मंडलीय समीक्षा बैठक में मुरादाबाद के विकास कार्यों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया था। कई योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने पर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए थे।

शुक्रवार को हुई बैठक में बताया गया कि 15वें केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में धनराशि की प्रगति 86.01 प्रतिशत है, जबकि क्षेत्र पंचायतों में प्रगति अत्यंत कम पाई गई। 27 जनवरी तक क्षेत्र पंचायतों में मात्र 17.78 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुए, प्रदेश में जनपद की रैंक खराब रही है। खराब प्रगति वाले विकास खंडों में जिम्मेदारी तय करने के कहा गया था, लेकिन कोई सुधार न होने सीडीओ खंड विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारियों कार्रवाई चेतावनी पत्र जारी किया है।

मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने जारी चेतावनी पत्र में वित्त आयोग की धनराशि से कराए जा रहे कार्यों में भुगतान से पूर्व संबंधित फर्मों का जीएसटी सत्यापन सुनिश्चित करने के आदेश को समय से पालन न करने पर व कर अपवंचन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जनपद में अंत्येष्टि स्थलों और बहुउद्देश्यीय पंचायत भवनों के निर्माण में भी प्रगति कहीं शून्य तो कहीं बेहद धीमी पाई गई। इन्हें शीघ्र पूर्ण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बाइक से जा रहे दो युवकों की दुर्घटना में जान गई

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम लाडला से बाइक से एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों की मौत हो गई है। इस संबंध में पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुरुवार रात करीब 11:30 बजे जयप्रकाश पुत्र घासीराम निवासी नई बस्ती थाना सिविल लाइन मुरादाबाद तथा सतपाल पुत्र राम सिंह निवासी प्रेमनगर थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद क्षेत्र के ग्राम लाडलाबाद से किसी शादी समारोह से अपने घर जा रहे थे। मुरादाबाद-बिजनौर रोड पर किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी जिसमें दोनों व्यक्तियों की मौके पर मृत्यु हो गई। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

**रेलवे** | महाप्रबंधक ने आलमनगर-रोजा रेलखंड का किया निरीक्षण

## रेल मंडल में 121 किमी प्रति घंटे का स्पीड ट्रायल सफल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मुरादाबाद मंडल के आलमनगर-रोजा रेलखंड का गहन निरीक्षण करते उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा। ● अमृत विचार

- संरक्षा और यात्री सुविधाओं पर दिया जोर

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने शुक्रवार को मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आलमनगर से रोजा रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान डीआरएम मुरादाबाद विनीता श्रीवास्तव सहित मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण का उद्देश्य रेल संरक्षा, परिचालन गुणवत्ता और यात्री सुविधाओं की समीक्षा कर उन्हें और बेहतर बनाना था। महाप्रबंधक ने आलमनगर से काकोरी, मलिहाबाद, संडीला, बालामऊ, हरदोई और रोजा तक विभिन्न स्टेशनों, यार्डों व रेल कॉलोनियों का बारीकी से जायजा लिया। काकोरी स्टेशन स्थित शहीद पार्क में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

निरीक्षण के दौरान चयनित रेलखंडों पर 121 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्पीड ट्रायल किया गया। अधिकारियों के अनुसार यह परीक्षण ट्रैक, सिग्नलिंग और संरक्षा मानकों के अनुरूप किया गया, जो रेलखंड की मजबूत संरचना और उच्च गति परिचालन क्षमता को दर्शाता है। इस गति पर कोई समस्या सामने नहीं आने पर ट्रायल सफल रहा। इस इन सभी खंडों में ट्रेन अधिकतम 121 किमी प्रति घंटा की गति से दौड़ सकती हैं।

बालामऊ स्टेशन पर नई क्रू लॉबी और स्वास्थ्य इकाई (हेल्थ यूनिट) का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही रनिंग रूम, लेवल क्रॉसिंग फाटक, रेल पुलों और ट्रैक कर्व की स्थिति की भी गहन समीक्षा की गई। हरदोई सहित अन्य स्टेशनों पर गैंग, यूएसएफडी (अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन) उपकरण और स्मॉल ट्रैक मशीनों की कार्यप्रणाली पर विशेष ध्यान दिया गया।

### कर्मचारियों से किया सीधा संवाद

महाप्रबंधक ने ग्राउंड स्तर पर तैनात कर्मचारियों से संवाद कर उन्हें संरक्षा मानकों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा है।

# दो दिन में होंगी 600 से अधिक शादियां

## शुभ संयोग में शहनाइयों की गूंज, बाजार में देर रात तक रौनक, बेहतर कारोबार की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सहालग के बीच 14 फरवरी (वेलेंटाइन डे) और 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) के लगातार शुभ संयोग ने जिले में वैवाहिक उत्सव का माहौल बना दिया है। दो दिनों में 600 से अधिक शादियां होने से होटल, गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल और लॉन पूरी तरह बुक हैं। बढ़ती मांग के चलते ज्वेलरी, कपड़ा, टेंट, कैटरिंग, डेकोरेशन और ऑटोमोबाइल कारोबार में तेजी आई है। शहर के प्रमुख बाजारों में सुबह से देर रात तक रौनक बनी हुई है और व्यापारियों को इस सीजन से बेहतर कारोबार की उम्मीद है।

वेलेंटाइन डे को लेकर युवाओं में खास उत्साह दिखाई दे रहा है। ज्वेलरी शोरूम में रोज गोल्ड आभूषणों के साथ हार्टशेप पेंडेंट, लव और आई लव यू डिजाइन की चेन, अंगूठी और ब्रेसलेट की मांग बढ़ गई है। गंज बाजार में सराफा कारोबारी दीपांशु अग्रवाल ने बताया कि डायमंड रिंग, प्लेटिनम ईयररिंग और कस्टमाइज्ड ज्वेलरी ट्रेंड में हैं। कई ग्राहक अपने खास साथी के नाम वाले ब्रेसलेट और लॉकेट ऑर्डर पर बनवा रहे हैं। सोने के दाम ऊंचे होने के चलते ग्राहक हल्के वजन में भारी दिखने वाले आभूषणों की खरीदारी कर रहे हैं।



वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर दुकान पर बुके पसंद करता युवक। ● अमृत विचार

● होटल-लॉन फुल, रोज गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी की बढ़ी मांग

### महाशिवरात्रि का मंगल योग, दांपत्य सुख की कामना

महाशिवरात्रि का पर्व स्वयं में अत्यंत शुभ और पुण्यदायक माना जाता है। पंडित पुरुषोत्तम उपाध्याय के अनुसार इस वर्ष 14 और 15 फरवरी को विवाह के लिए अनुकूल ग्रह-योग बन रहे हैं। मान्यता है कि इस तिथि पर संपन्न विवाह में शिव-पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है, जिससे वैवाहिक जीवन में स्थिरता और समृद्धि आती है। इसी विश्वास के साथ बड़ी संख्या में परिवार इन तिथियों पर परिणय सूत्र में बंधने का निर्णय ले रहे हैं।

### दोपहर के फेरे और शाम की दावत

इस बार विवाह समारोहों में एक नया चलन देखने को मिल रहा है। कई परिवार रात के बजाय दोपहर में ही फेरे संपन्न करा रहे हैं। इसके बाद शाम को आशीर्वाद समारोह, भव्य दावत और नृत्य-संगीत का आयोजन किया जा रहा है। इससे आयोजन की अवधि संतुलित हो रही है और अनावश्यक खर्च में भी कमी आ रही है। वेडिंग प्लानर्स और कैटरिंग व्यवसायियों के अनुसार यह ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

### बाजारों में उमड़ी भीड़, कारोबारियों के चेहरे खिले

बुधबाजार, टाउन हॉल, चौमुखापुल, मंडी चौक, गंज, गुरहट्टी, कोर्ट रोड और ताड़ीखाना जैसे प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सराफा, कपड़ा, मेवा, टेंट, सजावट सामग्री और वाहन शोरूम में अच्छी बिक्री दर्ज की जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि लगातार दो शुभ अवसरों ने बाजार को नई ऊर्जा दी है और आने वाले दिनों में भी कारोबार की रफ्तार बनी रहने की उम्मीद है।

## एल्डर कमेटी और जोनल सेटअप के चेयरमैन सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के बार कक्ष में कार्यकारिणी सभा के दौरान संगठन के दो वरिष्ठ सदस्यों राजू रस्तोगी और संजीव माहेश्वरी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन की कार्यकारिणी सभा 8 फरवरी को महोबा में संपन्न हुई थी। इसमें जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य राजू रस्तोगी को एल्डर कमेटी का चेयरमैन तथा संजीव माहेश्वरी को जोनल सेटअप का चेयरमैन मनोनीत किया गया था।

शुक्रवार को ऐसोसिएशन द्वारा दोनों पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यकारिणी बैठक का संचालन महासचिव दीपक अग्रवाल ने किया तथा अध्यक्षता राकेश कुमार शर्मा ने की। बैठक एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाई। अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, महासचिव दीपक अग्रवाल, संजीव माहेश्वरी, राजू रस्तोगी, गुफरान माजिद, सैयद आरिफ अली, अनुज गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## विज्ञान पार्क और नक्षत्रशाला से विद्यार्थी जानेंगे ब्रह्मांड के रहस्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● गोविंदपुरम योजना में 4.6 एकड़ में बनेगा विज्ञान पार्क व तारामंडल

● विज्ञान पार्क, नक्षत्र भवन परियोजना को एमडीए बनी कार्यदायी संस्था

**अमृत विचार :** मुरादाबाद दिल्ली रोड पर गोविंदपुरम आवासीय योजना में विज्ञान पार्क और नक्षत्रशाला (नक्षत्र भवन) के निर्माण की कवायद तेज हो गई है। इसके निर्माण के लिए लगभग 4.6 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए शासन ने (एमडीए) को कार्यदायी संस्था नामित किया है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी सुरेश चंद शर्मा ने बताया कि करीब 50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। एमडीए द्वारा विकसित की जा रही इस परियोजना में विज्ञान पार्क और नक्षत्रशाला की अहम भूमिका रहेगी। इसमें एक अत्याधुनिक डिजिटल तारामंडल स्थापित किया जाएगा, जहां आकाश, ग्रहों और अंतरिक्ष के रहस्यों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही विज्ञान पार्क में बच्चों और युवाओं के लिए विज्ञान आधारित इंटरेक्टिव मॉडल और प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। परियोजना में अनुसंधान और नवाचार केंद्र भी प्रस्तावित है, जिससे छात्रों को वैज्ञानिक सोच और शोध गतिविधियों से जोड़ा जा सके। मुरादाबाद के दिल्ली-बरेली मार्ग पर स्थित होने के कारण यह स्थल पर्यटन की दृष्टि से भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। करीब 4.6 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह विज्ञान पार्क शैक्षिक और मनोरंजक सुविधाओं से युक्त होगा। यह परियोजना मुरादाबाद को शिक्षा और विज्ञान पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जीएसटी धारा 74ए और बजट प्रावधानों पर किया गया मंथन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक गुरुवार को दीनदयाल नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई। सभा में कर संबंधी नए प्रावधानों और बजट घोषणाओं पर चर्चा की गई। अधिवक्ता गौरव गुप्ता ने जीएसटी अधिनियम की धारा 74ए की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रावधान वित्तीय वर्ष 2024-25 और उसके बाद के मामलों पर लागू होगा।

उन्होंने कहा कि यदि टैक्स का भुगतान नहीं हुआ, कम हुआ या गलत रिफंड-आईटीसी लिया गया है तो यह धारा प्रभावी होगी। बिना फ्रॉड के मामलों में नोटिस से पहले या नोटिस के 60 दिन के भीतर टैक्स व ब्याज जमा करने पर जुर्माना नहीं लगेगा। हालांकि फ्रॉड के मामलों में आदेश के 60 दिन बाद भुगतान करने पर 100 प्रतिशत पेनाल्टी देनी होगी।




डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक में पदाधिकारी।

● रेस्टोरेंट में हुई डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक

कर अधिवक्ता शिशिर गुप्ता ने धारा 169 के तहत नोटिस की वैध सेवा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पोर्टल पर नोटिस अपलोड करना भी विधिक रूप से वैध माना जाता है। समय पर पोर्टल न देखने पर विभाग एकतरफा कार्रवाई कर सकता है, जिससे अपील की समय-सीमा निकलने पर व्यापारियों को उच्च न्यायालय जाना पड़ता है। अंकित गुप्ता ने बताया कि एक अप्रैल 2026 से नया इनकम टैक्स एक्ट लागू होगा। रिटर्न में सुधार के लिए 31 मार्च तक और नॉन ऑडिट व्यवसायिक आय वालों को 31 अगस्त तक का समय दिया गया है। विकास गोयल ने बताया कि शेयर बायबैक को अब 'कैपिटल गेन' माना जाएगा। राजीव कुमार रस्तोगी ने बताया कि फ्यूचर्स-ऑप्शंस पर एसटीटी बढ़ाई गई है, जबकि विदेश यात्रा पैकेज पर टीसीएस घटाकर 2 प्रतिशत कर दी गई है।

## तीसरे दिन तीन अस्पतालों पर छापा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को नोडल अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल के नेतृत्व में टीमों ने प्रिंस रोड स्थित ख्वाजा, अलशिफा हेल्थ केयर और करूला स्थित ख्वाजा अस्पताल पर छापेमारी की। जांच के दौरान इन अस्पतालों में अवैध तरीके से मरीजों का उपचार किए जाने के साक्ष्य सामने आए। टीम ने मौके पर मौजूद उपकरणों और चिकित्सा सामग्री को कब्जे में ले लिया। साथ ही संबंधित संचालकों से आवश्यक अभिलेख भी तलब किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना मान्यता और योग्य चिकित्सकीय पंजीकरण के इलाज करना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई चिकित्साधिकारी डॉ. विकास सिंह, डॉ. अमित सक्सेना, डॉ. आरके शर्मा और डॉ. कुलजीत सिंह द्वारा की गई।

# बम-बम भोले के घोष से शिवमय हुआ महानगर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों का सैलाब सड़कों पर उमड़ पड़ा है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर श्रद्धालु अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। कांठ रोड पर दिन-रात कांवड़ियों का रेला देखने को मिल रहा है। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा मार्ग भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है।

महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव के अभिषेक का विशेष महत्व माना जाता है। इसी आस्था के साथ युवा, बुजुर्ग और महिलाएं भी कांवड़ यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कई श्रद्धालु नंगे पांव चलकर अपनी श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं, तो कुछ डीजे और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा को उत्सव का रूप दे रहे हैं। कांवड़ियों के जत्थे अनुशासन और उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उनके मन में भक्ति और जुबां पर शिव शंभू का नाम निरंतर गूंज रहा है। कांवड़ियों की सेवा के लिए कांठ रोड सहित विभिन्न स्थानों पर सेवादारों द्वारा शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों में भोजन, पेयजल, फल और प्रसाद की व्यवस्था की गई है। साथ ही विश्राम के लिए टेंट, बिस्तर और पंखों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि लंबी यात्रा से थके श्रद्धालु कुछ समय आराम कर सकें।

यात्रा मार्ग पर सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मेडिकल कैंपों में प्राथमिक उपचार, दवाइयों और डॉक्टरों की टीम तैनात है। पुलिस प्रशासन भी मार्ग पर मुस्तैद है, जिससे यातायात सुचारु रहे और कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। शिव मंदिरों में विशेष सजावट की जा रही है और जलाभिषेक की तैयारियां जोरों पर हैं। कांवड़ यात्रा के चलते कांठ रोड पूरी तरह शिवमय हो गई है, जहां हर कदम पर आस्था, सेवा और समर्पण की झलक दिखाई दे रही है।



हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते शिव भक्त। ● अमृत विचार



गंगा जल लेकर आते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● मन में भक्ति और जिह्वा पर जय शिव शंभू का नाम लेकर आगे बढ़ रहे कांवड़िये

# सैन्य संग्रहालय में अस्त्र-शस्त्र का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद पीतलनगरी के साथ पर्यटन के नक्शे पर भी चमकने के लिए तैयार हो रहा है। बुद्धि विहार फेज दो और नया मुरादाबाद का इसका केंद्र बन रहे हैं। बुद्धि विहार में नगर निगम द्वारा विकसित त्रिशूल इंडियन डिफेंस म्यूजियम बनकर लगभग तैयार है। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को त्रिशूल इंडियन डिफेंस म्यूजियम का निरीक्षण किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन सेना के हेलीकॉप्टर से मुरादाबाद पहुंचे। उनके साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

सर्किट हाउस पहुंचने पर अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी अधिकारी संग्रहालय पहुंचे, जहां मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह एवं नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने औपचारिक स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना द्वारा विभिन्न युद्धों में प्रयुक्त अस्त्र-शस्त्रों, मिसाइलों, विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा नौसैनिक प्रतिरूपों का सूक्ष्म अवलोकन किया। प्रत्येक प्रतिरूप की तकनीकी जानकारी और प्रस्तुति व्यवस्था को परखा। संग्रहालय परिसर में निर्मित गुंबदाकार चलचित्र गृह में सैन्य अभियानों और वीरता गाथाओं का श्रव्य-दृश्य प्रदर्शन देखा गया। खाई प्रदर्शनी कक्ष, प्रकाश चित्रण और लेजर प्रकाश व्यवस्था ने अधिकारियों को प्रभावित किया।

नगर आयुक्त ने बताया कि यह देश का पहला सैन्य संग्रहालय है, जिसे किसी नगरीय निकाय द्वारा छावनी क्षेत्र के बाहर विकसित किया गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग से स्थापित इस संग्रहालय में रक्षा मंत्रालय एवं प्रमुख रक्षा उत्पादन संस्थानों द्वारा प्रदत्त सामग्री प्रदर्शित है। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने सर्किट हाउस परिसर में विकसित योग पथ, काकोरी स्मारक एवं अन्य राष्ट्रप्रेरक स्थलों का भी अवलोकन किया। शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने नगर प्रशासन की कार्यशैली की सराहना की। अंत में लेफ्टिनेंट जनरल सेन गुप्ता को भगवान श्रीराम की प्रतिमा एवं स्मृति-चिह्न भेंट किया।



त्रिशूल इंडियन डिफेंस म्यूजियम के निरीक्षण के दौरान सेना के अधिकारियों को जानकारी देते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल। ● अमृत विचार

● वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने तकनीकी प्रस्तुति, राष्ट्रभावना और स्वच्छता व्यवस्था की सराहना की

## नवाचारों की प्रस्तुति से शिक्षकों को मिली नई दिशा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर स्थित एसएस इंटर कॉलेज में शुक्रवार को समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कैरियर गाइडेंस बेस्ट प्रैक्टिस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में वर्ष भर संचालित कैरियर गाइडेंस गतिविधियों एवं नवाचारों को साझा मंच प्रदान करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा कहा कि कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बेस्ट प्रैक्टिस प्रतियोगिता में बबीता मेहरोत्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला समन्वयक डॉ. सुनीता चौधरी, प्रधानाचार्य रवि कुमार, प्रधानाचार्य रश्मि विमल, स्वदेश कुमारी, इदरीश अहमद, प्रमोद कुमार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# खो-खो प्रतियोगिता का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** खेलो भारत महानगर की ओर से शुक्रवार को नगर खेल कुंभ कार्यक्रम के तहत हिंदू महाविद्यालय के प्रांगण में खो-खो प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। अनुशासन, टीम भावना व उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। नगर खेल कुंभ में दयानंद और हिंदू महाविद्यालय की दो टीम बनाई गई। इसमें खो-खो खिलाड़ियों ने खेल का बेहतर प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना व उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुदृढ़ करना रहा। इस दौरान खिलाड़ियों ने पारंपरिक खेल खो-खो में फुर्ती, रणनीति और समन्वय की प्रस्तुति दी। विभाग संगठन मंत्री गौरव यादव ने कहा कि आज युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। खो-खो जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति और सामूहिक शक्ति के प्रतीक हैं। नगर खेल कुंभ के माध्यम से युवाओं को जीवन निर्माण का संदेश दिया जा रहा है। महानगर मंत्री गौरव क्षत्रिय ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभावना जागृत करने का माध्यम है। खेलो भारत महानगर मुरादाबाद आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा देता रहेगा। कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष कुशल कुमार, क्षेत्रिय इकाई अध्यक्ष शिवम ठाकुर, इकाई मंत्री आदित्य कटारिया, महानगर सहमंत्री छविनाथ अरोड़ा, राजा शर्मा, हर्ष सक्सेना, यस प्रजापति, रवि चौहान, अंजलि पाल, तन्वी अग्रवाल, मयंक, रुचि गौतम, सुहानी, खुशी गुप्ता, भूमि वर्मा, धनिया, गरिमा, अरुण यश, पीहू, मानवी, अनामिका सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



हिंदू महाविद्यालय में नगर ख्खेल कुंभ में -खो प्रतियोगिता में खेलते खिलाड़ी।

● अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट खेल भावना का किया प्रदर्शन

## जिले में महिलाओं में बढ़ रहा डायबिटीज का खतरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में महिलाओं के बीच डायबिटीज के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। आंकड़ों के अनुसार 2025 में अप्रैल से लेकर जनवरी 2026 तक डायबिटीज और हाइपरटेंशन की 15,500 से अधिक महिलाएं अस्पताल में जांच के लिए पहुंचीं। इनमें करीब 4,500 महिलाओं में शुगर और हाइपरटेंशन की शिकायत मिली। चिकित्सकों के अनुसार इसका सबसे अधिक प्रभाव गर्भावस्था के दौरान देखने को मिल रहा है।

जिला महिला अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 25 से 30 डिलीवरी होती हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इनमें से कई महिलाओं में गर्भावधि मधुमेह (गेस्टेशनल डायबिटीज) पाया जा रहा है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता के अनुसार हर 10 से 15 गर्भवती महिलाओं में से एक में शुगर की पुष्टि हो रही है।

### जंक फूड बन रहा परेशानी का सबब

चिकित्सकों का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान शरीर में इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ जाता है, जिससे रक्त में शुगर का स्तर अधिक हो जाता है। यदि समय पर नियंत्रण न किया जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. रनवीर सिंह ने बताया कि गलत खानपान, जंक फूड का अत्यधिक सेवन, मोटापा और शारीरिक गतिविधियों की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। बदलती जीवनशैली और तनाव भी महिलाओं में मधुमेह की बढ़ती प्रवृत्ति के लिए जिम्मेदार हैं।

# व्यापार को रफ्तार देगा आईएचजीएफ दिल्ली मेला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कारोबार को नई गति देने वाला 61वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला-स्प्रिंग 2026, 14 से 18 फरवरी तक आयोजित होगा। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के तत्वावधान में यह आयोजन इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में होगा, जहां दुनिया भर के खरीदार और भारतीय कारीगरों का संगम देखने को मिलेगा।

मेले में होम डेकोर, फर्निशिंग, फर्नीचर, टेक्सटाइल्स, फैशन ज्वेलरी, गार्डन एक्सेसरीज, किचनवेयर, बांस-बेंत एवं इको-फ्रेंडली उत्पाद समेत 16 प्रमुख डिस्प्ले डिवीजन 17 हॉल में प्रदर्शित किए जाएंगे। इस बार फर्नीचर सेक्टर पर विशेष जोर है, जहां 350 से अधिक उत्पादक चार हॉल में 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अपनी निर्यात-योग्य रेंज प्रस्तुत करेंगे। ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि हालिया भारत-यूके और भारत-ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स से वैश्विक बाजारों में भारतीय हस्तशिल्प के लिए नए अवसर खुले हैं।

जीरो ड्यूटी एक्सेस और बेहतर मार्केट एक्सेस से यूरोप में निर्यात को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस बार मेले से पूर्व एक विशेष प्रीव्यू सत्र भी आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि व विशिष्टजन आधिकारिक उद्घाटन से पहले प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक एवं आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने भारत-अमेरिका अंतरिम समझौते को हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे टैरिफ दबाव घटेगा और मूल्य प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। वहीं, उपाध्यक्ष सागर मेहता ने यूरोपीय खरीदारों की बढ़ती रुचि को इंडिया हैंडमेड के लिए उत्साहजनक बताया। मेले में 109 से अधिक देशों के विदेशी खरीदारों के आने की संभावना है।

साथ ही आर्चीज, अमेजन, रिलायंस रिटेल, शॉपर्स स्टॉप, ताज होटल्स सहित अनेक बड़े भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स ने भागीदारी की पुष्टि की है।

ईपीसीएच के अनुसार वर्ष 2024-25 में देश से हस्तशिल्प निर्यात 33,123 करोड़ रुपये (3,918 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, जो इस क्षेत्र की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता को दर्शाता है।



पत्रकारों से वार्ता करते निर्यातक नीरज खन्ना। ● अमृत विचार

● फर्नीचर पर विशेष फोकस, 109 से अधिक देशों के खरीदारों की भागीदारी की उम्मीद

## दिल्ली जाने वाले यात्रियों को जीरो प्वाइंट से मिलेंगी बसें

संवाददाता, पाकबड़ा

● महाशिव रात्रि को लेकर रूट डायवर्जन किया लागू

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन के द्वारा जारी किया रूट डायवर्जन शुक्रवार की शाम से लागू हो गया है। पूर्व निर्धारित रूट डायवर्जन के मुताबिक ही नगर के बाहर भारी वाहनों के लिए बनाए गए अस्थायी बस अड्डों पर रोडवेज बसों को रोक दिया जाएगा। निजी वाहनों को शहर के बाहर निकाला जाएगा।

रोडवेज एवं दूसरी बसों को जीरो प्वाइंट पर ही रोक दिया जा रहा है। शहर में जाम की स्थिति न बन पाए और कांवड़ियों को सुविधा रहे। इस बात को प्रशासन ने ध्यान रखते हुए शहर में कांवड़ियों को आने के लिए व्यवस्था की गई है। इसको लेकर के दिल्ली एवं अमरोहा की ओर से आ रही रोडवेज एवं दूसरी बसों को जीरो प्वाइंट पाकबड़ा पर ही रोक दिया जा रहा है। रामपुर और बरेली से आने वाली बसों को प्रेम वंडर लैंड रामपुर दौराहा पर बसों के अस्थाई बस अड्डा बनाया गया है। वहीं लखनऊ से आने जाने वाली हाईवे से हो कर गुरेंगी। वहीं संभल चंदौसी बहजोई बदायूं से आने वाली बसों ट्रांसपोर्ट नगर में अस्थायी बस अड्डा बनाया गया है। सवारियां यहीं से उतरकर ऑटो एवं ई-रिक्शा लेकर शहर की ओर जा रहे हैं। दिल्ली जाने के लिए शहर के लोगों को जीरो पॉइंट पर आकर ही बसों को पकड़ना पड़ेगा। जब तक महाशिवरात्रि पर्व है तब तक के लिए रोडवेज एवं प्राइवेट बसों का संचालन यहीं से किया जाएगा।

अमृत विचार
मुरादाबाद , शनिवार,14 फरवरी 2026



न्यूज ब्रीफ

## बेसहारा वृद्धों को वृद्ध आश्रम में आवासित करने को बांटे पंपलेट

कांठ, अमृत विचार : 60 वर्ष से अधिक बेसहारा मानसिक व शारीरिक रूप से अस्वस्थ वरिष्ठ नागरिकों को वृद्ध आश्रम में आवासित करने हेतु तहसील क्षेत्र के सुलह अधिकारियों ने पंपलेट वितरण कर प्रचार- प्रसार किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने पूर्व तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर विनीत नैन को तहसील क्षेत्र का सुलह अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के बेसहारा शारीरिक व मानसिक रूप से अस्वस्थ वरिष्ठ नागरिकों को सरकार वृद्ध आश्रम में आवासित करेगी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से आवश्यक अभिलेख में फोटो ग्राफ्स लेकर उनसे संपर्क करने का आग्रह किया।



## पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और ब्लॉक प्रमुख पति पर मुकदमा दर्ज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सहकारी ग्राम विकास बैंक के डेलीगेट के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ नामांकन कराने पहुंचे सहसपुरी के ग्राम प्रधान ने न्यायालय के आदेश पर पूर्व भाजपा विधानसभा चुनाव प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह और ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी सहित 6 लोगों के खिलाफ अपहरण ,मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। 20 जनवरी को उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के चुनाव में डिलारी के ग्राम सहसपुरी के प्रधान राजवीर सिंह भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र सिंह चौहान के खिलाफ नामांकन कराने पहुंचे थे। राजवीर सिंह ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है कि पूर्व प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति डॉक्टर वीर सिंह सैनी, मासूमपुर निवासी हरपाल सिंह सैनी , टांडा अफजल निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता सतपाल सिंहऔर भाजपा प्रत्याशी रामू वाला गणेश निवासी जितेंद्र सिंह ने उन्हें नामांकन पत्र नहीं खरीदने दिया, जान से मारने की धमकी दी ,कनपटी पर तमंचा रखकर वीडियो बनाई और फॉर्च्यूनर गाड़ी से अपहरण कर लिया ।

# बस्ती वार्ड 4 में पांच दिन से हो रही गंदे पानी की आपूर्ति

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा नगर की नई बस्ती, वार्ड नंबर 4 में बीते पांच दिनों से गंदे पानी की आपूर्ति होने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार घरों में आ रहा पानी बदबूदार और मटमैला है, जो पीने योग्य नहीं है। मजबूरन लोगों को बाहर से पानी मंगाकर या अन्य स्रोतों से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। कई परिवारों ने आशंका जताई है कि जल्द स्थिति नहीं सुधरी तो जलजनित बीमारियां फैल सकती हैं।

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका कर्मचारियों को शिकायत दी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पांच दिन बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पाइपलाइन की सफाई, पानी की जांच और नियमित स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि संभावित बीमारी के खतरे को टाला जा सके। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से नगर पालिका कार्यालय पर शिकायत दर्ज कराने के साथ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# 'बेस्ट प्रैक्टिस' में गीतांजली को तृतीय स्थान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस ''बेस्ट प्रैक्टिस'' कार्यशाला में राजकीय हाई स्कूल कुचावली की नोडल शिक्षिका गीतांजली दक्ष को तृतीय स्थान मिला।

मुरादाबाद के एसएस इंटर कॉलेज में शुक्रवार को जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस ''बेस्ट प्रैक्टिस'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कांठ क्षेत्र के राजकीय हाई स्कूल कुचावली की नोडल शिक्षिका गीतांजली दक्ष द्वारा प्रस्तुत ''बेस्ट प्रैक्टिस'' को जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने सभी



सम्मान प्राप्त करतीं गीतांजली दक्ष। ● अमृत विचार

विजेता शिक्षकों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक के रूप में डॉ. कुमार मंगलम और जिला समन्वयक डॉ. सुनीता चौधरी उपस्थित रहे। संचालन जिला नोडल प्रभारी बबीता मल्होत्रा एवं इदरीस अहमद ने किया। राजकीय हाई स्कूल सेहल की प्रधानाचार्या डॉ. रश्मि विमल, राजकीय हाई स्कूल नगलिया मस्कूला की प्रधानाचार्या डॉ. स्वदेश कुमारी और एसएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रवि कुमार सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी व शिक्षकउपस्थित रहे।

# महिला को बरामद किया आरोपियों पर कार्रवाई नहीं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागूवाला में एक महिला को बरामद कर पुलिस ने परिवार के सुपुर्द कर दिया। आरोपियों पर कार्रवाई न होने से परिजन नाराज हैं।

जानकारी के अनुसार मामला कानपुर निवासी महिला से जुड़ा है। आरोप है कि दो दलाल महिला को बहला-फुसलाकर लाए और उसे रामनगर खागूवाला निवासी एक व्यक्ति के हाथों लगभग 70 हजार रुपये में बेच दिया। महिला कानपुर के नौबस्ता थाना क्षेत्र में एक घर पर खाना बनाती थी। उसके परिजनों ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजन यहां पहुंचे और स्थानीय पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने महिला को एक घर से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई।

पुलिस का कहना है कि महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट कानपुर के नौबस्ता थाने में दर्ज है, इसलिए मामला मूल रूप से वहीं से संबंधित है। स्थानीय स्तर पर केवल बरामदगी की कार्रवाई की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि तहरीर आने पर कार्यवाही कराई जाएगी

# महाशिवरात्रि पर उमड़ेंगे श्रद्धालु, पुलिस-प्रशासन सतर्क

## पुलिस ने नगर में मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग कर भारी वाहनों का आवागमन नियंत्रित किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। आस्था के इस महापर्व को शांतिपूर्ण और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले मीट होटलों को बंद करा दिया और क्षेत्र में व्यापक निगरानी शुरू कर दी।

पर्व को लेकर पुलिस एक्शन मोड में दिखाई दी। नगर के प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग कर भारी वाहनों का आवागमन नियंत्रित किया गया, ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रा मार्ग पूरी तरह सुरक्षित बना रहे। जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि तक कांवड़ मार्ग पर स्थित सभी होटल एवं ढाबे केवल





महाशिवरात्रि के पर्व पर होटल व ढाबों पर चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

**● कांवड़ मार्ग पर मीट बिक्री पर रोक, पुलिस कर रही निगरानी**

शुद्ध शाकाहारी भोजन ही परोसेंगे। धार्मिक भावनाओं का सम्मान सुनिश्चित कराने के लिए मीट बेचने वाले प्रतिष्ठानों के बाहर लगे बोर्ड और बैनर भी हटवा दिए गए। पुलिस ने व्यापारियों को चेतावनी दी कि आदेशों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। कांवड़ यात्रा के दौरान वातावरण पूर्णतः धार्मिक बना रहे, इसी उद्देश्य से यह कदम उठाए गए हैं। वहीं, कई श्रद्धालुओं ने इस व्यवस्था का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों में श्रद्धा और अनुशासन दोनों आवश्यक हैं। नगर में लगातार गश्त कर रही पुलिस टीमों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



भंडारे का शुभारंभ करते खंड विकास अधिकारी। ● अमृत विचार



सड़क पर बैरीकेडिंग कर यातायात व्यवस्थित करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

## शिव भक्तों की सेवा में लगा विशाल भंडारा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : राष्ट्रीय एक्टिव प्रेस क्लब ठाकुरद्वारा की ओर से कांवड़ भक्तों की सेवा के लिए दूध के भंडारे का आयोजन किया गया। शुभारंभ खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल ने किया। क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश चौधरी व नगर अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि उनका संगठन प्रतिवर्ष कांवड़ भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन करता है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में पत्रकार बंधुओं के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों का अहम योगदान रहता है। पूर्व अध्यक्ष नईम खान राजा, उपाध्यक्ष वसीम अब्बासी, कोषाध्यक्ष अंसार मयूर, दीपेश शर्मा, डॉ. आफताब हाशमी, वसीम कुरैशी, शमशेर मलिक, मिर्जा गालिब, विवेक ओझा, यश चौधरी और सईद कुरैशी सहित कई अन्य लोगों का सहयोग रहा।

## खम्भों पर लटके चाइनीज मांझे को हटाने का अभियान

कांठ ,अमृत विचार : कई शहरों में चाइनीज मांझे से कई नागरिक चोटिल हो चुके हैं। बिजली विभाग ने खंभों पर लटके हुए चाइनीज मांझे को हटाने का और जनता को भी जागरूक किया।

स्थानीय बाजारों में चाइनीज मांझे की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है, जबकि क्षेत्र में कई लोग चाइनीज मांझे से चोटिल हो चुके हैं। बिजली विभाग ने खम्भों पर लटके चाइनीज मांझे को हटाने का अभियान चलाया। उन्होंने नागरिकों को जागरूक करते हुए बताया कि चाइनीज मांझा खम्भों पर लटका होने के कारण कभी भी करंट आ सकता है जिससे घरों में रखे ए सी, फ्रिज व टीवी खराब हो सकते हैं। विद्युत तारों में लटके हुए चाइनीज मांझे से अधिकांश दुर्घटना क्षेत्र में मकर संक्रांति, रक्षाबंधन हरियाली तीज के मौके पर अधिक होती हैं। गंभीर घटनाओं के कारण सरकार ने मांझा बेचने वालों को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। नगर में बिजली के तारों विभिन्न कंपनियों के वाई-फाई केविलों पर चीनी मांझे के गुच्छे लटके हुए देखे जा सकते हैं।





# मनरेगा के समर्थन में कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा



करनपुर से पदयात्रा निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता । ● अमृत विचार



पदयात्रा निकालते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मनरेगा अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 15 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली। पदयात्रा का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसमस्याओं को लेकर जनजागरण करना रहा।

पदयात्रा की शुरुआत करनपुर चौराहे से की गई। यह यात्रा मोहद्दीपुर,

**● तहसील पहुंचकर पदयात्रा का किया समापन**

के महत्व तथा रोजगार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। पदयात्रा ब्लॉक अध्यक्ष आरिफ के आवास से होते हुए मंडी समिति मार्ग से आगे बढ़ी और दोपहर लगभग 2:30 बजे ठाकुरद्वारा स्थित बाबू रामपाल द्वार पर पहुंची। यहां कांग्रेस नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी, संजीव सिंघल सहित कार्यकर्ताओं ने पदयात्रियों का स्वागत किया।

इसके बाद पदयात्रा सरकारी अस्पताल के सामने से होते हुए तहसील प्रांगण पहुंची, जहां सभा के साथ इसका समापन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को समझना, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को मजबूत करना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनजागरण करना है।

## मनरेगा बचाओ अभियान के तहत निकाली पदयात्रा

कांठ, अमृत विचार : कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत विशाल पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा का आरभ कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक शमीम अय्यूब ने किया। इससे पूर्व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन अंसारी, जिला सचिव शरीफ अहमद आजाद ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा कानून को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। वरिष्ठ नेता डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष सीपी सिंह के नेतृत्व में नगर से शुरू होकर ग्राम कासमपुर, नयागांव, चैदरी अकबरपुर, गोपालपुर, मल्ली वाला आदि दर्जन भर गांव में होते हुए अपने गंतव्य पर समाप्त हुई। पदयात्रा में अरहत खान,जुनैद इकराम, नजाकत अंसारी, दानिश कुरैशी, महावीर सिंह दिनेश दीवान आदि वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अशलिक हुसैन व उसकी पत्नी मारूफा को गलत संगत के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है । अब मेरा व मेरे परिवार से इन दोनों से कोई वास्ता नहीं है। बाबू पुत्र अब्दुल गफूर ग्राम रतुपुरा, ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने आज से अपना नाम AFIFA QASIM से बदलकर AFEEFA QASIM रख लिया है। भविष्य में मुझे AFEEFA QASIM D/o QASIM AHMAD R/o OLD ICE FACTORY GALSHAHEED THANA KATGHAR MORADABAD नाम से जाना, पहचाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## अधिवक्ता के हत्यारोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग

कांठ, अमृत विचार : रामपुर में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने के मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कांठ के अधिवक्ताओं ने आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की एवं हड़ताल की चेतावनी दी है।

तहसील बार एसोसिएशन कांठ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि दिनदहाड़े अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या की घटना से पश्चिम उत्तर प्रदेश के समस्त अधिवक्ता समाज में बेहद गुस्सा एवं रोष व्याप्त है। उन्होंने इस मामले को लेकर हड़ताल जारी रखने का आह्वान किया। महासचिव दीपक बिश्नोई, हरपाल सिंह, डॉ विनीत नैन, सुगम पवार, सलमान खान, भू प्रकाश, कपिल बिश्नोई, योगेंद्र सिंह, भानु प्रकाश, मोहम्मद अयूब, नन्हे खां, शहजाद रफी खान, शमशाद अमरोही, एडवोकेट शीशराम, चरण सिंह ढाका, पुष्पेंद्र धामा आदि अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कुंदरकी में मनरेगा बचाओ तिरंगा यात्रा निकाली





तिरंगा यात्रा निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** कुंदरकी ब्लॉक में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चौधरी अहसान खान के नेतृत्व में शुक्रवार को ''मनरेगा बचाओ तिरंगा यात्रा'' का आयोजन किया गया। यह यात्रा कर्बला से शुरू होकर मुख्य बाजार तक निकाली गई। यात्रा का उद्देश्य मनरेगा योजना को मजबूत बनाना, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए जन जागरूकता फैलाना था। तिरंगा यात्रा में चौधरी दाऊद खान, शौकत नेता, शकूर सैफी, मुनीफ तुर्की, वाहिद खान, शाकिर कुरैशी, आफताब प्रधान, गुड्डू पाशा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। चौधरी अहसान खान ने कहा कि मनरेगा गरीब और मजदूर वर्ग की जीवनरेखा है। इसे कमजोर करने वाली किसी भी कोशिश का कड़ा विरोध किया जाएगा। यात्रा के दौरान देशभक्ति नारों के बीच लोगों से मनरेगा योजना को बचाने के लिए एकजुट होने की अपील की गई।

### न्यूज ब्रीफ

### 16 को होगा जूनियर बालिका हॉकी ट्रायल

**अमृत विचार, रामपुर :** प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि 16 फरवरी को अपराह्न 3 बजे से शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी पर जूनियर बालिका हॉकी मैच होंगे और प्रतिभावान खिलाड़ियों का मंडलीय टीम के लिए चयन किया जाएगा। बताया कि 19 फरवरी को नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पर मंडलीय स्तरीय ट्रायल्स होंगे और मंडल स्तरीय टीम चयनित होगी। इसके बाद 23 से 28 फरवरी तक प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता गोरखपुर में होगी। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि खिलाड़ियों को ट्रायल में अपना-अपना जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लाना होगा।

### रठौंडा किसान मेला आज से शुरू

**अमृत विचार, रामपुर :** महाशिवरात्रि पर रठौंडा में लगने वाले किसान मेला का शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी उद्घाटन करेंगे। महाशिवरात्रि पर रठौंडा में जिला पंचायत के तत्वावधान में मेला लगता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने बताया कि मेले में तमाम तैयारियां मुकम्मल करा ली गई हैं। बताया कि मेले मंच पर भी कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# सिविल लाइंस इंस्पेक्टर के निलंबन की मांग पर अड़े वकील

## अधिवक्ता हत्याकांड : आंबेडकर पार्क के सामने हाईवे पर अधिवक्ताओं ने दिया धरना, की नारेबाजी

- अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट से अंबेडकर पार्क तक किया मार्च
- डीएम और एसपी घंटों तक मामले को सुलझाने में लगे रहे

कार्यालय संवाददाता रामपुर



बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी के साथ बात करते डीएम व एसपी।



आंबेडकर पार्क के सामने हाईवे पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार



एएसपी अनुराग सिंह व सीओ सिटी जितेंद्र कुमार के साथ मौके पर पुलिस टीम।

**अमृत विचार :** अधिवक्ता फारुख हत्याकांड के विरोध में वकील शुक्रवार को भारी संख्या में सड़कों पर उतर आए। अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्य मार्ग होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क तक पैदल मार्च निकाला। पांच करोड़ मुआवजे के साथ वकील सिविल लाइंस इंस्पेक्टर को निलंबित करने की मांग पर अड़ गए। मामले को लेकर अधिवक्ता और जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन में ठन गई है।

शुक्रवार दोपहर करीब 11 बजे अधिवक्ता कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए और उसके बाद नारेबाजी करते हुए आंबेडकर पार्क की ओर चल पड़े। प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने नारेबाजी करते हुए घटना पर आक्रोश जताया और न्याय की मांग करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान जिला व पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा और लगातार अधिकारी प्रदर्शन पर नजर बनाए हुए रहे। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई। सैकड़ों पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने सुरक्षा घेरा बनाकर व्यवस्था को नियंत्रित रखा, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। प्रदर्शन के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने सिविल लाइंस थाने के इंस्पेक्टर संजीव कुमार को हटाने की मांग उठाई। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है। अधिवक्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की भी मांग करते हुए मृतक के परिजनों को पांच करोड़ रुपये के मुआवजा, आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। लेकिन थाना सिविल लाइंस को हटाने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। अधिवक्ताओं ने बताया कि वो शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाना चाहते हैं। फारुख हत्याकांड के बाद से जिले में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। दोपहर करीब एक बजे से शाम 6 बजे तक प्रदर्शन चलता रहा, लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से अधिवक्ताओं को कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। इसके बाद अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन को दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने बताया कि सोमवार को जीरो प्वाइंट पर दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर प्रदर्शन किया जाएगा। जब तक सिविल लाइंस इंस्पेक्टर को नहीं हटाया जाएगा धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन तक चलता रहेगा। प्रदर्शन में कानपुर, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद सहित कई जिलों के वकील शामिल हुए। बार काउंसिल उप्र के सदस्य भी शामिल हुए। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव यादव, उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम, उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह, उपाध्यक्ष मुरताज अली, संयुक्त सचिव सोहनलाल, पूर्व बार अध्यक्ष बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू, पूर्व बार अध्यक्ष श्यामलाल सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### घंटों धरना स्थल पर मौजूद रहे जिला अधिकारी और एसपी

अधिवक्ताओं का प्रदर्शन करीब 6 घंटे तक चला। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र वकीलों से वार्ता करते रहे। लेकिन घंटों तक वार्ता बेनतीजा रही। दोनों अधिकारी लगातार आपस में मामले को लेकर वार्ता करते रहे। मामले में उच्चाधिकारी भी अपडेट लेते रहे। अधिकारियों ने बताया कि अधिवक्ताओं की जायज मांग पूरी की जाएगी।

### मुख्यारोपी को भेजा जेल, घर पर चल सकता है बुलडोजर

अधिवक्ता फारुख की हत्या करने वाला आरोपी बाबू शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया। आरोपी का पुलिस कस्टडी में मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। वहीं जिला प्रशासन आरोपी के घर पर बुलडोजर चला सकता है। गांव तहव्वुर पटवाई थाना क्षेत्र में आरोपी असगर अली का मकान है। घर में अनियमितता पाई गई तो प्रशासन आरोपी के घर पर बुलडोजर चला सकता है।



असगर अली।

# महिला ने पोती के विवाह में लगाई सुरक्षा की गुहार

- डीजे पर डांस को लेकर हुआ विवाद बदल गया था खूनी संघर्ष में

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार :** महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर पोती के विवाह में सुरक्षा की गुहार लगाई है। इसके कोई विवाद न हो सके।

क्षेत्र के गांव मुल्लाखेड़ा निवासी मुन्नी देवी ने कोतवाली पुलिस की दिए शिकायती पत्र में बताया कि पोती अमृता के विवाह में सुरक्षा दीजिए, कहीं इस बार भी बारात में झगड़ा न हो जाए। उन्होंने बताया कि उनका यह डर बेवजह नहीं है। छह माह पुराने वो गहरे जख्म हैं जो आज भी हरे हैं। बीते 12 नवंबर 25 को जब इसी आंगन में खुशियां चहक रही थीं, तब डीजे पर डांस को लेकर विवाद हो गया था। पोती की बारात में एक मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया था और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई थी। इसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। अब 15 फरवरी को उनकी दूसरी पोती अमृता की बारात आनी है। अंदेशा है कि पुरानी रंजिश की वजह से फिर से झगड़ा हो सकता है। आरोप लगाया कि किसी व्यक्ति ने फोन करके दूल्हा के परिवार को धमकाया भी है। अब उन्हें डर है कि कहीं दोबारा उसी तरह की घटना को अंजाम न दिया जाए। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया और हरसंभव मदद का आश्वसन दिया है। कि किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। इसे गंभीरता से लिया जाएगा।

# राजनैतिक दलों के साथ समीक्षा बैठक

- विशेष रोल प्रेक्षक निखिल गजराज की अध्यक्षता में हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



गेस्ट हाउस में एसआईआर को लेकर बैठक में डीएम व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि।

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त विशेष रोल प्रेक्षक निखिल गजराज की अध्यक्षता, जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में शुक्रवार को संत शिरोमणि गेस्ट हाउस में एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में विशेष रोल प्रेक्षक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन हो चुका है। मतदाता सूची में अंकित प्रविष्टियों से संबंधित प्राप्त दावे एवं आपत्तियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिन प्रकरणों की मैपिंग शेष है, उनमें संबंधित पक्षों को सुनवाई के लिए नोटिस निर्गत किए जा रहे हैं। निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर पक्ष रखने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में पाई गई तार्किक विसंगतियों का परीक्षण कर उन्हें संशोधित किया जा रहा है, ताकि त्रुटिरहित एवं शुद्ध मतदाता सूची तैयार की जा सके। सभी दावे एवं आपत्तियों का सत्यापन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से अपेक्षा की कि वे मतदाता सूची के शुद्धिकरण की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। बैठक के दौरान उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन द्वारा एसआईआर के दौरान दिए जा रहे सहयोग की सराहना की। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) व उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा सहित ईआरओ सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आस्था, साधना और आत्मशुद्धि का प्रतीक है महाशिवरात्रि

**रामपुर, अमृत विचार:** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने महाशिवरात्रि से पूर्व पंजाबनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर महाशिवरात्रि मेले का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने भगवान शिव से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, साधना और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति को सशक्त बनाते हैं और समाज में आपसी भाईचारा व सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर राजेश सक्सेना, गुंजन सक्सेना, अनुज सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# दो युवकों पर किसानों से अवैध वसूली का आरोप

संवाददाता स्वार

**अमृत विचार :** नगर की लकड़ी मंडी में शुक्रवार को खेत की सूखी लकड़ी बेचने आए किसान से वन विभाग ने मंडी शुल्क के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग की। रुपये देने से इंकार करने पर किसान की दो दबंगों से तीखी नोकझोंक हो गई।

देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि मंडी में भारी भीड़ जुट गई। आरोप है कि लकड़ी मंडी में वन विभाग की ओर से शुल्क उगाही के लिए रखे गए दो युवक किसानों से मनमानी वसूली करते हैं। शुक्रवार को भी इन्हीं युवकों ने किसान की लकड़ी की जांच करने के बाद मंडी शुल्क देने का दबाव बनाया। किसान के विरोध किए जाने पर युवकों ने गाली-गलौज और धक्का मुक्की शुरू कर दी। मामले की सूचना मिलने पर वन विभाग का एक कर्मी मौके पर पहुंच गया और किसानों को हड़काने लगा। इससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। घटना की जानकारी फैलते ही मंडी में मौजूद अन्य किसान और लकड़ी कारोबारी भी एकत्रित हो गए और वन विभाग कर्मियों व दबंगों के रवैये पर नाराजगी जताई। भीड़ बढ़ती देख और आक्रोश को भांपते हुए वन विभाग का कर्मचारी और दोनों युवक चुपचाप मौके से खिसक गए। स्थानीय किसानों और कारोबारियों का आरोप है कि नगर की लकड़ी मंडी में दूर दराज के गांवों से लकड़ी लेकर आने वाले किसानों से रोजाना मंडी शुल्क के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। लकड़ी कारोबारियों ने मांग की है कि वन विभाग के उच्चाधिकारी इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं।

# 39 लाख से बनेगी पंजाबनगर शिव मंदिर की सड़क

**रामपुर, अमृत विचार :** पंजाबनगर शिव मंदिर को जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मार्ग का शिलान्यास किया। करीब 39 लाख से बनने वाली इस सड़क के निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इसके साथ ही मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को भी सहूलियत हो जाएगी।



सड़क का नारियल तोड़कर शिलान्यास करते शहर विधायक।

पंजाबनगर शिव मंदिर का मार्ग काफी समय से जर्जर था। इस कारण मंदिर आने जाने वाले लोगों के साथ ही आसपास के ग्रामीणों को असुविधा होती थी। शुक्रवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना पंजाबनगर पहुंच गए, जहां उन्होंने मार्ग निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लंबे समय से लंबित इस मार्ग के निर्माण से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब लगभग 39 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह मार्ग मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री से तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य तय मानकों के अनुरूप कराया जाएगा और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

# तंबाकू सेवन करने वालों की करें काउंसलिंग : डॉ. दीपा

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के सभागार में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने कहा कि तंबाकू का सेवन करने वालों की काउंसलिंग कर उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करें। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने कहा कि तंबाकू सेवन से रोकने पर आप केवल एक व्यक्ति का जीवन नहीं बचाते बल्कि एक पूरे परिवार को बर्बाद होने से बचा लेते हैं। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अजमी ने तंबाकू छोड़ने के उपाय एवं संपूर्ण चिकित्सा के बारे में जानकारी दी। जनरल फिजीशियन डॉ. हबीब ने तंबाकू से होने वाले रोगों के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दें ताकि, वे तंबाकू की गिरफ्त से बाहर आ सकें। संचालन डॉ. शहजाद हसन खां ने किया।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष के परिजनों से मिले नकवी, शोक जताया



बिलासपुर में पूर्व पालिकाध्यक्ष के परिजनों के साथ मुख्तार अब्बास नकवी।

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी बिलासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्व प्रमोद जौहरी के आवास पर परिजनों से मिलकर शोक-संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि प्रमोद जौहरी एक ऐसी सामाजिक और सियासी शख्सियत थे। उन्होंने स्वर्गीय जौहरी की पत्नी रजनी जौहरी, पुत्र अभिषेक जौहरी और पुत्रियों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत औलख, जागेश्वर दयाल दीक्षित, महासिंह राजपूत, अनिल मदान, आलोक जौहरी, सतनाम सिंह आदि रहे।

# जिले में 14,312 दिव्यांगों को 1717.44 लाख रुपये मिली पेंशन

- 2025-26 में 77 कुष्ठावस्था दिव्यांगों को 7,08,000 रुपये वितरित किए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



प्रतिभा पाल।

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 14,312 दिव्यांगजन लाभार्थियों को कुल 1717.44 लाख रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया, जबकि 77 कुष्ठावस्था दिव्यांग लाभार्थियों को 7,08,000 रुपये की धनराशि वितरित की गई।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे वाले तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगों को 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है। कुष्ठावस्था पेंशन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे वाले एवं कुष्ठ रोग से मुक्त दिव्यांगजनों को 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 77 कुष्ठावस्था दिव्यांगजन लाभार्थियों को 7,08,000 रुपये धनराशि वितरित की गई। दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 14,312 दिव्यांगजन लाभार्थियों को कुल 1717.44 लाख रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया गया।

कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण अनुदान योजना के तहत 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों को सरकारी चिकित्सक की संस्तुति पर कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं।

वित्तीय वर्ष में 533 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया गया। दुकान संचालन (स्वरोजगार) योजना के तहत कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी योजना के तहत वित्तीय वर्ष में 1 लाभार्थी को इस योजना का लाभ मिला।

# विजयी छात्राओं को किया पुरस्कृत

- पीएम श्री राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर




छात्राओं को पुरस्कृत करतीं जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल।

**अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज में करियर गाइडेंस मेला व वार्षिक उत्सव पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्यातिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने खेलकूद, स्काउट गाइड, सड़क सुरक्षा, धूम्रपान निषेध, मिशन शक्ति भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मिस खुर्शीद नाफेया को घोषित किया गया।

मुख्य अतिथि शिव शंकर, डीवी गुप्ता और इमरान मियां ने दीप प्रज्वलित किया। छात्राओं द्वारा पंख पोर्टल डायरी, जादू का पिटारा, सेल्फी प्वाइंट व व्यावसायिक शिक्षा ब्यूटीशियन के द्वारा बनाए हुए कलाकृतियों का शानदार प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय में पूरे वर्ष हुए शैक्षिक गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। संपूर्ण कार्यक्रम की मिस खुर्शीद कक्षा 12 की नाफेया को घोषित किया गया, जो कि एक दिन की जिलाधिकारी रामपुर भी बनीं थीं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने नाफेया को पटका पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को करियर के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम में डॉ. संगीता गुप्ता, ममता रानी, सुनीता पाल, हेमलता वर्मा, बबीता कटियाल, सरल बलवीर, प्रतिभा श्रीवास्तव, इंदु वर्मा, रीता वर्मा, हुमा अनीस, आराधना गुप्ता, अनुराधा सक्सेना, शाजिया हमीद, सूफिया हामिद, अनुपम रस्तोगी, जीनत मेहनाज, कंबर, ज्योति, अनम नाजिया आदि उपस्थित रहे। संचालन संगीता गुप्ता ने किया।

# सभासद का जन्म प्रमाण पत्र हुआ बहाल

**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वाला नगर के कृष्णा विहार वार्ड नंबर आठ के सभासद अधिवक्ता विनोद कश्यप का जाति प्रमाण पत्र बहाल हो गया है।

शुक्रवार को उन्होंने बताया कि मंडल स्तरीय जाति सत्यापन समिति द्वारा उनका जाति प्रमाण पत्र वैध मानते हुए बहाल किया। जिला स्तरीय जाति जांच समिति रामपुर की ओर से पारित आदेश को मंडल स्तरीय जाति जांच समिति ने परीक्षणोपरांत निरस्त कर दिया है। मंडल समिति ने सभी अभिलेखों और प्रस्तुत साक्ष्यों के विधिक परीक्षण के के बाद यह निर्णय लिया है। मंडल स्तरीय समिति में मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, समाज कल्याण मुरादाबाद मंडल के उप निदेशक अजयवीर सिंह यादव, संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद मंडल जीवन प्रकाश व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने जांच के बाद आदेश दिए हैं।

# रामपुर में मेडिकल कॉलेज की बड़ी जरूरत

- मेडिकल कॉलेज स्थापना को लेकर व्यापारियों ने बैठक की

कार्यालय संवाददाता, रामपुर




मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर बैठक करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने तिलक नगर कॉलोनी कार्यालय पर शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर बैठक हुई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि लगभग पिछले 75 वर्षों से रामपुर के जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से इलाज के अभाव में हजारों लोग दम तोड़ चुके हैं।

उन्होंने बताया रामपुर की जनता पर जुल्म व अत्याचार है। चिकित्सालय में 100 बेड का मेडिकल कॉलेज शुरू होना बेहद जरूरी है। क्योंकि स्वास्थ्य की दृष्टि से इलाज न मिलने के अभाव में रोते हुए तड़पते हुए बेहाल होने को रामपुर की जनता मजबूर है। हजारों लोगों की अर्थव्यवस्था तबाह होने की वजह से इलाज न करवाने व धन के अभाव में जान चली जाती है। साथ ही जिले की अर्थव्यवस्था सुधारने और रामपुर शहर का विकास करने के लिए 100 बेड का मेडिकल कॉलेज रामपुर में शुरू होना चाहिए। मेडिकल कॉलेज ना होने से रामपुर के लोग बरेली, ऋषिकेश आदि जगह पर जाते हैं व उनका अधिक पैसा खर्च होता है। केवल रामपुर का चिकित्सालय रेफर केंद्र बनकर रह गया है। इससे व्यापारी समाज व आम जनता आक्रोशित है। रामपुर के जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की भारी कमी है। इसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, महिला डॉक्टर, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, दिल का डॉक्टर, जनरल फिजिशियन जिला अस्पताल में नहीं हैं। जिस कारण जिला चिकित्सालय में जरूरी बीमारियों का इलाज भी नहीं मिल पा रहा है। बैठक में जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अब्दुल वासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, मेराज हुसैन, बाबू खान, साजिद खान, गोपाल शर्मा, कमल वर्मा, शरीफ आलम, हरिओम सैनी, नजाकत हुसैन, पवन कुमार, शाहिद मामू, सरदार मंजीत सिंह सिंपल, दिलशाद हुसैन, साजिद खान, शादाब खान, शाहिद खुसरो, नासिर खान, राजू सुमन, यासीन आदि सैकड़ों की संख्या पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महाशिवरात्रि को लेकर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध

**रामपुर, अमृत विचार :** 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिले में 13 फरवरी से खनन वाहनों का पूर्ण रूप से आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। उपजिलाधिकारी टांडा ने अवगत कराया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगाधाम, ब्रजघाट और हरिद्वार से गंगाजल लाकर स्थानीय मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। इस दौरान प्रमुख मार्गों पर अत्यधिक भीड़-भाड़ रहने की संभावना है, जिससे अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस परिस्थितियों को देखते हुए थाना टांडा और स्वार क्षेत्र से गुजरने वाले खनिज से लदे भारी वाहनों के आवागमन को दिनांक 13 फरवरी से 15 फरवरी तक महाशिवरात्रि पर्व की समाप्ति तक तत्काल प्रभाव से पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है।

### महाशिवरात्रि पर सजे शिव-विवाह के रंग

**चंदौसी, अमृत विचार :** सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव-पार्वती विवाह का श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री गीता सत्संग महिला मंडल, युवा महिला मंडल और जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दो बच्चों ने शिव-पार्वती का स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया।

### विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

**सौंधन, अमृत विचार :** रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कनिष्ठ छात्रों ने वरिष्ठ विद्यार्थियों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे समारोह में रंगारंग छटा बिखर गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक ओमकार सिंह यादव, प्रधानाचार्य रामभरोसे राणा, अध्यक्ष होराम सिंह यादव तथा संरक्षक सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने कक्षा 12 के सभी छात्र-छात्राओं को आगामी बोर्ड परीक्षाओं और जीवन की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के अंत में विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मुकद्दस रमजान के करीब आते ही सजने लगीं मस्जिदें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान नजदीक आ गया है। जिसके चलते मस्जिदों में रंग-रोगन और साफ-सफाई कराई जा रही है। शहर की जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेटरी मुकर्रम रजा इनायती ने बताया कि रमजान उल मुबारक का चांद 29 शाबान को दिखाई देने पर गुरुवार को पहला रोजा हो सकता है। उन्होंने बताया कि रमजान उल मुबारक की आमद पर तमाम तैयारियां की जा रही हैं।

मुकद्दस रमजान की आमद से पहले शहर और गांवों की सभी मस्जिदों को सजाया-संवारा जा रहा है। मस्जिदों की रंगाई-पुताई कराई जा रही है। साथ ही मस्जिदों को रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमग किया जा रहा है। शहर की जामा मस्जिद को भी सजाने संवारने का काम हो रहा है। इसके अलावा नवाब गेट की मस्जिद में भी साफ-सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा शहर की मोती मस्जिद, कोयले वाली मस्जिद, शीशम वाली मस्जिद, तोपखाने वाली मस्जिद, लाल मस्जिद समेत शहर की 526 मस्जिदों में साफ-सफाई का काम हो रहा है।


मस्जिद में साफ-सफाई करता मजदूर।

## खुली नालियों में पल रहे मच्छर, शिकायत करने के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई, बीमारी फैलने की आशंका

# बागीचा गाजी मुजफ्फर की नाली बदहाल, टूटा स्लैब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के वार्ड नंबर 35 के मोहल्ला बागीचा गाजी मुजफ्फर की सड़क बदहाल है। नालियां टूटी हुई हैं और पटले वाली मस्जिद के निकट स्लैब टूटा हुआ है। खुली हुई नाली में मच्छर पनपने लगे हैं। मोहल्ले के लोग कई बार पालिका अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन, स्थिति जस की तस है।

खुली हुई नालियों में मच्छर पल रहे हैं, लोग कई बार पालिका अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नाले पर स्लैब टूटे हैं, जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। शाम ढले मच्छर लोगों के कानों पर भिनभिनाने लगते हैं। सुनवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। नाले और नालियों पर रखे स्लैब रखरखाव के अभाव में टूट गए हैं। नाले का स्लैब टूटा होने के कारण तेज रफ्तार बाइक सवार इसमें फंसकर गिरकर घायल हो जाते हैं। इसके अलावा नालों में पलने वाले मच्छरों से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। मौसम बदलते के साथ ही शाम ढले मच्छर कानों पर भिनभिनाने लगते हैं। वार्ड के लोगों ने नाली का निर्माण और स्लैब डलवाए जाने के लिए पालिका के अधिकारियों से कई बार शिकायत की है। अधिकारियों द्वारा लोगों को आश्वासन दे दिया गया लेकिन, नाले और नालियों पर टूटे स्लैब नहीं डलवाए गए हैं जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

- कई बार पालिका अधिकारियों से लोग कर चुके शिकायत


मोहल्ला गाजी मुजफ्फर में कोयले वाली मस्जिद के निकट टूटा स्लैब।


नाले के ऊपर स्लैब नहीं होने से इसमें गंदगी समा जाती है और नाली चोक हो जाता है। नाले पर स्लैब रखवाने के लिए कई बार नगर पालिका में शिकायत की जा चुकी है लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
– नादिर हुसैन


वार्ड 35 में नाले पर स्लैब टूटे होने से उनमें मच्छर पलते हैं। शाम मच्छर कानों पर भिनभिनाने लगते हैं। कई बार पालिका अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है लेकिन, स्थिति जस की तस है।
– मुस्लेमीन खां


कोयले वाली मस्जिद के निकट स्लैब टूटा होने से दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। इस कारण नाले में मच्छर पनप रहे हैं और शाम ढलते ही कानों पर भिनभिनाने लगते हैं।
– मुन्ने मियां


नाले पर रखा स्लैब टूटने से खतरा बना रहता है। कोई बच्चा टूटी नाली में गिर जाए तो वह घायल हो जाता है। गली के मोड़ पर ही बदहाल नाली को दुरुस्त कराने के लिए कई बार पालिका अधिकारियों से कहा जा चुका है।
– मोहम्मद लाल

# खेलों में चमरौआ बना ओवरऑल चैंपियन

## बमनपुरी स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बमनपुरी स्थित शहीद ए आजम स्टेडियम में शुक्रवार को एक दिवसीय पीएम श्री विद्यालय जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2025-26 आयोजित हुई। जिला स्तरीय खेलों में ओवरऑल चैंपियनशिप चमरौआ ब्लॉक के नाम रही। जबकि शाहबाद ब्लॉक उपविजेता रहा।

मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर फूल अर्पित किए। फिर सभी पीएम श्री विद्यालयों की मार्च पास्ट की सलामी उनके द्वारा ली गई। नगर विधायक ने 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर व गुब्बारे उड़ाकर व फीता काटकर खेलों का शुभारंभ किया। मार्च पास्ट में सबसे आगे कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर का बैंड चल रहा था। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री की पीएम श्री विद्यालयों के लिए इस तरह की योजना, खेलों को बढ़ावा देती है। बेसिक शिक्षा विभाग के 12 पीएम श्री विद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें चमरौआ स्थित पीएम श्री विद्यालय मुंडिया खेड़ा विजेता घोषित हुआ व उपविजेता शाहबाद रहा। प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में व्यक्तिगत चैंपियन उस्मान, प्रा. वि. निपनिया, ब्लॉक मिलक को प्राप्त हुई। प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग में व्यक्तिगत चैंपियनशिप संध्या, प्रा. वि. मुंडिया खेड़ा ब्लॉक चमरौआ को प्राप्त हुई। उच्च प्राथमिक स्तर पर व्यक्तिगत चैंपियनशिप बंटी बाबू, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडिया खेड़ा ब्लॉक चमरौआ को प्राप्त हुई। उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग में व्यक्तिगत चैंपियनशिप आरती, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडिया खेड़ा ब्लॉक चमरौआ को प्राप्त हुई। सामूहिक रूप से प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में शाहबाद चैंपियन रहा, जबकि प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग में स्वार चैंपियन रहा। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला व्यायाम शिक्षक सलीम मियां, जिला व्यायाम शिक्षिका अनीशा लतीफ, जिला समन्वयक अंकित सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, राहुल कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी पी एल निरंकारी, मदन लाल वर्मा, रवेंद्र गंगवार, उमेश सिंह, वीर सिंह, फजल अफाक, शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।



पीएम श्री विद्यालय जिला क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेता छात्र व अतिथि। ● अमृत विचार

### कबड्डी में इमरता और मझरा सींगनी ने मारी बाजी

**रामपुर, अमृत विचार :** सैदनगर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सक्सैना ने महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। ब्लाक की सभी न्याय पंचायतों में प्रथम विजेताओं ने प्रतिभाग किया। कबड्डी में इमरता प्रथम रही, जबकि प्राथमिक स्तर पर मझरा सींगनी प्रथम रही। एआरपी चंचल सिंह, प्रभात कुमार, राशि सक्सेना, हरीश कुमार, सभी संकुल शिक्षक, खेल अनुदेशक, जिला व्यायाम शिक्षिका अनीसा लतीफ, अवधेश मिश्रा, ब्लाक पीटीआई वीर सिंह, शाहीन बी, नीता रानी, सुभाष बाबू, शमा परवीन, अरुणा सागर, शगुन गुप्ता, अनिल कुमार, सुनील कुमार, धन सिंह, सचिन कुमार, शिवानी मलिक, शशि बाला, किरन भारद्वाज, अभिषेक शर्मा, शबनम आरा, इफ्तेखार जैदी, चिरंजीव कुमार गुड्डू, नाजिम अली, नसीम अहमद, भारत सिंह, जैबा यासीन आदि मौजूद रहे।


प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राएं व मौजूद शिक्षक।

# पंच परिवर्तन को अपने जीवन में उतारें : प्रमोद


मिलक नगर में विराट हिंदू सम्मेलन में बोलते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिलक

- मिलक में शुक्रवार को हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

**अमृत विचार :** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला प्रचारक प्रमोद जी के द्वारा संघ के 100 वर्षों के कार्यों पर प्रकाश डाला।

कहा कि आज संघ की स्वीकार्यता संघ के सामाजिक कार्यों की वजह से है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पंच परिवर्तन को अपने जीवन में उतरना होगा, तभी देश सशक्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. बृजेश यादव ने सनातन संस्कृति को अपने जीवन शैली में शामिल करने का आह्वान किया। भगवान राम के जीवन चरित्र को प्रेरणा लेने और उसे अपने जीवन में उतारने के लिए कहा समाज में समानता एकता का भाव रहना चाहिए। डॉ. आयुषी राणा ने कहा कि समाज में पहले कुरीतियों असमानता मिटाने पर चर्चा की तथा सशक्त भारत बनने पर सभी को एग्जिट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. विकास शुक्ला ने की। संचालन आनंदपाल सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रेम शंकर पांडे, मनोज पांडे, नरेंद्र सिंह गंगवार, दीक्षा गंगवार, अर्चना गंगवार, सुरेश चंद्र गंगवार, कमल शर्मा, राम अवतार पांडे, राम भरोसे लाल गंगवार, नवीन कुमार शर्मा, कौशिक शर्मा, प्रीतम प्रसाद, ऋषि कुमार पांडे, डॉक्टर राजकुमार माहेश्वरी, कमलेश गंगवार, शिवानी पांडे, हरिओम अग्रवाल, अजय शर्मा, अमृत गौड़, वैभव गुप्ता, प्रदीप जाटव, मुकेश पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# वैलेंटाइन-डे : बाजारों में रही रौनक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के सभी बाजारों में वैलेंटाइन-डे की पूर्व संध्या पर खासी रौनक रही। दुकानदारों ने दुकानों पर चॉकलेट समेत तरह-तरह के टेडीबेअर भी सजाए । उपहार और फूल खरीदने में युवाओं को विशेष उत्साह रहा। कई तो सरप्राइज देने के लिए ऐसे उपहार खरीद रहे थे, जिसकी उनके साथी को कल्पना भी न हो।

वैलेंटाइन-डे की पूर्व संध्या पर बाजारों ने भी युवाओं की मांग को देखते हुए पूरी तैयारी कर रखी थी। वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर युवाओं ने गुलाब, बुके और गिफ्ट खरीदकर रख लिए क्योंकि 14 फरवरी को बाजार खुलने का इंतजार कौन करेगा। मिस्टन गंज के व्यापारी मनोज कुमार ने बताया कि इस बार फलों के साथ ही कृत्रिम फूलों की भी खूब मांग रही। गुलाब के फूल की कीमत 25 से 30 रुपये, कृत्रिम गुलाब 50 रुपये का है। उपहार की दुकान पर काफी मग, एलईडी फोटो फ्रेम, परफ्यूम, चाकलेट बकेट, कार्ड आदि की अधिक मांग रही। वैलेंटाइन वीक को युवा वर्ग से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन बदलते दौर में अब हर वर्ग के लोग प्रेम के इस पर्व को मनाने लगे हैं। जहां बच्चे भी अपने माता-पिता को विशेष गिफ्ट देकर अपने प्यार और सम्मान का इजहार करना चाहते हैं। वहीं, बुजुर्ग अपने जीवन साथी को कोई सप्रेम भेंट देना चाहते हैं ऐसे में तमाम लोगों द्वारा बाजार में गिफ्ट खरीदे गए। वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर मौसम भी सुबह से खुशनुमा हो गया और लोगों ने धूप का खूब आनंद लिया।


वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर गुलदस्ता खरीदती युवती। ● अमृत विचार

- एलईडी फोटो फ्रेम, परफ्यूम चाकलेट बकेट, कार्ड की रही मांग

# डायट में कला उत्सव और नवाचार महोत्सव आरंभ

**रामपुर, अमृत विचार:** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उप्र लखनऊ तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर द्वारा रंगोली मंडप में दो दिवसीय कला उत्सव और नवाचार महोत्सव का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ।

आरंभ संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद मनोज कुमार द्विवेदी ने किया। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा निर्मित कलाकृतियों और टीएलएम की सराहना की। डायट के प्रशिक्षुओं, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा सुंदर कलाकृतियों व टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विशेषकर नृत्य प्रस्तुति दी गईं। उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत पीटी प्रदर्शन भी प्रशंसनीय रहा। डायट प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक अशोक कुमार ने प्रथम दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम आयोजक तृप्ति चंद्रा एवं समन्वयक डॉ. लता गंगवार प्रवक्ता, डायट द्वारा प्रथम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान डायट प्रवक्ता बृजराज किशोर, राजीव सिंह, राजेश कुमार, अनूप कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, जैन इंटर कॉलेज के शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### कारागार में कुष्ठ रोग को लेकर किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के तहत जिला कारागार रामपुर में शुक्रवार को बंदियों को चिकित्सीय टीम ने जागरूक किया। कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों से भेदभाव न करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के तहत गठित टीम में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. राजीव कुमार वर्मा, जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. मो. शमशाद व प्रेम किशोर पैरामेडिकल वर्कर ने कुष्ठ रोग से बचाव के लिए बंदियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर सुनील कुमार सिंह, डिप्टी जेलर रुचि, सुनील शुक्ला, कार्तिकेय दुबे व रणवीर सिंह मौजूद रहे।





### एक रुपये के पर्चे से हो रही डायलिसिस : सीएमओ

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट के 7 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह और मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने केक काटा। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट खुलने से मरीजों को राहत मिली है। इससे पहले मरीजों को मुरादाबाद और बरेली डायलिसिस के लिए जाना पड़ता था लेकिन, अब महज 1 रुपये में उनकी डायलिसिस जिला अस्पताल में हो रही है। डायलिसिस यूनिट इंचार्ज प्रियंका ने सीएमओ और सीएमएस को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर अश्वनी कुमार, पंकज गंगवार, इलमा, गुलवेज, फरमान, शब्बू, शिवांश आदि मौजूद रहे।



### कार में लगाई आग, दी तहरीर

**डिडौली, अमृत विचार :** युवक ने अज्ञात लोगों पर बोलेरो कार में आग लगाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा डिडौली निवासी देवराज सिंह पुत्र स्व होराम सिंह ने अपनी बोलेरो घर की बैठक में खडी कर रखी थी। अज्ञात लोगों ने कार में रात्रि में आग लगा दी। देवराज सिंह ने समरसेबिल चलाकर आग पर काबू पाया। परंतु कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई थी। कोतवाली डिडौली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आग के लगने की जांच कर रही है।

### महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता कार्यक्रम हुआ। कालेज प्राचार्य डॉ. सुनीता ने कहा कि सड़क पर चलते समय नियमों का पालन करना चाहिए। छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों को भी सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों से परिचित होना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। क्योंकि सड़क पर दिनों-दिन आबादी बढ़ती जा रही है इसलिए देखभाल कर चलें। उर्दू विभाग की अध्यक्ष डॉ. रजिया परवीन ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की सही जानकारी से ही हम सुरक्षित रह सकते हैं। हमें वाहन चलाते समय मोबाइल एवं मदिरा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। डॉ. इफ्तिखार अहमद कादरी, डॉ. सोनू पुरी ने सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय की छात्राओं ने भी अपने भाषण में सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में रुचि, जेबा और अलीशा ने भी विचार व्यक्त किए।



# यही ख्वाहिशें थीं मां की चलूं मैं संभल-संभलकर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** युवा कवि राजवीर सिंह राज की मां उप्र राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य जगदेवी सागर की प्रथम पुण्यतिथि पर जगदेवी सागर स्मृति सम्मान समिति द्वारा आवास विकास कालोनी गंगापुर आवास पर शांति एवं परित्राण पाठ हुआ। कवियों ने नारी शक्ति व महिला सशक्तिकरण पर समर्पित रचनाओं को पेश किया।

नारी शक्ति, मां, बहन, बेटी आदि से जुड़ी एक से बढ़कर एक काव्य प्रस्तुति दी गईं। प्रदीप राजपूत माहिर ने अपने इस शेर के माध्यम से काव्यांजलि अर्पित की कभी मुश्किलों से लड़कर कभी रास्ते बदलकर, यही ख्वाहिशें थीं मां की चलूं मैं संभल संभलकर। गजलकार ओंकार सिंह विवेक ने अपने इस मार्मिक मुक्तक के माध्यम से सभी का ध्यान का खींचा। कहा कि प्यार करो तुम अविरल सबसे प्यार करो, शुभ आशीषों की अपने बौछार करो। उच्च लोक में बैठी माता जगदेवी, हम कवियों की काव्यांजलि स्वीकार करो। डॉ. प्रीति अग्रवाल ने मां की ममता को वरदान बताया। कहा कि माता ममता से भरी, माता है वरदान, माता से हमको मिले, खुशियां अरु सम्मान। वरिष्ठ कवि शिवकुमार चंदन ने कहा कि नील गगन में कभी पूर्णिमा कभी अमावस आती है, सूरज को भी घनी बदरिया कभी कभी ढक जाती हैं। जितेनंद्र कमल आनंद ने मां के प्रति अपने उद्गार कुछ यों व्यक्त किए कि मां तो मां, मां ही होती है बच्चों का कलमष धोती है। इनके अतिरिक्त जसप्रीत कौर जस्सी, पूनम दीक्षित, सचिन सिंह सार्थक, सुधाकर सिंह परिहार, अशफाक जैदी, जावेद रहीम, सोहनलाल भारती, पतराम सिंह, रामकिशोर वर्मा ने भी काव्य पाठ किया। संस्था के अध्यक्ष बांके लाल सागर समेत संस्था की पदाधिकारी आशा सिंह, सुमित्रा नंदिनी, सीमा रानी, पिंकी सिंह एवं सीमा नीरज सिंह ने कवियों को स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया। संस्था के सचिव राजवीर सिंह राज ने सभी का आभार जताया। अध्यक्षता जितेंद्र कमल आनंद ने की जबकि संचालन प्रदीप राजपूत माहिर ने किया। समाजसेवी गणेश सिंह, नरेंद्र सिंह, जागन सिंह व इंजीनियर मणिकांत सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।



आवास विकास कॉलोनी गंगापुर आवास पर शांति एवं परित्राण पाठ में शामिल कवि। ● अमृत विचार


- राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य जगदेवी सागर की प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम

# कांग्रेसियों ने निकाली मनरेगा बचाओ यात्रा

**रामपुर, अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने शुक्रवार को ग्राम नानकार से काशीपुर तक मनरेगा बचाओ यात्रा निकाली। मनरेगा बचाओ यात्रा जमील मियां के आवास शुरू होकर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आरिफ अल्वी के आवास पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि कांग्रेस मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। कांग्रेसी ग्राम नानकर में एकत्र हुए इसके बाद नारेबाजी करते हुए मनरेगा बचाओ यात्रा निकाली। जिला उपाध्यक्ष जमील मियां, साहिर रजा खान, नोमान मुमताज खान, शकील मंसूरी, बाकर अली खां, यासिर शाह खान, मोहम्मद जकी, आसिफ खां, भूरा, जाहिद अली, हाजी वाहिद, फिरोज मुरारी, हेतराम, नन्द राम, सेवा राम, सिराज अहमद, हाजी शादाब, रशीद, सलीम अहमद, देवा पंडित आदि शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डिवाइडर व सड़क चौड़ीकरण की मांग



**अमरोहा,अमृत विचार :** विधानसभा में अमरोहा सदर से विधायक व लोक लेखा समिति उत्तर प्रदेश के सभापति महबूब अली ने शुक्रवार को अमरोहा नगर के सबसे व्यस्त मार्ग गांधी मूर्ति से टीपी नगर चौराहा होते हुए अतरासी चौराहे तक मार्ग का डिवाइडर सहित चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया। महबूब ने कहा कि इस मार्ग के चौड़ीकरण से जाम की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहर में सबसे व्यस्ततम चौराहा टीपी नगर पर ज्यादातर जाम लगा रहता है। बिजनौर जाने वाले लोगों को जाम में कई कई घंटे रहना पड़ता है। महबूब अली को लोक निर्माण विभाग के मंत्री ने आश्वस्त किया कि जल्द ही डिवाइडर सहित चौड़ीकरण कराया जाएगा।

### कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस का रूट मार्च

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना सैदनगली क्षेत्र में महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक सैदनगली विकास कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ कस्बा सैदनगली में रूट मार्च/पैदल गश्त की गई। इस दौरान मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटवाया गया। तथा संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जिससे आमजन में सुरक्षा का विश्वास बना रहे एवं कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिजनौर , अमृत विचार :** बृहस्पतिवार देर रात मुरादाबाद मार्ग पर गांव सुल्तानपुर के निकट सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की जान चली गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। अमन पुत्र गफ्फार निवासी मोहल्ला पटवारीयान अपने साथी उवैस पुत्र रिहान के साथ कांठ से स्योहारा लौट रहा था। पीछे से आए वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। उवैस का उपचार जारी है और उसे खतरे से बाहर बताया गया है।

# हर-हर महादेव की गूंज, केसरिया हो गया अमरोहा-बिजनौर मार्ग

## प्रशासन और पुलिस जल लेकर आ रहे कांवडियों की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद, जगह-जगह लगाए गए सेवा शिविर

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों के जत्थे शुक्रवार को नगर से होकर गुजरे। कांवड़ियों के आवागमन के चलते नगर का वातावरण भी भक्तिमय हो गया। उधर अमरोहा -बिजनौर मार्ग पर कांवड़ियों की सेवा के लिए विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर भी लगाए गए जिसमें कांवड़ियों ने रूककर जलपान किया।

15 फरवरी को महाशिवरात्रि को लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करने को शिव भक्त हरिद्वार से जल भरकर ला रहे हैं। अमरोहा-बिजनौर से बड़ी संख्या में कांवड़ियों का जत्था अपने गंतव्य की ओर रवाना हुआ। बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। भगवा वस्त्र धारण किए श्रद्धालु अनुशासित पंक्तियों में कांवर लेकर आगे बढ़ते दिखे। यात्रा के दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस सुरक्षा व व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद रहे। शुक्रवार को अमरोहा-बिजनौर मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या पिछले दिनों की अपेक्षा काफी ज्यादा रही। शिवभक्तों का स्वागत और सेवा करने के लिए नगर के साथ साथ धनौरा रोड पर कई स्थानों पर सेवा शिविर लगाए गए है। जहां पर कांवड़िए विश्राम करके अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को अलीगढ़, संभल आदि दूर दूर के रहने वाले जत्थे पास हुए। स्थानीय एवं क्षेत्रीय शिवभक्तों की संख्या आज शनिवार को भी ज्यादा बढ़ जाएगी। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या के चलते पुलिस ने मार्ग पर भारी वाहनों को बदले हुए मार्ग से चलाया गया तो वहीं कारों आदि को भी बायपास से पास किया गया।



अमरोहा शहर से गुजरते कांवड़िए। ● अमृत विचार



टीपी नगर चौराहे से गुजरते शिवभक्त। ● अमृत विचार



हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौट रहे कांवड़िया। ● अमृत विचार

### बिजनौर मार्ग पर कई जगह लगे सेवा शिविर

शिवभक्तों को जलपान के लिए शहर में शिविर लगाए गए है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर लौट रहे हैं। इसको लेकर अमरोहा बिजनौर मार्ग पर गांव रजाकपु, पीलाकुंड बादशाहपुर, लकड़ा चौराहा, टीपी नगर, बंबूगढ़ चौराहे पर सेवा शिविर लगाए गए है।यहां से गुजर रहे कांवड़ियों को फल, पानी और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

### सड़कों पर गूंज रहे बम-बम भोले के जयकारे

गजरौला, अमृत विचार : हरिद्वार से कांवड़ में गंगा जल भरकर कांवड़ियों का रेला वापस लौट रहा है। पुलिस-प्रशासन ने नेशनल हाईवे के अलावा मंडी धनौरा मार्ग पर सुरक्षा बढ़ा दी है। शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस ने सख्ती बरती। भारी वाहनों को सड़क पर जाने से रोक दिया। हल्के वाहनों को भी दूसरे रास्तों पर डायवर्ट कर दिया। रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व है। शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ में गंगा जल भरकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। जिसे लेकर तैयारियां चल रही है। बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़िए भी हरिद्वार से कांवड़ में गंगा जल भरकर लौट रहे हैं। पुलिस ने क्षेत्र में नेशनल हाईवे व मंडी धनौरा मार्ग पर सुरक्षा बढ़ा दी है। भारी वाहनों को रोकने के साथ ही छोटे वाहनों का भी रूट डायवर्ट कर दिया गया है। नेशनल हाईवे ट्रैफिक वन-वे चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार बताया की सड़कों पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए लगातार गश्त कर रहे हैं। कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

### स्टेट हाईवे पर कांवड़िया कर रहे हर-हर महादेव

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शुक्रवार की सुबह से हरिद्वार से गंगा जल भरकर कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला तेज हो गया। तड़के से ही सड़कों पर शिवभक्तों की टोलियां दिखाई देने लगीं और बम-बम भोले के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कांवड़ यात्रा अपने चरम की ओर बढ़ रही है। बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे पर जगह-जगह लगाए गए शिविरों में कांवड़ियों ने विश्राम किया। स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जलपान, प्राथमिक उपचार और ठहराव की समुचित व्यवस्था की गई। थोड़ी देर विश्राम के बाद कांवड़िए पुनः अपनी-अपनी मंजिल की ओर प्रस्थान करते नजर आए। धनौरा से होकर खुर्जा, बुलंदशहर, अलीगढ़ और बदायूं जिलों के कांवड़िए गुजरते नजर आए। मार्ग पर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई, ताकि यातायात सुचारु बना रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार ने स्वयं कांवड़ रूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# फर्जी कॉल से दमकल विभाग में मची अफरा-तफरी

**संवाददाता, मंडी धनौरा**

● **कांवड़ यात्रा के बीच शेरपुर में आग की सूचना दी**

**अमृत विचार:** कांवड़ यात्रा के मद्देनज़र क्षेत्र में पहले से ही पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है, लेकिन कुछ लोग गैर-जिम्मेदाराना हरकतों से बाज नहीं आ रहे।

शुक्रवार सुबह एक युवक ने शराब के नशे में फायर ब्रिगेड को फोन कर शेरपुर गांव में आग लगने की झूठी सूचना दे दी। इस फर्जी कॉल से दमकल विभाग में हड़कंप मच गया और गजरौला से धनौरा तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां दौड़ पड़ीं। कांवड़ यात्रा के चलते सड़कों पर भारी भीड़ और ट्रैफिक था, ऐसे में दमकल वाहनों को रास्ता बनाने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। जब टीम शेरपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची और आसपास का निरीक्षण किया, तो पाया गया कि गांव में स्थिति पूरी तरह सामान्य है। कहीं भी आग या धुएं का कोई निशान नहीं था। जांच के दौरान सामने आया कि शराब के नशे में एक युवक ने आपातकालीन नंबर पर कॉल कर दी थी। पुलिस ने बताया कि कॉल करने वाले युवक की पहचान मोबाइल नंबर के आधार पर की जा रही है। जल्द ही आरोपी को चिन्हित कर उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दमकल विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि आपातकालीन नंबरों का उपयोग पूरी जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके और व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

# किसान के घेर से भैंस और 10 बकरे-बकरियां चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना सैदनगली क्षेत्र के कस्बा उझारी में चोरों के हौसले बुलंद हैं। तरारा रोड निवासी मोहम्मद सैफ पुत्र अब्दुल वहीद के घेर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने पशु चोरी कर लिए।

यह घटना गुरुवार की रात करीब 2:30 बजे की है। चोरों ने गेट का ताला काटकर अंदर बंधी एक भैंस, 6 बकरे और 4 बकरियां चोरी कर लीं। घटना का पता शुक्रवार सुबह 7 बजे चला जब पीड़ित किसान मौके पर पहुँचा। काफी खोजबीन के बाद भी पशुओं का कोई सुराग नहीं लगा। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

# बुर्का पहने कंधे पर कांवड़ रखे उत्साह में डूबी तमन्ना

**कार्यालय संवाददाता,संभल/असमोली**

● **हरिद्वार से कांवड़ लेकर चली तमन्ना तो वीडियो हुआ वायरल**

● **शिवालय में जलाभिषेक करेगी तमन्ना उर्फ तुलसी**

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर लाखों कांवड़ियों के बीच बुर्का पहनकर कंधे पर कांवड़ रखकर भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए कांवड़ियों के जत्थे के साथ चली महिला की चर्चा हर तरफ है। वीडियो वायरल हुए तो कोई इसे एआई से बना वीडियो बताने लगा तो कोई कुछ और कहता दिखा। पता लगा कि यह महिला संभल के गांव की तमन्ना है जिसने चार साल पहले अमन त्यागी से शादी कर हिंदू धर्म अपना लिया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव बदनपुर बसई निवासी तमन्ना का चार वर्ष पूर्व गांव के ही हिंदू युवक अमन त्यागी से प्रेम प्रसंग हुआ था। बाद में परिवार की सहमति से दोनों ने विवाह कर लिया। अमन त्यागी से शादी के बाद तमन्ना को तुलसी नाम दिया गया। दंपति के दो बच्चे हैं। तमन्ना उर्फ तुलसी त्यागी इन दिनों सोशल मीडिया पर खास चर्चा का विषय बनी हुई हैं। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हरिद्वार से कांवड़ लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने की उनकी यात्रा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। अमन का कहना है कि तुलसी ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए व्रत-पूजन कर भगवान शिव की आराधना की।



कांवड़ लेकर आती तमन्ना। ● अमृत विचार

### तमन्ना का किया गया स्वागत

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात में तमन्ना व उसके साथ चल रहे शिवभक्तों का लोगों ने स्वागत किया। संभल की रहने वाली तमन्ना हरिद्वार से जत्थे के साथ पवित्र गंगाजल लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के संकल्प के साथ कांवड़ यात्रा कर रही हैं। तमन्ना का काफिला नौगांवा सादात क्षेत्र में पहुंचा, वहां मौजूद लोगों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। तमन्ना की यह यात्रा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग इसे धार्मिक सद्भाव, आस्था और सामाजिक एकता की मिसाल के रूप में देख रहे हैं।

## न्यूज डायरी



### नगर पालिका कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**हसनपुर, अमृत विचार :** डीएम ने शुक्रवार को नगर पालिका में सभी पटलों पर पत्रावलियों को देखा। संपत्ति कर,जन्म प्रमाणपत्र एवं निर्माण विभाग में निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी द्वारा कर विभाग, निर्माण विभाग, जन्म मृत्यू विभाग, जल कर विभाग सहित सरकारी योजनाओं को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी द्वारा कर्मचारियों को कर वसूली करने में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर जिला अधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभागार कक्ष का लोकार्पण भी किया। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, दिनेश बाबू, करनसिंह, रितेश कुमार, मोहम्मद अहमद, मनी कुमार सहित स्टाफ मौजूद रहा।



### एएसपी व सीओ ने किया कांवड़ियों का अभिनंदन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों के स्वागत हेतु विशेष व्यवस्था की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार एवं पुलिस बल के साथ कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को फल वितरित कर सेवा भावना का संदेश भी दिया गया। पुष्प वर्षा और सम्मानपूर्ण स्वागत से अभिभूत कांवड़ियों ने प्रशासन के इस स्नेहपूर्ण व्यवहार की सराहना की।अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस बल को सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। मार्गों की निगरानी, यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

### कांवड़ मार्ग पर पिंजरे में गुलदार कैद

बिजनौर, अमृत विचार : हरिद्वार से लौट रहे कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर लगाए गए पिंजरे में आखिरकार गुलदार कैद हो गया। नांगल सोती थाना क्षेत्र के गांव रायपुर खास उर्फ कोट सराय में नहर पटरी किनारे यह घटना सामने आई, जिसके बाद इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई। बताया गया कि बीते दिनों इस मार्ग पर गुलदार की मौजूदगी की सूचना मिल रही थी। चूंकि इसी नहर मार्ग से बड़ी संख्या में कांवड़िए गुजरते हैं, इसलिए वन विभाग ने एहतियातन पिंजरा लगाया था। शुक्रवार तड़के गुलदार पिंजरे में फंस गया। वन विभाग की टीम पहुंची और आवश्यक सुरक्षा इंतजामों के बीच पिंजरे को अपने कब्जे में लेकर ले गई।

### बाजारों में ई-रिक्शा और भारी वाहनों पर बैन

**हसनपुर, अमृत विचार :** आगामी महाशिवरात्रि पर्व और बाजारों में लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए ई-रिक्शा सहित बड़े वाहनों की एंट्री नगर में बंद कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि बाजारों में दिन के समय ई- रिक्शा वह भारी वाहन प्रवेश करते मिले तो चालान काटने की भी चेतावनी दी गई है। इसको लेकर नगर के चौराहों पर जैसे पुरानी घास मंडी, बर्मा मार्केट,इंदिरा चौक, जनकपुरी, अंबेडकर पार्क, पुरानी जामा मस्जिद, रहरा अड्डा, आदि स्थानों पर बैरिकेडिंग व बैनर भी लगवाए गए हैं। बाजारों में भीड़ के मद्देनजर प्रत्येक चौराहे पर पुलिस पिकेट भी तैनात की गई है। बाजारों में ई रिक्शा सहित बड़े वाहनों से जाम की समस्या बनी रहती है। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर आने वाले शिव भक्तों की सुरक्षा के मद्देनजर ई-रिक्शा एवं भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया।

### तहसील बार एसोसिएशन ने ज्ञापन डीएम को सौंपा

**हसनपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान तहसील बार एसोसिएशन ने जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने मांग की चेतन चौहान मार्ग पर यातायात अधिक है। सड़क पार करते समय दुर्घटना होने का डर बना रहता है। इसी के साथ अधिवक्ताओं द्वारा दो पहिया वाहनों के लिए स्टैंड बनवाया जाए। तहसील परिसर में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसी के साथ अधिवक्ताओं द्वारा उप निबंधन कार्यालय को तहसील परिसर में ही स्थापित करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह,महासचिव बृज किशोर, ऋषि पाल चौहान, चरन सिंह,महबूब आलम,हितेश त्यागी,मनोज कुमार सक्सेना, समरपाल सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# चार अस्पतालों की ओटी सील, मांगा जवाब

**संवाददाता मंडी, धनौरा**

● **स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी से मची खलबली**

**अमृत विचार :** क्षेत्र में बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे अवैध अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नोडल अधिकारी विशाल त्रिवेदी के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर चार अस्पतालों में संचालित अवैध ऑपरेशन थिएटरों को सील कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाईपास रोड स्थित लाइफ लाइन हेल्थ केयर सेंटर में निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाईं गईं। जांच के समय यहां दो सर्जरी के मरीज भर्ती मिले। एक महिला की बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था, जबकि दूसरी महिला का ऑपरेशन के जरिए प्रसव कराया गया था। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि यह अस्पताल बिना किसी वैध पंजीकरण के संचालित हो रहा था और यहां नियमित रूप से ऑपरेशन किए जा रहे थे। टीम ने आगे कार्रवाई करते हुए कुआं खेड़ा स्थित दुआ नर्सिंग होम, धनौरा कोहिनूर अस्पताल, ग्रीन हॉस्पिटल और लाइफ लाइन हेल्थ केयर सेंटर में बने ऑपरेशन थिएटरों को सील कर दिया। जांच में पाया गया कि इन सभी अस्पतालों का स्वास्थ्य विभाग में कोई पंजीकरण नहीं है और ये पूरी तरह अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेंद्र सिंह नोडल ने बताया कि मरीजों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं।



ओटी सील करते नोडल अधिकारी।

# हरिद्वार में छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**संवाददाता, हसनपुर**

● **कांवड़ियों के जत्थे भिड़े, कई लोगों को आई चोट**

**अमृत विचार :** हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे शिव भक्तों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर गजरौला मार्ग पर डाक-बंगला के सामने जमकर मारपीट हुई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और तमाशबीनों की भारी भीड़ जमा हो गई।

बताया जा रहा है कि जिला बुलंदशहर के एक गांव के शिव भक्त बुधवार को हरिद्वार से जल लेने गए थे। वहां हर की पौड़ी पर एक शिव भक्त ने साथी जत्थे की महिला से छेड़छाड़ कर दी थी, जिसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। शुक्रवार दोपहर जैसे ही कांवड़ियों का जत्था गजरौला मार्ग के डाक बंगले और बिजली घर के पास पहुंचा, तो दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। सड़क पर हुई इस मारपीट में एक शिव भक्त घायल हो गया। हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कराया। काफी देर तक चले हंगामे के बाद दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। फिलहाल किसी भी पक्ष ने कानूनी कार्रवाई के लिए तहरीर नहीं दी है।

# ट्रैक्टर ट्राली में घुसा बाइक सवार गंभीर घायल

**डिडौली, अमृत विचार :** बाइक सवार युवक ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से घुस गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

कोतवाली डिडौली क्षेत्र के नेशनल हाईवे की है। गुरुवार की रात की बाइक सवार नौगावा थाना क्षेत्र के गांव अव्वलपुर निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र लाल सिंह बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद से अपने घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार डिडौली कस्बे के एन एच 9 पर पहुचा तो बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कोतवाली डिडौली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एमवोलेश की सहायता से जोया के सीएचसी में भर्ती करवाया। जितेन्द्र की गम्भीर हालत को देखते हुए डाकटरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिश वर्धन सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार जितेन्द्र सिंह घायल हुआ है।

# मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञों की निगरानी में होगा पोस्टमार्टम

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

● **पोस्टमार्टम प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर इससे मुक्त**

**अमृत विचार :** प्रदेश में पोस्टमार्टम (शव-विच्छेदन) प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाने के लिए राज्य सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब पोस्टमार्टम मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञों द्वारा कराए जाएंगे। दिशा निर्देश के बाद सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर शव विच्छेदन प्रक्रिया से मुक्त कर दिए गए हैं।

लखनऊ समेत प्रदेश के सभी सरकारी, स्वायत्तशासी और निजी मेडिकल कॉलेजों में फोरेंसिक विभाग के चिकित्सकों को निर्धारित शर्तों के तहत पोस्टमार्टम प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। यूपी शरीर रचना परीक्षण अधिनियम-1956 के तहत लावारिस शवों का पोस्टमार्टम निजी मेडिकल कॉलेजों में होगा। लेकिन, अपराध या मेडिकल बोर्ड से जुड़े मामलों को निजी संस्थानों को नहीं सौंपा जाएगा। राज्य सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से पोस्टमार्टम प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और विधिसम्मत है। नए निर्देशों के मुताबिक पूरी प्रक्रिया यूपी मेडिकल मैनुअल और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी। रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी सीएमओ और संबंधित संस्थान के फोरेंसिक विभागाध्यक्ष की होगी। निजी मेडिकल कॉलेजों में पोस्टमार्टम शुरू करने से पहले उच्च स्तरीय समिति का निरीक्षण अनिवार्य रहेगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी, जो थानों के आवंटन और निगरानी की जिम्मेदारी संभालेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरिया खुर्द विकास खण्ड बिलासपुर जनपद रामपुर**

पत्रांक : मीमो/प्रा.पं. सामग्री आपूर्ति/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक : 13.02.2026

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेता/कृषकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खजुरिया खुर्द विकास खण्ड बिलासपुर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार शासकीय मदों के अंतर्गत अस्थाई गौ आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण में भूसा/साईलेज उपलब्ध कराया जाना है। प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 16.02.2026 से 23.02.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनांक 28.02.26 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जीएसटी पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें फर्म/कृषक की दरों के अनुरूप होना चाहिए। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुसार नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | भूसा | प्रति कुन्तल | |
| 2. | चोकर/दाना | प्रति कुन्तल | |
| 3. | साइलेज | प्रति कुन्तल | |

नोट : यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।

**श्रीमती रेखा-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत खजुरिया खुर्द**
**विकास खण्ड बिलासपुर (रामपुर)**

**आयुषी चौधरी-ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत खजुरिया खुर्द**
**विकास खण्ड बिलासपुर (रामपुर)**

## न्यूज ब्रीफ

### बाइकों की भिड़ंत में दो बच्चों सहित पांच लोग घायल

**बबराला, अमृत विचार :** , ईशमपुर डांडा निवासी गोविंद शुक्रवार को रजपुरा से वापस अपने गांव लौट रहा था। दोपहर करीब एक बजे आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर गांव इटऊआ के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार हारुन, उसकी पत्नी, डेढ़ वर्षीय पुत्री जया, डेढ़ माह का पुत्र मोहम्मद कैफ और दूसरी बाइक सवार गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया गया, जहां हारुन और गोविंद की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ में आरोपी को तीन वर्ष की सजा

**चंदौसी, अमृत विचार :** पॉक्सो एक्ट न्यायालय, संभल स्थित चन्दौसी ने थाना कैलादेवी क्षेत्र के ग्राम इकौना निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र रणवीर को नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में दोषी ठहराया है। प्रकरण वर्ष 2022 का है, जिसमें पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी घर में घुसकर बालिका से अभद्र हरकत कर फरार हो गया। मामले की सुनवाई के दौरान साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को धारा 452 भादवि के तहत तीन वर्ष का कारावास व जुर्माना तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 8 में भी तीन वर्ष की सजा सुनाई। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

### मामूली विवाद में बहनों के साथ मारपीट

**बबराला, अमृत विचार :** गांव जिजौंड़ा डांडा निवासी रामबाबू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 फरवरी की शाम करीब 6 बजे उसकी बेटियां जोगा और पिंकी खेत से बेलगाड़ी लेकर घर लौट रही थीं। घर के सामने रास्ते में संजय और अनिल खड़े थे। बेटियों ने सड़क से हटने को कहा तो दोनों ने उन्हें बैलगाड़ी से खींचकर जमीन पर गिराकर मार-पीट शुरू कर दी। दोनों बहनें अपने घर की ओर भागीं, तो पीछा करते हुए आरोपी घर में दाखिल हो गए और वहां भी मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। रामबाबू का आरोप है कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### हिंदू सम्मेलन में फिल्म निर्माता अमित जानी ने विरोध करने वालों को लगाई कड़ी फटकार

## चोर की दाढ़ी में तिनका नहीं तो क्यों मचा है पोस्टर पर बवाल

कार्यालय संवाददाता, संभल

- पहले पोस्टर में नजर आया था अब्बाजान और भाईजान का किरदार

**अमृत विचार:** संभल में हुए 1978 के साम्प्रदायिक दंगे और 24 नवंबर 2024 की हिंसा पर आधारित फिल्म 'कल्कि संभल' के दो पोस्टर रिलीज होने के बाद फिल्म को लेकर मचे बवाल और संभल में शूटिंग की इजाजत न दिये जाने की मांग के बीच फिल्म के निर्माता अमित जानी ने कहा कि चोर की दाढ़ी में तिनका नहीं है तो फिर पोस्टर रिलीज होते ही फिल्म के खिलाफ आवाजें क्यों उठने लगीं। अभी तो कई और कैरेक्टर सामने आने बाकी हैं।

बहजोई के निकट रम्पुरा गांव में हिंदू सम्मेलन में अमित जानी ने कहा कि कल्कि संभल फिल्म की न तो शूटिंग शुरू हुई है और न ही टीजर जारी हुआ है, केवल दो कैरेक्टर रिलीज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह नहीं बताया कि भाईजान और अब्बाजान कौन हैं, लेकिन विरोध करने वालों को समझ आ गया कि ये किरदार कौन हैं। फिल्म से सच सामने आ रहा है तो जाहिर बात है कि विरोध करने वाले भी वही हैं जिनकी संभल में घटी दोनों घटनाओं में



रम्पुरा गांव में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते अमित जानी। • अमृत विचार

भूमिका रही है। उन्होंने फिल्म की शूटिंग रोकने की धमकियों का जिक्र करते हुए कहा कि शूटिंग सरकार की अनुमति से होती है और उत्तर प्रदेश में योगी सरकार है। अमित जानी ने राजनीति को लेकर टिप्पणी करते हुए आगामी चुनावों में एकजुट रहने की अपील की।

### दो पोस्टर आते ही साफ हुई फिल्म की कहानी

उदयपुर फाइल्स बना चुके अमित जानी ने कल्कि संभल फिल्म के अब तक दो पोस्टर जारी किये हैं। पहला पोस्टर जारी करते ही फिल्म को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। पहले पोस्टर में 'अब्बाजान' और 'भाईजान' के किरदार नजर आये। दूसरे पोस्टर के में आग में जलते लाला जी का चेहरा नजर आया तो साफ हुआ कि फिल्म में 1978 के दंगों की सबसे भयावह घटना मानी जाने वाले मुरारीलाल फड़ नरसंहार को केंद्र में रखा गया है।

### फिल्म की शूटिंग की इजाजत न देने की उठ रही मांग

सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क ने फिल्म को नफरत फैलाने और माहौल खराब करने वाली बताकर इसकी इजाजत न देने की मांग उठाई थी। इसके बाद समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज़ ख़ां के नेतृत्व में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर फिल्म को जिले में शूटिंग की अनुमति न देने की मांग उठाई गई। अमित जानी ने सांसद के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क को कानूनी नोटिस भेजा है।

### दहेज हत्या में महिला को 10 वर्ष की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने दहेज हत्या प्रकरण में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। नामजद फिरदौस पत्नी मेहंदी हसन को दोषी ठहराते हुए न्यायालय ने 10 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में पति फरमान पुत्र फुरकान भी आरोपी है, जो निर्णय के समय अनुपस्थित रहा, उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रकरण में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई थी। जांच के दौरान दहेज की मांग और उत्पीड़न के साक्ष्य सामने आए, जिससे हत्या की पुष्टि हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने प्रभावी पैरवी की।

## महाशिवरात्रि के मद्देनजर रूट डायवर्जन लागू, रोके गए भारी वाहन

#### सीओ असमोली और सीओ ट्रैफिक ने मनोटा पुल पर किया निरीक्षण, एएसपी ने मंदिरों में देखीं व्यवस्थाएं, जलाभिषेक के लिए उमड़ेंगे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर जनपद के कई प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू कर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। क्षेत्राधिकारी असमोली और क्षेत्राधिकारी यातायात ने कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने थाना असमोली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मनोटा पुल पर पहुंचकर सुरक्षा इंतजाम और यातायात प्रबंधन की समीक्षा की।

शुक्रवार से कांवड़ लेकर श्रद्धालुओं की वापसी का सिलसिला शुरू होते ही यातायात प्रबंधन योजना लागू कर दी गई। संभल-गजरौला मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई है। चौधरी सराय में बैरिकेडिंग कर भारी वाहनों को आगे बढ़ने से रोका गया। इसके अलावा इसी मार्ग पर खगूपुरा बाईपास पर पुलिस चेकपोस्ट बनाकर गजरौला की ओर जाने वाले भारी वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है। जनपद की सीमा पर सैदनगली में भी पुलिस द्वारा भारी वाहनों का आवागमन रोका जा रहा है। इसके साथ ही संभल-जोया मार्ग पर भी भारी वाहनों की



पातालेश्वर महादेव मंदिर पर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते एएसपी कुलदीप सिंह।



यातायात डायवर्जन पर चर्चा करते सीओ असमोली व सीओ यातायात।

आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। सीओ यातायात दीपक तिवारी ने बताया कि कांवड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है।

मनोटा पुल जैसे संवेदनशील प्वाइंट पर जाम की स्थिति न बने, इसके लिए अतिरिक्त यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। वहीं सीओ असमोली कुलदीप कुमार ने मनोटा पुल और आसपास के मार्गों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ मार्ग पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों का सहारा लिया जाएगा। साथ ही सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों और अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शिवभक्तों को पैदल यात्रा के दौरान पर्याप्त स्थान मिल सके।

दूसरी तरफ अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह ने संभल कोतवाली क्षेत्र स्थित श्रीकृष्णेश्वरनाथ महादेव सूर्यकुंड, थाना हयातनगर क्षेत्र के सरायतरीन में श्रीपातालेश्वर महादेव मंदिर एवं चंद्रेश्वर महादेव मंदिर, थाना नखासा क्षेत्र के गांव फतेहपुर भाऊ में श्रीप्रकटेश्वर महादेव मंदिर, थाना असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी स्थित शिव मंदिर तथा थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित शिव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने सभी प्रमुख मंदिर परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मंदिरों में प्रवेश और निकास के रास्ते अलग-अलग रखने पर जोर दिया, ताकि जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे, वहीं हरिद्वार, गोमुख और बृजघाट से कांवड़ लाकर कांवरिया भी जल अर्पित करेंगे, जिसे देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

एएसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि पातालेश्वर महादेव मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर पुजारियों से समन्वय किया गया है। उन्होंने बताया कि रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है।

महाशिवरात्रि ड्यूटी में कुल 188 रंगरूटों को तैनात किया गया है। पातालेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी जुगल किशोर मिश्रा ने एएसपी को बताया कि मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाता है और देर रात तक दर्शन होते हैं। मंदिर में तीन गेट हैं, भीड़ को देखते हुए सभी द्वार खोले जाते हैं तथा आने-जाने के रास्ते अलग-अलग रखे जाते हैं। निरीक्षण के दौरान नीलांशु वार्ष्णेय, सुमित सर्राफ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कांवड़ लेकर लौट रहे शिवभक्त, गूंज रहे जयकारे

**संभल, अमृत विचार :** श्रद्धालुओं के जत्थे अब कावड़ लेने के बाद वापस लौटने शुरू हो गए हैं। जोया से संभल की तरफ आने वाले रास्ते पर शुक्रवार को सुबह से हीकांवड़ियों के जत्थे नजर आते रहे। कांवड़ियों के स्वागत के लिए जगह-जगह कैंप लगाए गए हैं जहां उनके ठहरने और खाने पीने के प्रबंध किया गया। पुलिस की तरफ से भी कांवड़िया सहायता कैंप आयोजित किए गए । मनोटा पुलिस व भोलेश्वर चौकी सहित कई जगह कैंप लगाया गया। वहीं नखासा थाना क्षेत्र में भी मुख्य मार्ग के किनारे ऐसा ही कैंप है। बड़ी संख्या में महिला शिव भक्त भी हरिद्वार से कावड़ लेकर लौट रही हैं। कावड़ धारण किये आगे बढ़ रहे शिव भक्तों के चेहरे पर थकान जैसा भाव कहीं नजर नहीं आता। सीओ असमोली कुलदीप कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रियों के वापस लौटने का सिलसिला लगातार जारी है। पुलिस सुबह से रात तक कांवड़ मार्ग पर मुस्तैद है। बताया कि शनिवार को कांवड़ियों की संख्या में और भी वृद्धि होगी। इसे देखते हुए पुलिस ने पुख्ता प्रबंध किये हैं।



हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटे शिवभक्त। • अमृत विचार

## पांच दिन बाद भी बच्ची का सुराग नहीं, तलाश में लगी एसओजी

**सौंधन/कैला देवी, अमृत विचार:** सौंधन क्षेत्र के अंतर्गत थाना कैला देवी के गांव लखनपुर से लापता हुई 8 वर्षीय मासूम संगीता का पांच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। डॉग स्क्वायड के बाद अब एसओजी टीम भी जांच में जुट गई है।

सोमवार को जीवाराम अपनी पत्नी और बेटी संगीता के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गए थे। लौटते समय गांव के मुख्य चौराहे पर डीजे बज रहा था। संगीता डीजे देखने के लिए वहीं रुक गई, जबकि परिजन आगे बढ़ गए। कुछ ही देर बाद जब उन्होंने पीछे मुड़कर देखा तो बच्ची वहां मौजूद नहीं थी। भीड़भाड़ वाले चौराहे से 8 वर्षीय बच्ची का इस तरह रहस्यमय ढंग से गायब हो जाना ग्रामीणों को हैरान कर रहा है। घटना के बाद परिजनों ने देर रात



कुत्ते के जरिए बच्ची तलाशती पुलिस।

तक जंगल और गांव में तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। गुरुवार को सीओ असमोली के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड टीम ने जंगल और आसपास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया। शुक्रवार को एसओजी टीम भी गांव पहुंची और जांच-पड़ताल की। बच्ची के लापता होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हापुड़ में सड़क हादसे में संभल के एक ट्रक चालक की मौत हो गई। परिजनों की मांग पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

गजेंद्र शर्मा उर्फ गब्बू (30) पुत्र राजेंद्र शर्मा, निवासी गांव चंदू नगला, थाना रजपुरा अपने हेल्पर के साथ मेरठ में माल उतारकर लौट रहा था। हापुड़ के थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव स्यानावत के पास अज्ञात वाहन ने ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे गजेंद्र शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल चालक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन पहुंच गए और बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। इसके बाद शुक्रवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा लाया गया, जहां करीब एक घंटे तक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गजेंद्र की मौत की खबर मिलते ही पत्नी सीनू सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की, जिस पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि सड़क हादसा जनपद हापुड़ में हुआ था। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



मृतक गजेंद्र शर्मा।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक मिस्त्री की मौत

**संभल, अमृत विचार :** शौकीन (25) पुत्र रफीक निवासी गांव पाठकपुर बाइक मिस्त्री था जो देर रात दुकान से काम खत्म कर घर लौट रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्राली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे पहले स्थानीय निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत में सुधार न होने पर मंगलवार को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को युवक ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया किशिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



मृतक शौकीन।

## न्यूज डायरी

### युवक से 30 हजार रुपये ठगे

**बबराला, अमृत विचार :** शातिर टप्पेबाजों ने एक युवक से 30 हजार रुपये ठग लिए।बदायूं के बजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव उरैना निवासी शाहिद हुसैन पुत्र मोहम्मद रजा, बुढ़ाना कस्बे में मूंगफली बेचता है। शुक्रवार को वह रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गांव लौट रहा था। वह बबराला स्थित इंदिरा चौक पर बस से उतरकर जलेबी खाने लगा। इसी दौरान तीन युवक उससे बातचीत करने लगे। युवकों ने चालाकी से उससे जानकारी कर ली कि उसके बैग में 30 हजार रुपये रखे हैं। इसके बाद आरोपियों ने खुद को बैंक की गाड़ी से संबंधित बताते हुए उसे बिल्सी तक छोड़ने का झांसा दिया। युवक उनके झांसे में आ गया और अपना बैग उन्हें दे दिया। मौका मिलते ही तीनों युवक बैग लेकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दिए जाने की बात सामने आ रही है।

### विद्यार्थियों को पुलिस व्यवस्था से कराया परिचित

**चंदौसी, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में आयोजित एसपीईएल-3.0 कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव कराया गया। उन्हें महिला बीट व्यवस्था, सीसीटीएनएस प्रणाली और मिशन शक्ति अभियान की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और सोशल मीडिया पर सतर्क रहने के उपाय समझाए गए। साथ ही शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी बताई गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने चन्दौसी स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण कर सामाजिक सरोकारों की जानकारी प्राप्त की।



### जिला अस्पताल में ट्रिपलेट का सामान्य प्रसव, दो बेटे व एक बेटी का जन्म

**संभल, अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की टीम ने एक साथ तीन बच्चों (ट्रिपलेट) का सफल सामान्य प्रसव कराया। बच्चों में दो बेटे व एक बेटी हैं। प्रसूता सरिता पत्नी सतेंद्र, निवासी ग्राम सैंडोला, बिसौली, जनपद बदायूं को प्रसव पीड़ा होने पर डीसीएच संभल में भर्ती कराया गया था। प्रारंभिक जांच में चिकित्सकों को पता चला कि गर्भ में तीन शिशु हैं। डॉक्टरों के नेतृत्व में टीम ने कुशलता और समन्वय के साथ सामान्य प्रसव संपन्न कराया। इस दौरान दो बेटों और एक बेटी का जन्म हुआ। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी सरिता की एक बेटी है। प्रसव प्रक्रिया डॉ. स्वाति रस्तोगी और गीता यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए डॉक्टरों व स्टाफ की सराहना की है। सीएमएस डा. राजेंद्र सिंह ने कहा कि यह जिला अस्पताल संभल के लिए गर्व का क्षण है।

### बंदरों के झुंड ने हमला कर दो बहनों को किया घायल

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर कस्बे में बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गुरुवार शाम मोहल्ला फजैल निवासी प्रेम प्रजापति की पुत्रियां नीता (10) और विनीता (8) उपले लेने गई थीं। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने दोनों बच्चियों पर हमला कर दिया। बच्चियों के शोर मचाने पर परिजन और आसपास के लोग पहुंचे, जिसके बाद बंदर वहां से भाग गए। घायल बच्चियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में कुत्ता - बंदरों के हमले से घायलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। खासकर छोटे बच्चों को बंदर निशाना बना रहे हैं, जिससे अभिभावकों में दहशत का माहौल है। वहीं आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि वन विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम गठित कर बंदरों को पकड़वाने और आवारा कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए।

### नाला निर्माण से बिगड़ी व्यवस्था, व्यापारियों ने दिया अल्टीमेटम

**चंदौसी, अमृत विचार :** सीकरी गेट के महाजन मोहल्ला क्षेत्र में चल रहे नाला निर्माण कार्य के कारण उत्पन्न जलभराव से नाराज व्यापारियों ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि पिछले करीब दस दिनों से अव्यवस्थित निर्माण कार्य के चलते बाजार और आसपास के इलाकों में पानी भरा हुआ है, जिससे दुकानों में पानी घुस रहा है और कारोबार ठप हो गया है। स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं गंदे पानी से बीमारी फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सैकड़ों व्यापारी और नागरिक सीकरी गेट पर धरना देंगे। प्रदर्शन में कई प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।



## तालाब में डूबकर ग्रामीण की मौत 20 घंटे बाद निकाला जा सका शव

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर टांडा में तालाब में डूबकर ग्रामीण की मौत हो गई। 20 घंटे तक रेस्क्यू अभियान के बाद शव बरामद किया गया। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव मोहम्मदपुर टांडा निवासी आनंद (38) पुत्र रामकुमार गुरुवार दोपहर करीब दो बजे तालाब के पास खेत में खड़ा होकर गन्ना खा रहा था। इसी दौरान वह तालाब के किनारे पहुंच गया और अचानक संतुलन बिगड़ने से तालाब में गिर गया। घटना के समय उसके साथ गांव शेखुपुर की मढ़ी निवासी संजीव पुत्र लटूरी गिरी भी था, जो कुछ देर पहले शौच के लिए चला गया था। आनंद को डूबते हुए गांव की करीब 14 वर्षीय बालिका महक ने देख लिया। उसने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर परिजन और पुलिस भी पहुंच गई। गुरुवार शाम से रात आठ बजे तक ग्रामीणों ने पुलिस की मौजूदगी में तालाब में तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जोखिम बढ़ने के चलते रात में अभियान रोक दिया गया। शुक्रवार सुबह दिन निकलते ही दोबारा रेस्क्यू शुरू किया गया। तालाब में तैरने वाले लोगों को उतारकर तलाश कराई गई, जिसके बाद आनंद का शव बरामद हो सका। इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया कि तालाब से शव बरामद कर लिया गया है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मोहम्मदपुर टांडा में आनंद का शव बरामद होने के बाद जुटे ग्रामीण। • अमृत विचार

## ई-रिक्शा से बाजारों और सड़कों पर लगता है जाम

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** शहर में ई-रिक्शाओं के संचालन को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने नगरपालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि मुख्य बाजारों और संपर्क मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है और आमजन को भारी असुविधा उठानी पड़ रही है। संकरी गलियों में भी ई-रिक्शाओं की आवाजाही बढ़ने से हालात और बिगड़ गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि बाहरी क्षेत्रों से आए चालक भी बड़ी संख्या में वाहन चला रहे हैं, जिससे यातायात नियंत्रण मुश्किल हो गया है। ज्ञापन में बिना नंबर वाले ई-रिक्शा पर कार्रवाई, निर्धारित रूट तय करने और पार्किंग लागू करने की मांग की गई। इस दौरान कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**विधानसभा की कार्यवाही**

## शंकराचार्य की परंपरा मर्यादा से चलती है, मनमर्जी से नहीं: मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर पहली बार पूरी मजबूती से सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने सनातन परंपरा की मर्यादाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शंकराचार्य का पद भारत की सनातन परंपरा में सर्वोच्च और अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह कोई सामान्य उपाधि नहीं है, जिसे कोई भी व्यक्ति स्वयं ग्रहण कर ले। सवाल उठाया कि यदि संबंधित व्यक्ति वास्तव में शंकराचार्य थे, तो उन पर सपा सरकार में लाठीचार्ज और एफआईआर क्यों हुई? योगी ने कहा कि नैतिकता की बात करने वालों को पहले परंपरा और व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए। माघ मेला में मौनी अमावस्या के अवसर पर साढ़े चार करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अवसरों पर कड़ी व्यवस्था लागू करनी होती है। प्रवेश और निकास मार्ग निर्धारित होते हैं और उनका पालन सभी के लिए अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी भगदड़ जैसी स्थिति पैदा कर सकती है, जिससे श्रद्धालुओं की जान खतरे में पड़ सकती है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि कानून सबके लिए समान है। मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं है। कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकार कानून के शासन में विश्वास करती है और मर्यादा व व्यवस्था बनाए रखना उसकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मर्यादित लोग हैं, कानून के शासन पर विश्वास करते हैं। कानून के शासन का पालन करना भी जानते हैं, पालन करवाना भी जानते हैं। दोनों चीजों को एक साथ लागू करवाना जानते हैं, लेकिन इसके नाम पर गुमराह करना बंद करिए।

- **कहा-कानून सबके लिए समान, मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं**

**झूठ को मुद्दा बनाना विपक्ष की प्रवृत्ति :** मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह बार-बार एक ही बात को दोहराकर उसे मुद्दा बनाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि जो विषय वास्तविक मुद्दा नहीं था, उसे जानबूझकर विवाद का रूप दिया गया। सदन में तथ्यात्मक चर्चा होनी चाहिए, न कि भ्रम फैलाने का प्रयास।

## सामाजिक पेंशन बढ़ेगी, सोमवार तक होगी घोषणा : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि लाभार्थियों की सामाजिक पेंशन राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बजट में इसके लिए आवश्यक धनराशि का प्रावधान कर दिया गया है, हालांकि औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमवार तक पेंशन वृद्धि की घोषणा कर दी जाएगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 1.06 करोड़ निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये पेंशन दी जा रही है, यानी सालाना 12,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार सामाजिक सुरक्षा के दायरे को और मजबूत करते हुए इन सभी वर्गों के लिए पेंशन राशि में बढ़ोतरी करने जा रही है। सरकार का उद्देश्य कमजोर, असहाय और जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक संबल देकर सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है। पेंशन वृद्धि से लाभार्थियों को बढ़ती महंगाई के बीच सीधी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सतीश महाना भाजपा विधायक केतकी पर भड़के, हेड फोन फेंका

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक रागिनी सोनकर के सवाल पर भाजपा विधायक केतकी सिंह के टोकने से स्पीकर सतीश महाना नाराज होकर सदन से बाहर चले गए। 10 मिनट बाद लौटने पर माहौल खुशनुमा हो गया। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा की तारीफ और सपा विधायक कमल अख्तर की शायरी ने सदन में ठहाके गूंजा दिए, जिससे तनाव खत्म हो गया। सपा विधायक रागिनी सोनकर लोक सेवा आयोग से जुड़ी भर्तियों पर सवाल उठा रही थीं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब दिया, लेकिन रागिनी के दोबारा सवाल पूछने पर भाजपा विधायकों ने टोका-टोकी की। इस दौरान भाजपा विधायक केतकी सिंह को रोकने के बाद भी टोका-टाकी करने से स्पीकर सतीश महाना नाराज हो गए और भाजपा विधायक केतकी सिंह पर भड़कते हुए कहा कि ''क्या आप हाउस चलाएंगी? सदन चलाना मेरा काम है।'' गुस्से में उन्होंने हेडफोन/माइक फेंका और सदन से बाहर चले गए, जिससे कार्यवाही प्रभावित हुई। 10 मिनट तक सदन की कार्यवाही प्रभावित रही। 10 मिनट बाद स्पीकर महाना सदन में लौटे, लेकिन अब माहौल पूरी तरह बदल चुका था... खुशनुमा और हल्का-फुल्का। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने स्पीकर की तारीफ की और कहा कि ''आप मुस्कुराते हैं तो पूरा सदन मुस्कुरा उठता है।'' उन्होंने वित्त मंत्री से शायरी सुनाने की अपील की। तभी सपा विधायक कमल अख्तर ने रोमांटिक अंदाज में शायरी सुनाई... ''तुम रूठा न करो, सबकी जान चली जाती है। तुम हंसते रहते हो तो बिजली-सी चमक जाती है।'' वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, ''महबूबा वाली शायरी न सुनाया करो।'' इस पूरे सीन से सदन में ठहाके गूंज उठे और तनाव हंसी-मजाक में बदल गया।



# गरीबी रेखा से बाहर आए छह करोड़ लोगों को सभी सुविधाएं पूर्ववत

### नेता प्रतिपक्ष ने पूछा था सवाल, योगी बोले- यूपी बना भारत के विकास का इंजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में विस्तृत जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से छह करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उनसे सरकारी सुविधाएं छीनी जाएंगी। योगी ने कहा कि भारत के विकास का इंजन यूपी बना है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, स्वास्थ्य व टेक्नोलॉजी में बड़ी छलांग लगाई है। साइबर अपराधियों को नापने के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद ने सुविधाएं छीनने, साइबर अपराध आदि सवाल पूछे थे। योगी ने नीति आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि गरीबी रेखा से बाहर आए लोगों को राशन, आवास, स्वास्थ्य, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की सभी योजनाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था और पुलिस सुधारों पर जोर देते हुए कहा कि 2017 से पहले पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता तीन हजार से भी कम थी, जबकि आज 60 हजार से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को एक साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला पुलिसकर्मियों की संख्या 10 हजार से बढ़कर 44 हजार हो चुकी है। साइबर अपराध से निपटने के लिए सभी 75 जिलों में साइबर थाने और हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। फॉरेंसिक साइंस इकोसिस्टम को मजबूत कर जांच को अधिक वैज्ञानिक बनाया गया है।



विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री योगी।

आर्थिक मोर्चे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार सदन में आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत हुआ है, जो विचार से व्यवस्था और व्यवस्था से विकास की यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले केंद्र सरकार की योजनाओं का सबसे बड़ा बॉटलनेक उत्तर प्रदेश माना जाता था, लेकिन आज यूपी उन्हीं योजनाओं को गति देने वाला अग्रणी राज्य बन चुका है। प्रदेश अब देश की टॉप-3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और 13 लाख करोड़ से बढ़कर अर्थव्यवस्था 36 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गई है, वह भी बिना कोई नया टैक्स लगाए। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के 55 प्रतिशत एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन चुका है। सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर), देश की पहली रैपिड रेल, इनलैंड वाटरवे, रोपवे और सबसे अधिक मेट्रो सिटीज यूपी की पहचान बन चुकी हैं। ईस्टर्न-वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर और मल्टीमॉडल टर्मिनल से लॉजिस्टिक्स को नई ताकत मिलेगी।

कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर किसानों को कर्जदाता बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्पष्ट कृषि नीति के कारण आज कम लागत, अधिक उत्पादन और डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान सुनिश्चित हुआ है।

**सपा पर मुख्यमंत्री के तीखे हमले**

- सपा पर आरोप : किसानों को उत्पादक से कर्जदाता बनाने का पाप
- कांग्रेस-सपा शासन में अन्नदाता कर्ज, पलायन और एमएसएमई बंदी का शिकार
- माफिया और अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप, राजू पाल-उमेश पाल हत्याकांड का जिक्र
- तुष्टिकरण के नाम पर आक्रांताओं का महिमामंडन करने का आरोप
- समाजवाद अब त्याग नहीं, संपत्ति और संतति का प्रतीक बन गया
- जातीय वैमनस्यता फैलाने का आरोप, कहा- देश की गुलामी भी इसी कारण हुई
- गोमती रिवर फ्रंट, जेपीएनआईसी, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे में भ्रष्टाचार गिनाया
- आउटसोर्सिंग की "डकैती" में सपा से जुड़े लोगों की भूमिका का आरोप

# अफसरों पर भ्रष्टाचार की रिपोर्ट सदन में रखे सरकार: माता प्रसाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उठाया लोकायुक्त की रिपोर्ट का मुद्दा**
- **कार्यवाहक डीजीपी पर उठाए सवाल, एनकाउंटर और रोजगार पर विपक्ष ने सरकार को घेरा**

**अमृत विचार:** विधानसभा सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सरकार को कई मोर्चों पर घेरा। उन्होंने भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, एनकाउंटर नीति और रोजगार जैसे अहम मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगते हुए कहा कि चार आईएएस अधिकारियों समेत विभिन्न विभागों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ी लोकायुक्त की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सदन में भ्रष्टाचार जैसे गंभीर विषय पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई, जबकि आम जनता सबसे ज्यादा इसी समस्या से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि आईएएस अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के कई मामले लोकायुक्त के पास लंबित हैं। इसके अलावा जिला पंचायत, नगर पंचायत, समाज कल्याण विभाग समेत अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें भी दर्ज हैं, लेकिन सरकार ने इन मामलों की वर्तमान स्थिति पर सदन को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि यदि लोकायुक्त की सिफारिशों और रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाता, तो सभी सदस्य उसकी समीक्षा कर सकते थे। उन्होंने सदन में एक आईएएस अधिकारी,



नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय

लखनऊ के जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा संभल की नगर पंचायत की अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी का नाम भी लिया। उन्होंने कहा कि अन्य आईएएस अधिकारियों के नाम भी लिए जा सकते हैं, लेकिन इससे सरकार को असुविधा होगी। उन्होंने लोकायुक्त के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि लोकायुक्त का कार्यकाल कब तक है। लोकायुक्त पिछले आठ वर्षों से पद पर हैं, ऐसे में सरकार को इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

कानून-व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाल के दिनों में आपराधिक घटनाओं में पुलिसकर्मियों के नाम सामने आना बेहद चिंताजनक है।

# शिक्षा व्यवस्था और स्कूल बंदी पर सदन में हंगामा, सपा का बहिर्गमन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **बजट सत्र के पांचवें दिन नियम 105 के तहत सदन में सत्ता पक्ष व विपक्ष में हुई तीखी बहस**

**अमृत विचार :** विधान परिषद में शुक्रवार को नियम-105 के तहत प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों के उत्पीड़न और स्कूल मर्जर का मुद्दा गरमा गया। सपा सदस्यों में डॉ.मान सिंह यादव ने आरोप लगाया कि बीते 7 वर्षों में मर्जर के नाम पर करीब 36 हजार प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिए गए, जिससे ग्रामीण और गरीब छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी के बीच सपा सदस्यों ने बहिर्गमन किया।

सपा के ही आशुतोष सिन्हा ने प्रदेश में 1.20 लाख शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती न होने का आरोप लगाया। कहा, बिना गुरू बने ही, विश्वगुरू बनने की दिशा में भाजपा अग्रसर है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि शिक्षकों को कैशलेस इलाज सहित कई सुविधाएं दी जा रही हैं। जिन विद्यालयों में छात्र संख्या 50 से कम थी, उनका मर्जर किया गया है। छात्र संख्या बढ़ने पर विद्यालय बहाल भी किए गए हैं और मर्ज किए गए भवनों में बाल वाटिका संचालित है।

**राज्यपाल के अभिभाषण पर भी टकराव**

दोपहर में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान भाजपा और सपा के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा के विजय बहादुर पाठक समेत अन्य सदस्यों ने कानून व्यवस्था को बेहतर बताया, जबकि सपा के राजेंद्र चौधरी ने भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। अंत में सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

**विधान परिषद**

# शिक्षक के निलंबन का मामला गूंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **शिक्षक नेता ने निलंबन पर सवाल खड़े किए, बीएसए पर कार्रवाई के निर्देश**

**अमृत विचार :** विधान परिषद के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को बदायूं में शिक्षक दिवस (5 सितंबर 2023) के दिन एक शिक्षक के निलंबन का मामला जोरदार ढंग से उठाया गया। प्रश्नकाल के दौरान शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने यह मुद्दा उठाया और निलंबन की कार्रवाई के औचित्य पर सवाल खड़े किए।

मामले में राज्य सरकार के जवाब से असंतुष्ट सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने तत्कालीन बीएसए अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि कार्रवाई में किसी तरह का अगर-मगर नहीं चलेगा। पूरे प्रदेश में जो भी अधिकारी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करेगा, उसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने सदन को बताया कि 5 सितंबर 2023 को बदायूं के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार शर्मा को बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाए जाने, पिछले तीन दिनों से मिड डे मील वितरण न होने, बिना अनुमति बीएसए कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करने और अवांछनीय आचरण के आरोप में निलंबित किया गया था। हालांकि 19 सितंबर को जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें सवेतन बहाल कर दिया गया और समस्त अनुशासनिक कार्रवाई समाप्त कर दी गई।

इस पर शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने गलत तथ्यों के आधार पर निलंबन करने वाले बीएसए अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार गुरुजनों का सम्मान करती है और किसी भी शिक्षक का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सभापति ने संबंधित बीएसए के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी दौरान सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा के प्रश्न के उत्तर में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने बताया कि वित्त विभाग की सहमति से अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग की सेवा नियमावली तैयार हो चुकी है और जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले तीन-चार माह में स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## भाजपा ने नए माफिया पैदा किए : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर प्रदेश में "नए-नए माफिया" पैदा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने "एनकाउंटर माफिया, कफ सिरप माफिया, नीट माफिया और स्कैम माफिया" जैसे नए संस्करण तैयार किए हैं। कानपुर में मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि बीते 9 वर्षों में बिजली उत्पादन नहीं बढ़ा और वर्तमान आपूर्ति पूर्ववर्ती सपा सरकार की परियोजनाओं पर निर्भर है। कानपुर में निवेश न आने के लिए आधारभूत संरचना की कमी को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि भाजपा कमजोर पड़ने पर सांप्रदायिक राजनीति करती है।

## सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास 21 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश को देश के सेमीकंडक्टर हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में 21 फरवरी को एक बड़ा कदम उठाया जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर-28 में इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास होगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना स्थल पर उपस्थित रहेंगे।

यह संयुक्त उद्यम एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा स्थापित किया जा रहा है। 48 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली यह इकाई केंद्र सरकार के सेमीकंडक्टर मिशन और उप्र. सरकार के सहयोग से विकसित की जा रही है। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट ओसैट सुविधा होगी, जहां चिप्स की उन्नत पैकेजिंग, असेंबली और परीक्षण किया जाएगा। परियोजना से देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ रुपये के संभावित योगदान का अनुमान है।



लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली के दौरान कतार में बैठे अभ्यर्थी। अमृत विचार

## अग्निवीर बनने को 794 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भर्ती कार्यालय लखनऊ द्वारा छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में आठवें दिन शुक्रवार को अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी की भर्ती रैली कराई गई। हमीरपुर जिले के अंतर्गत हमीरपुर, राठ, सेरीला और मौदहा तथा उन्नाव के अंतर्गत सफीपुर, हसनगंज, उन्नाव, पुरवा, बीघापुर और बांगरमऊ तहसील के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

इस रैली में कुल 1083 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। इसमें 794 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया और दमखम दिखाया। देर रात से ही पहुंचे अभ्यर्थियों में काफी उत्साह रहा। सुबह दौड़, कूद व अन्य शारीरिक परीक्षण की परीक्षा दी। इसी तरह 14 फरवरी को अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी के लिए भर्ती कार्यालय, लखनऊ के तहत गोंडा जिले के अंतर्गत गोंडा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज तथा बांदा जिले के अंतर्गत बांदा, बबेरू, अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसीलों के लिए भर्ती रैली कराई जाएगी।

**पहल** डेटा सेंटर और रोबोटिक्स मिशन से डिजिटल अर्थव्यवस्था को रफ्तार

# नई तकनीकों से प्रशिक्षित होंगे 25 लाख युवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृक विचार:** प्रदेश की युवा आबादी को भविष्य की उन्नत तकनीक आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार करना है। इसी दिशा में 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख युवाओं और छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऑगमेंटेड रिएलिटी (एआर), वर्चुअल रिएलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रिएलिटी (एक्सआर) जैसी उभरती तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

योगी सरकार का लक्ष्य उद्देश्य पारंपरिक डिग्री आधारित शिक्षा से आगे बढ़कर कौशल आधारित दक्षता विकसित करना है, ताकि प्रदेश का युवा वैश्विक वर्कफोर्स का हिस्सा बन सके। इसके साथ ही लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में विश्वस्तरीय 'यू-हब' की स्थापना कर स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जाएगा। डिजिटल अवसंरचना को गति देने के लिए बजट में महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए गए हैं। 5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में पूरे देश की डेटा सेंटर क्षमता लगभग 1.6 गीगावाट है। वहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा को रोबोटिक्स हब के रूप में विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपये के उत्तर प्रदेश रोबोटिक्स मिशन की शुरुआत की जा रही है।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना से 16 हजार को मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना और पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत बड़े प्रावधान किए हैं। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत 800 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है, जिसके माध्यम से प्रदेश में करीब 16,000 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना के तहत 40 करोड़ रुपये के बैंक ऋण के माध्यम से लघु, कुटीर और ग्रामोद्योग आधारित इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

## दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 की तिथि 18 तक बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने की पहल को विस्तार देते हुए "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" की अवधि 18 फरवरी तक बढ़ा दी है। यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि पहले यह अभियान 6 से 13 फरवरी 2026 तक संचालित होना था, लेकिन अधिकाधिक दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इसकी तिथि बढ़ाई गई है। कौशल विकास मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध है।

# 3069 करोड़ की 15 परियोजनाएं मंजूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, मुरादाबाद व अलीगढ़ जिलों में मिली स्वीकृति**
- **विकसित की जाएंगी 3923 आवासीय, व्यावसायिक एवं मिश्रित उपयोग इकाइयां**

**अमृत विचार :** उप्र. रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण ने लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, मुरादाबाद और अलीगढ़ में 15 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इनमें में 3,923 आवासीय, व्यावसायिक एवं मिश्रित उपयोग की इकाइयों में फ्लैट, विला, प्लॉट और व्यावसायिक दुकानें बनाकर बिक्री की जाएंगी। इन परियोजनाओं पर 3,069.10 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

शुक्रवार को न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में 195वीं प्राधिकरण बैठक हुई। इस दौरान प्रमोटरों ने अपनी परियोजनाओं के प्रस्ताव रखे। इसमें लखनऊ की 414 इकाई वाली दो आवासीय परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। जो 328.04 करोड़ से विकसित की जाएंगी। गौतमबुद्ध नगर को सर्वाधिक चार परियोजनाओं की स्वीकृति मिली है। इनमें 396 इकाइयों की दो आवासीय व 433 इकाइयों की दो व्यावसायिक परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। चारों परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 1,092.19 करोड़ है। आगरा में 133.17 करोड़ की लागत से एक मिश्रित उपयोग परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें 432 इकाइयां शामिल हैं। गाजियाबाद में तीन आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल अनुमानित लागत 1,119.22 करोड़ है और इनमें 1,193 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। अलीगढ़ में 243.62 करोड़ की लागत से एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति मिली है, जिसमें 512 इकाइयों का विकास प्रस्तावित है। मथुरा में 40.61 करोड़ की लागत से एक आवासीय एवं एक व्यावसायिक परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें 347 इकाइयां विकसित की जाएंगी। वहीं, मुरादाबाद में 112.25 करोड़ की लागत से दो आवासीय परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। इनमें 196 इकाइयों का विकास किया जाएगा।



सपने वो नहीं हैं, जो आप नींद में देखते हैं। सपने वो होते हैं, जो आपको सोने नहीं देते।
-एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व राष्ट्रपति


# बहुप्रतीक्षित निर्णय

रक्षा खरीद परिषद द्वारा 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की मंजूरी से वायुसेना की क्षमता में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उम्मीद है कि अगले तीन साल के भीतर ही हमें शुरुआती तौर पर विमानों की आपूर्ति होने लगे और सात साल के भीतर ही हम देश में ही 60 फीसद स्वदेशी कल पुर्जों से राफेल विमान बनाने भी लगें। ऐसे में यह सौदा हमारी हवाई शक्ति को पुनर्स्थापित करने के साथ स्वदेशी रक्षा उद्योग को भी गति देगा। रक्षा आधुनिकीकरण, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला यह कदम वैश्विक सुरक्षा संरचना में भारत की भूमिका को मजबूत करने, फ्रांस के साथ रणनीतिक सहयोग गहराने के अलावा सामरिक संतुलन और वैश्विक रक्षा साझेदारियों के पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इससे सैन्य क्षमता में ही नहीं भारत की रक्षा-उद्योग प्रतिष्ठा और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन पर भी असर पड़ेगा।

सौदे में राफेल के अलावा 6 पी-8आई समुद्री टोही विमान, तकनीकी हस्तांतरण सहित रूसी आईएल-76एमडी-90ए परिवहन विमान, टी-72 टैंक, एयरशिप हाई एल्टीट्यूड सूडो सेटेलाइट, एंटी-टैंक माइंस और डोर्नियर विमान भी शामिल हैं। ये सेना की लॉजिस्टिक, टोही एवं युद्ध क्षमता को मजबूत करेंगे, विशेषकर लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों में। कुल मिलाकर तीनों सेनाओं का एकीकरण बढ़ेगा तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। ठीक है कि सौदा अब सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के समक्ष जाएगा, जिसकी राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़े मामलों पर स्वीकृति प्रक्रिया अपेक्षाकृत तेज़ रहती है पर आमतौर पर तकनीकी-वित्तीय समीक्षाएं और विस्तृत वार्ता कुछ माह का समय लेती ही हैं, पर इस बार देरी की आशंका कम है, क्योंकि एक तो उसके अध्यक्ष खुद प्रधानमंत्री हैं, दूसरे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों भी दो दिन बाद ही आने वाले हैं, जो इस पर हस्ताक्षर करेंगे, हालांकि इस श्रेणी के युद्धक विमानों की खरीद का प्रस्ताव 13 साल पहले दिया गया था, पर वित्तीय और नीति निर्णयों में इतनी जटिलता थी कि कई दौर की समीक्षा और लागत-लाभ गहन विचार के बावजूद बात सिरे नहीं चढ़ सकी थी। कभी मेक-इन-इंडिया और तकनीकी हस्तांतरण पर विवाद तो कभी कोविड के दौर और उसके बाद वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियां, रक्षा क्षेत्र की पुनर्निर्माण प्रक्रिया में देरी ने इस सौदे को लंबित रखा, जबकि स्क्वाड्रन संख्या की कमी लंबे समय से वायुसेना के लिए लगातार चिंता का विषय थी। 2016 में हुई 36 विमानों की खरीद वाली पहली राफेल डील के बावजूद भारत की वायु सेना 42 स्क्वाड्रनों की अधिकृत ताकत के मुकाबले लगभग 29 स्क्वाड्रनों के स्तर पर काम कर रही है।

इस सौदे के बाद वायु सेना की एयर सुपीरियोरिटी और 'स्टैंड-ऑफ' स्ट्राइक क्षमता में इज़ाफा होगा, समुद्री निगरानी और समुद्र में सामरिक क्षमता को बल मिलेगा। अलग-अलग सैन्य क्षेत्रों में आधुनिक उपकरण से समग्र शक्ति में वृद्धि होगी। विमान निर्माण में 60 फीसदी ऐसे स्थानीय सामग्री और स्वदेशी कल पुर्जे के इस्तेमाल जिनकी गुणवत्ता अंतर्राष्ट्रीय मानकों और फ्रांसीसी तकनीक-प्रशिक्षण नियंत्रणों के तहत सुनिश्चित होगी, दूरगामी निर्णय है। इससे भारत के रक्षा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी क्षमता विकसित होगी।

# आस्था से तर्क की ओर बढ़ती दुनिया





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व में नास्तिकता अथवा अनीश्वरवाद का प्रसार अब केवल बौद्धिक या दार्शनिक विमर्श का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह आधुनिक समाजों में हो रहे गहरे सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का संकेतक बन चुका है। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक, अज्ञेयवादी या किसी संगठित धर्म से असंबद्ध बताने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ी है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे शिक्षा का विस्तार, वैज्ञानिक चेतना, तकनीकी विकास, शहरीकरण और धार्मिक संस्थाओं के प्रति घटता विश्वास जैसे कई कारण रहे हैं।

आंकड़े इस प्रवृत्ति को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। अमेरिका में इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में, जहां लगभग छठा हिस्सा आबादी का स्वयं को किसी धर्म से असंबद्ध बताता था, वहीं हाल के वर्षों में यह अनुपात लगभग एक तिहाई तक पहुंच गया है। यूरोप के कई देशों में स्थिति इससे भी आगे निकल चुकी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और नीदरलैंड जैसे देशों में नियमित धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने वालों की संख्या लगातार घट रही है और बड़ी आबादी ईश्वर के अस्तित्व को अपने जीवन के लिए आवश्यक नहीं मानती। स्कैंडिनेवियाई देशों में तो लगभग आधी आबादी स्वयं को नास्तिक या धर्मनिरपेक्ष मानवतावादी दृष्टिकोण से जोड़ती है।

इन देशों की तुलना में भारत की स्थिति बिल्कुल भिन्न दिखाई देती है। भारत को प्रायः एक गहरे धार्मिक समाज के रूप में देखा जाता है, जहां धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान, सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक जीवन का आधार है। यहां विवाह, जन्म, मृत्यु और पर्व-त्योहार सभी धार्मिक रीति रिवाजों से जुड़े होते हैं। इसके बावजूद आधुनिक भारत में भी नास्तिकता और धार्मिक असंबद्धता की प्रवृत्ति धीरे-धीरे उभर रही है।

उत्तरी यूरोप के देशों में, जहां नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी को धर्म से अलग करके देखा जाता है, वहीं भारत में नैतिकता को अक्सर धार्मिक मूल्यों से जोड़ दिया जाता है। यह अंतर नास्तिकता की स्वीकार्यता को भी प्रभावित करता है। स्वीडन या डेनमार्क जैसे देशों में नास्तिक होना सामाजिक रूप से सामान्य और स्वीकार्य है, जबकि भारत में नास्तिकता अब भी संदेह या सामाजिक दूरी का कारण बन सकती है। इसके बावजूद शहरी और शिक्षित वर्गों में ईश्वर और धर्म को लेकर प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ी है।

पूर्वी एशिया के देशों के साथ भारत की तुलना भी रोचक है। चीन में बड़ी आबादी स्वयं को किसी धर्म से नहीं जोड़ती, क्योंकि वहां लंबे समय से राज्य व्यवस्था और सामाजिक ढांचे में संगठित धर्म की भूमिका सीमित रही है। जापान में धार्मिक परंपराएं सांस्कृतिक रूप में मौजूद हैं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर ईश्वर में विश्वास अपेक्षाकृत कमजोर है। भारत में इसके विपरीत धार्मिक आस्था व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर गहराई से जुड़ी है, हालांकि नई पीढ़ी इस संबंध को पुनः परिभाषित कर रही है।

वैश्विक सामाजिक सर्वेक्षण यह संकेत देते हैं कि युवा पीढ़ी अपने माता-पिता की तुलना में अधिक धर्मनिरपेक्ष या नास्तिक विचारों वाली है। यह प्रवृत्ति भारत में भी दिखाई देने लगी है। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और महानगरों में रहने वाले युवाओं के बीच संगठित धर्मों से दूरी बढ़ रही है। वे स्वयं को धार्मिक कहने के बजाय तर्कवादी, वैज्ञानिक सोच वाला या केवल सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा हुआ मानना अधिक सहज समझते हैं, हालांकि सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण यह दूरी अक्सर सार्वजनिक पहचान का रूप नहीं ले पाती।

वहीं भारत की एक विशिष्टता यह भी है कि यहां नास्तिकता कोई विदेशी या आधुनिक अवधारणा नहीं है। प्राचीन भारतीय दर्शन में चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक मौजूद रहे हैं, जिन्होंने ईश्वर और परलोक की अवधारणाओं को अस्वीकार किया। बौद्ध और जैन दर्शन में भी सर्वशक्तिमान ईश्वर की केंद्रीय भूमिका नहीं मिलती। इसके बावजूद आधुनिक भारत में नास्तिकता को प्रायः पश्चिमी प्रभाव के रूप में देखा जाता है, जिससे इसकी सामाजिक स्वीकार्यता सीमित रह जाती है।

शिक्षा का प्रभाव इस तुलना को और स्पष्ट करता है। पश्चिमी देशों में जैसे-जैसे शिक्षा और वैज्ञानिक प्रशिक्षण का स्तर बढ़ा, वैसे-वैसे धार्मिक आस्था में गिरावट आई। भारत में शिक्षा के विस्तार के बावजूद यह गिरावट उतनी तेज नहीं रही। यहां विज्ञान और धर्म अक्सर साथ-साथ चलते दिखाई देते हैं। एक ही व्यक्ति वैज्ञानिक सोच में विश्वास भी रखता है और धार्मिक अनुष्ठानों में भी भाग लेता है। यह द्वैत भारतीय समाज की जटिलता और बहुस्तरीय चरित्र को दर्शाता है।

तकनीक और इंटरनेट ने भारत में नास्तिकता और तर्कवाद को नई आवाज दी है। सामाजिक माध्यमों और डिजिटल मंचों के माध्यम से धार्मिक मान्यताओं पर खुली बहस संभव हो पाई है। पहले जो प्रश्न सीमित बौद्धिक दायरों में रहते थे, वे अब आम लोगों तक पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद सामाजिक संरचना और पारिवारिक अपेक्षाएं अब भी इतनी मजबूत हैं कि नास्तिकता को खुली पहचान के रूप में अपनाना आसान नहीं है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि नास्तिकता के बढ़ने का अर्थ नैतिकता या सामाजिक जिम्मेदारी का क्षरण नहीं है। कई कम धार्मिक समाजों में सामाजिक सुरक्षा, कानून का पालन और नागरिक सहयोग का स्तर ऊंचा पाया गया है। भारत के लिए यह अनुभव महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां अक्सर नैतिक मूल्यों को धर्म से जोड़कर देखा जाता है। बदलते समय में यह समझ विकसित हो रही है कि नैतिकता का आधार केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना, शिक्षा और सामाजिक संस्थाएं भी हो सकती हैं।

> बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक बताने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है।

## सोशल फोरम

# बलेसरा काहें बिकाला



दयानंद पांडेय
ब्लॉगर

जैसे कोई नरम और मीठी ऊंख हो। एक गुल्ला छीलिए तो पोर खुल जाए। कुछ वैसे ही मीठी, नरम और फोफर आवाज बलेसरा की है। अपनी गमक, माटी की महक और एक खास ठसक लिए हुए। बलेसरा मतलब बालेश्वर। आठवीं तक पढ़े बालेश्वर का नाम आज की तारीख में भोजपुरी लोक गायकी में शिखर पर है। उनकी गायकी में ही कहें तो, 'आज बलेसरा बिकाला।' इसी बलेसरा से जब पूछा कि 'तू गायक नाईं होत न का होत?' तो वह बोले, खेती-मजूरी करतीं और का होतीं? दरअसल तथ्य भी यही है कि बलेसरा की लोक गायकी की यात्रा सुविचारित तो नहीं है। वह छूटते ही कहते हैं, 'कोई गुरु नहीं।'

तो सीखा कैसे? -बस गाते गाते। और शिष्य? -शिष्य मानता ही नहीं किसी को।' फिर भी हमारे गाने बहुत लोग गाते हैं।

बलेसरा ने बचपन में गायकी की यात्रा शुरू की नकल कर-कर के। वह कहते हैं, 'गांव में शादी ब्याह में, रामलीला, नौटंकी में गाना शुरू किए। कलाकारों की कॉपी करना शुरू किया।'

किन कलाकारों की?

-भोजपुरी लोक गायकों की। जैसे वलीउल्लाह थे, जयश्री थे। हमने न सिर्फ़ इनकी कॉपी की, बल्कि कोशिश की कि इन की टीम में आ जाऊं। पर इन लोगों ने अपनी टीम में हमें नहीं लिया। गावों के मंचों पर चंग बजा-बजा कर अकेले ही गाना शुरू किया। पैसे कुछ भी नहीं मिलते थे। खाली वाहवाही मिलती थी।' जिला पोस्ट मधुबन गांव बदनपुर में पहली जनवरी, 1942 में जनमे बालेश्वर वाहवाही से ही खुश थे कि उन का नाम होने लगा था।

लखनऊ आ कर काफी भटका। मैंने लखनऊ में ही गली-चौराहों पर भटकना ठीक समझा। इधर-उधर घूम-घाम गाता रहा। 1965 में आकाशवाणी लखनऊ में गाने के लिए इम्तेहान दिया, लेकिन फेल हो गया। अनुभव नहीं था। मेरी परेशानी बढ़ती गई। तभी एक छोटी सी नौकरी कर ली। गाना फिर भी नहीं छोड़ा। बाद में सूचना विभाग के केबी चंद्रा ने बताया कि आकाशवाणी का इम्तहान कैसे दूं। फिर दस बरस बाद दोबारा आकाशवाणी लखनऊ में इम्तहान दिया तो पास हो गया। आकाशवाणी पर हमारी बुलंद आवाज़ जब छा गई तो कई और लोग भी मौका देने को तैयार हो गए। हरवंश जायसवाल ने सरकारी प्रोग्राम में हम से चार साल तक कार्यक्रम करवाया। अब कार्यक्रमों से पैसा तो मिलने लगा था, नाम-मात्र का ही सही पर वाहवाही खूब मिलती थी और मैं खुश था। -फेसबुक वॉल से

## प्रसंगवश

# मदनोत्सव को विस्मृत कर दिया वेलेंटाइन डे ने



दीपक नौगांई
लेखक

बीते कुछ वर्षों में मदनोत्सव की परंपरा पर विस्मृति की परत कुछ ऐसी जमीं कि करीब दो दशक पूर्व रोम से आकर वेलेंटाइन बाबा प्रेम का संदेश देने लगे हैं। वैलेंटाइन डे को पैसा बरसाने का माध्यम बना दिया है। यानी प्यार आज एक बाजार का रूप ले चुका है। इसमें दोष बाबा वेलेंटाइन का तो कतई नहीं है। दोष उन उर्वर दिमागों का है, जिन्हें बाजारवाद के मौजूदा दौर में यह भली-भांति पता है कि दिल का सौदा सिर्फ लेन-देन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी बदौलत चोखा मुनाफा कमाया जा सकता है।

कहते हैं प्यार दिलों को जोड़ता है, पर बिकता भी यही है। शायद संत वेलेंटाइन का दिल इस बात को सुनकर टूट जाए, पर बाकी लोगों को इससे क्या, वे तो पूरा मजा ले रहे हैं। 14 फरवरी, वेलेंटाइन डे का जिक्र आते ही युवा दिलों की धड़कनें बढ़ जाती हैं। दिलो-दिमाग में कल्पनाओं को नए पंख मिल जाते हैं और मन प्रणय की नई उड़ान भरने लगता है। शोशेबाजी में डूबीं इस नई पीढ़ी का झुकाव दिखावे की तरफ देखकर ही व्यापारियों ने मध्ययुगीन पश्चिमी परंपरा को प्यार के देसी कारोबार में तब्दील कर दिया है। प्रेम तो किसी से भी, कैसे भी और कभी भी हो सकता है। प्रेमी अपने दिल की बात आसानी से कह सके, इसलिए प्रणय निवेदन का एक खास दिन नियत किया गया होगा।

हमारे देश में बसंत के मौसम में मदनोत्सव हुआ करता था। बसंत को ऋतुओं का राजा माना जाता है। मदन का अर्थ है काम का देवता। महोत्सव प्रेमियों के चरम उत्कर्ष की परिणिति हुआ करता था, क्योंकि अपनी परंपराओं को भुला दिया गया, इसलिए 90 के दशक में उदारीकरण के नाम पर बाजारवाद को मुख्य दरवाजे से बुलाया गया, तो खिड़की से बाजारू प्रवृत्तियों ने वेलेंटाइन बाबा को भी बुला लिया, इसलिए मदनोत्सव की परंपरा तो अब पहले जैसी दिखती नहीं, लेकिन वेलेंटाइन डे जरूर अपने पूरे यौवन के साथ फल-फूल रहा है।

वेलेंटाइन बाबा का प्रेम संदेश पूरी मानव जाति के लिए था और उसे केवल दो प्रेमियों के प्रणय के मध्य सीमित नहीं किया जा सकता, इसलिए वेलेंटाइन डे को बहुत सादगी से मनाया जाना और सभी को प्रेम संदेश देना ही प्रेम के उस मसीहा का सम्मान करना माना जाता है। 14 फरवरी का प्रेम पर्व बाबा वेलेंटाइन तथा देशी मदनोत्सव को जानने और मनाने का भी है।

यह बहुत ही सादगी पूर्ण और प्यारा सा त्यौहार है। इसे संत वेलेंटाइन को याद कर मनाया जाना चाहिए, जिन्होंने प्यार के सम्मान के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, लेकिन इसके विपरीत हमारे यहां वेलेंटाइन डे की पवित्रता का मजाक उड़ाया जाता है। इसकी वजह सिर्फ दुस्साहसी प्यार का बढ़ता चलन ही नहीं है, देसी बाजार की समझ रखने वाले बड़े माहिर अंदाज में वेलेंटाइन डे को भुनाने लगे हैं। सच्चे प्यार का अर्थ उपहारों या प्रतीकों के आदान-प्रदान तक सीमित होकर रह गया है और वेलेंटाइन की फिजा पूरी मदहोशी के साथ सोशल मीडिया, टीवी और उपहारों की दुकानों में नजर आती है।

प्यार ने जब बाजार का रूप ले लिया है, तो लोगों में यह भावना पैदा हो रही है कि प्रेम का इजहार करने के लिए महंगे उपहारों की जरूरत होती है। साथ में यह भावना भी कि यदि आपका प्रेमी आपको कीमती उपहार नहीं दे सकता, तो उसे छोड़कर दूसरा प्रेमी चुन लीजिए। इस तरह का संदेश हमारी सामाजिक मान्यताओं को तो चोट पहुंचा ही रहा है, लोगों को बाजारवाद की दौड़ में शामिल होने के लिए आकर्षित भी कर रहा है।

## आमने सामने



हरियाणा में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर पेंशन डबल की जाएगी। भाजपा सरकार न केवल लगातार बुजुर्गों की पेंशन काट रही है, बल्कि नवंबर से अब तक बढ़ी हुई पेंशन भी नहीं दी गई है। अभी तक एक लाख से अधिक लोगों की पेंशन काटी जा चुकी है।

-अभय सिंह चौटाला
राष्ट्रीय अध्यक्ष, इनेलो

जब उनकी सरकार आएगी तब वे अपने वादे पूरे कर लें। अभी तो हालात ऐसे हैं कि 'न नौ मण तेल होगा और न राधा नाचेगी'। यानी फिलहाल यह केवल बयान के अलावा और कुछ नहीं है।

-कृष्ण बेदी
काबीना मंत्री
हरियाणा सरकार



# चंबल के दस्यु जैसे ही हैं डिजिटल डकैत



अजय दयाल
हल्द्वानी

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में साइबर ठगी के जरिए लूटी गई रकम के आपराधिक कृत्य को यूं ही डकैती नहीं करार दिया। किसी का घर बैठे उसके मेहनत की बड़ी कमाई लुट जाना वाकई डकैती ही है। आज भले दृश्य चंबल के डाकुओं जैसा न हो पर डिजिटल दुनिया के नये डाकू आपराधिक कृत्य ठीक वैसा ही कर रहे हैं। फर्क इतना ही है कि घर में दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, हथियार के बल पर धमका कर आबरू, गहना, दौलत लूटना या मर्डर नहीं कर रहे, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि किसी को डिजिटल अरेस्ट कर, वही सब कुछ अनैतिक, आपराधिक कर रहे हैं, जैसा कि चंबल के दस्यु किया करते थे।

अब वीडियो कॉल पर किसी स्त्री-पुरुष का चारित्रिक हनन करने के नाम वसूली क्या है? अब तो डिजिटल रेप की भी शब्दावली आम होती जा रही है। वहीं, डिजिटली बंधक बनाकर किसी की जमा-पूंजी लूट लेना क्या है? और जिसका यह सब कुछ लुट जाए उसकी सदमे से मृत्यु हो जाना अथवा उसका सुसाइड कर लेना क्या हत्या नहीं? दरअसल, साइबर ठगी किसी व्यक्ति या परिवार को केवल आर्थिक रूप से ही चोट नहीं पहुंचाती, बल्कि इस कारण उसे मानसिक आघात भी पहुंचता है और सामाजिक दुर्गति हो जाती है। यहां तक कि ऐसे कारणों से उसकी मृत्यु तक हो जाना वाकई गंभीर और दुखदायी है।

यानी ऐसी वारदातों के चलते जीवन भर की जमा-पूंजी, रिटायरमेंट फंड या बच्चों की शिक्षा के लिए रखे पैसे एक झटके में चले जाते हैं, जिससे परिवार कर्ज में डूब जाता है। पीड़ित शख्स और उसके परिजन अक्सर गहरे सदमे, अवसाद में चले जाते हैं, आत्म-दोष महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, तमाम मामलों में पीड़ित परिवार आपसी झगड़ों और अलगाव का शिकार बन जाते हैं। डिजिटल क्राइम के शिकार का समाज में मजाक बनने लगता है, उसे लोग मूर्ख तक करार देने लगते हैं। यही कारण है कि इस भय से कई लोग इसकी पुलिसिया रिपोर्ट तक कराने की हिम्मत नहीं जुटाते कि बात सार्वजनिक होगी और लोग मजाक बनाएंगे। वास्तव में यह स्थिति भुक्तभोगी को अंदर से खोखला कर देती है।

एक रिपोर्ट बताती है कि डिजिटल डकैतों ने हमारे देश में बीते साढ़े चार सालों में साइबर ठगी के जरिए 50 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की रकम लूटी है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि देश के कई छोटे राज्यों का वार्षिक बजट भी इसके मुकाबले कम है। स्वाभाविक है, सुप्रीम कोर्ट ने इसी भयावह स्थिति पर चिंता प्रकट की और साफ शब्दों में कहा कि यह कृत्य महज धोखाधड़ी नहीं, बल्कि 'खुलेआम डकैती' है।

अदालत ने बैंकों की भी कार्यशैली पर कटाक्ष किया। कहा कि डिजिटल अरेस्ट के जाल में फंसकर जो ग्राहक बड़े लेन-देन कर देते हैं, उसके लिए बैंक भी जिम्मेदार हैं। कायदे से बैंकों को एक ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए कि बड़ा लेनदेन समय रहते तत्काल चिन्हित हो सके। अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में एक व्यावहारिक और उदार नजरिया अपनाया जाना चाहिए।

कोर्ट ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष भी पूरे होमवर्क के साथ किया। मुख्य न्यायाधीश के मुताबिक, अगर कोई बड़ी व्यापारिक कंपनी करोड़ों का लेन-देन करती है, तो यह सामान्य प्रक्रिया हो सकती है और माना जा सकता है कि बैंक की व्यवस्था उस पर संदेह न करे, लेकिन जब कोई आम ग्राहक, जो आमतौर पर केवल 10 हजार या 20 हजार रुपये निकालता है, अचानक 25 लाख या 50 लाख रुपये का लेन-देन करने लगे, तो ऐसे में बैंकों को 'अलर्ट' जारी करना चाहिए। ऐसा अलर्ट जारी करने में बैंकों में लगे एआई टूल्स कब काम आएंगे।

ग्राहकों को सतर्क, सावधान करने संबधी संदेश बैंकों और केंद्र की सुरक्षा इकाईयों के माध्यम से चलते रहते हैं। बस इन जागरूकता फैलाने वाले संदेशों को अमल में भी लाने की आवश्यकता है। जैसे कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना है, ओटीपी, पासवर्ड या पिन किसी के साथ शेयर नहीं करना है, संदेह होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करना है या फिर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी है वगैरह-वगैरह। यही नहीं अगर आप या आपका परिचित ऐसे किसी घटनाक्रम का शिकार होकर डिप्रेशन में जा रहा है, तो हेल्पलाइन–निमहांस (एनआईएमएचएएनएस) जैसे संसाधनों से सहायता भी ली जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसी इकाईयों के साथ मिलकर ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर' (एसओपी) बनाने को कह दिया है। पिछले साल दिसंबर में, सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल अपराधियों द्वारा देश से बाहर भेजी जा रही भारी-भरकम धनराशि पर भी चिंता प्रकट की थी। उस वक्त भी अदालत ने केंद्र सरकार से 'एमिकस क्यूरी' (अदालती मित्र) द्वारा पीड़ितों को मुआवजा सुनिश्चित करने के सुझावों पर विचार करने को कहा था।

> डिजिटल ठगी करने वाले दुनिया के नए डकैत हैं। बस वो घर का दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, लेकिन डिजिटल अरेस्ट कर चंबल के दस्यु जैसा ही काम कर रहे हैं।

## सामयिकी

# 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' से भारतीय भी प्रभावित



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

जितना स्क्रीन टाइम, उतना बड़ा नुकसान, लेकिन चिकित्सा से जुड़ी नई रिसर्च रिपोर्ट ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं। रिसर्च बताती है कि मोबाइल या स्क्रीन का अत्याधिक प्रयोग ने नाना प्रकार की स्वास्थ्य बीमारियों को परोसना आरंभ कर दिया है, जिससे दृष्टि हानि, मांसपेशियों और हड्डियों से संबंधित विकार, अजीब किस्म के कैंसर लक्षण और मोटापा जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के होने का पता चला है। 10 मुल्क इस समस्या से ज्यादा प्रभावित हैं, जिसमें भारत भी शामिल है।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट में स्मार्टफोन को सिरहाने रखकर सोने को सबसे अधिक खतरनाक बताया गया है, जिन्हें अक्सर ऐसा महसूस होता है कि जेब में रखा फोन वाइब्रेट कर रहा है या बज रहा है, पर चेक करने पर न कोई कॉल और न कोई मैसेज होता है। अगर ऐसा किसी भी मोबाइल धारक को एहसास होता है, तो सावधान हो जाना चाहिए। ये सिर्फ वहम नहीं, बल्कि एक नई मानसिक बीमारी की दस्तक है। इसे 'फोन फोबिया' या 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। इससे भारत में काफी बड़ी आबादी प्रभावित है, जिनमें नाबालिग, जिनकी उम्र 14 से 17 के बीच है, ज्यादा हैं। कामकाजी लोगों को छोड़कर स्कूल-कॉलेज बच्चे और युवा पीढ़ी इस समस्या में सर्वाधिक फंसा है। रिपोर्ट की मानें तो ये खतरनाक मानसिक संकट भविष्य के लिए किसी चुनौती से कम नहीं? सेलफोन विकिरण से लोगों की ग्रैनुलोसा कोशिकाएं सूखने लगी हैं। गर्भवती महिलाओं में भ्रूण के आसपास पानी की मात्रा में कमी और एएलटी-एएसटी का स्तर बढ़ना भी रिपोर्ट में बताया गया है।

डब्ल्यूएचओं की मानें तो पिछले चार वर्षों में विभिन्न प्रकार के कैंसर इंसानों में पाए जाने लगे हैं, क्या उनका संबंध मोबाइल से है? इसकी खोज और पड़ताल के लिए दुनिया भर में बड़े स्तर पर अध्ययन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी तरंगें ब्रेन ट्यूमर और कैंसर का कारण भी बनने लगी हैं। सालाना छह लाख से ज्यादा मोबाइल फोबिया के शिकार मरीज देशभर के अस्पतालों में भर्ती होते हैं। विश्व का आंकड़ा करोंड़ों में है। बढ़ती समस्या के बाद नौबत ऐसी आ चुकी है कि विभिन्न प्रदेशों के मुखिया अपने प्रदेश वासियों से कम मोबाइल इस्तेमाल और सर्तकता बरतने का आह्वान करने लगे हैं। जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट के बाद ही बीते दिनों देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को युवाओं के नाम एक सार्वजनिक खत लिखना पड़ा। जागरूकता फैलाने के लिए बकायदा अखबारों में इश्तेहार भी सरकार को देने पड़े।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की ओर से यह सर्वे बीते माह जनवरी में करवाया गया था, जिसमें 70-75 फीसदी युवाओं ने माना कि वो प्रत्येक चार या पांच मिनट में अपना मोबाइल देखते हैं, जिसमें 40 फीसदी ने यह भी स्वीकारा कि ज्यादा देर तक मोबाइल नहीं देखने पर उन्हें बेचैनी, अनिद्रा और चिड़चिड़ेपन का एहसास होने लगता है।

मनोवैज्ञानिकों और काउंसलरों की सलाह है कि अगर मोबाइल फोबिया से खुद को बचाना है, तो मोबाइल के प्रयोग का वक्त तय करें, सोने से पहले फोन का इस्तेमाल कतई न करें और गैरजरूरी नोटिफिकेशन को इग्नोर करते रहें। इसके अलावा ट्रैकर का उपयोग करना चाहिए। अलार्म के लिए फोन की जगह घड़ी का उपयोग किया जाए। एक्टिविटी जरूर बढ़ाएं, खाली समय में किताबें पढ़ें, व्यायाम करें या मित्रों-परिजनों से बात करें। लत अगर बहुत अधिक है, तो बिना देर किए किसी एक्सपर्ट से सलाह लेने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। विशेषज्ञों की मानें तो वयस्कों के लिए दो से तीन घंटे और बच्चों-किशोरों के लिए दो घंटे तक ही एक दिन में मोबाइल चलाना चाहिए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।





# आग राग गाता मदमाता आया फागुन

आसमान का रंग बदला और धरती खिलखिला उठी। ऋतु ने अंगड़ाई ली, प्रकृति मुस्कुराई। धूप थोड़ी तपी तो ढेरों फूल खिले। कूक-कूक कर हूक उठाती कोयल की पंचम तान प्राणों को सुलगाती अंग-अंग में आग जगाने लगी। दबी आग किस अनुराग से जगती है यह बसंत को पता है। बाग-बगीचों में, दूर सुदूर खेतों में, नदी तालाब के कूल कछारों में, हरे-हरे पत्तों, डालियों और रंग-बिरंगे फूलों की नरम-नरम पंखुड़ियों पर कोमल मुलायम मखमली आग तैरने लगी -

तन मन यौवन जल रहा,जले फाग की आग।
जमकर आज दिगंत में, गुंजे आग का राग।।'



संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक

दिग्वधुओं ने अपने घूंघट उठा लिए। लाज के अंदाज बदल गए। पेड़ों ने साज संभाला। लताओं ने पाजेब पहन ली। जीवंतता से भर गया जर्रा जर्रा। जड़ में चैतन्य क्या उतरा कि कंकड़ कंकड़ में शिवशंकर नाच उठे। भूत-प्रेत-बैताल भी साज सज्जा में सुसज्जित हो रंग गुलाल उड़ाने लगे। बाबा बौड़म अघोरेश्वर देवाधिदेव महादेव आशुतोष भूत भावन भोलेनाथ बारात लेकर निकल पड़े। वसंत का राग-अनुराग शिव की बारात में रंग-गंध की तरंग लिए जा घुसा। रागी-विरागी योगेश्वर शिव लय के आरोह-अवरोह से पोर-पोर झंकृत हुए, तो उनके पांवों में थिरकन उतर आई और वे उमंग में लगे नाचने। वसंत ने अनंत शिव में असीम ऊर्जा का संचार किया तो वे नटराज हो गए और जब वसंत ने उन्हें मदन-रूप में उन्मत्त करना चाहा तो रौद्र रूद्र बनकर, उन्होंने प्रलयंकारी तांडव का धमाल मचाया। वसंत छंद बनकर कंठहार होता है, तो बेतरतीब होकर अंगार भर रह जाता है। लास्य और तांडव का संतुलन है वसंत। सलीके से वसंत को संभाल लेने का उन्नत अवसर महाशिवरात्रि है। महाशिवरात्रि शिव-शक्ति के महामिलन का विराट आध्यात्मिक पर्व है।

वसंत फागुन की अगवानी करता हर दिशा में दमक रहा है। रंग-तरंगों पर मंद-मंद लहराती मलय बयार, टेसू के फूलों से फूटती लाल-लाल बौछार, पिक पंचम की उल्लसित ज्वार। ऐसे में भला कैसे न झरना हुआ मन सागर हो जाए। पूरा का पूरा वासंती परिवेश है। खुशबू से भरी झूमती हवाएं, बहकती हुई दिशाएं। आम पर बौर लद गए, पीपल के पत्तों में चमक बढ़ गई। गेहूं की बालियां निखरने लगीं, महुए की मादकता बिखरने लगीं। बलखाती लहराती नदियों को सूरज की किरणों ने चूमा तो वह लहर-लहर पर चमक उछालती कौंधने लगीं। अपने आप ही सबकी चाल बहकी, हर गाल बिना गुलाल मले ही गुलाबी हो गए, अनजाने ही मद में पद डगमग-डगमग होने लगे। आसमान मदहोश मुस्कुराहटों से धरती को निहारने लगा तो धरती भी निहाल हुई और सरसों के पीले फूलों की पिचकारियां मारने लगी। उड़ने लगी बहुरंगी तितलियां, मचलने लगे भौंरे, गाने लगी चिड़ियां। अंग अंग में तैरने लगा सुरीला नशा, पूरे वातावरण में फैल गया सुरूर और मृदुल गुदगुदाहटों से मादक हो उठा अंतरिक्ष। आक्षितिज आलोड़ित होने लगा अनकहे आस्वाद का अद्भुत आलोक। ऐसा आलोक जिसमें अदृश्य है रंग ही रंग, गंध ही गंध, संगीत ही संगीत। कुछ भी अछूता नहीं रहा। जड़ चेतन सब स्पंदित उद्वेलित हो उठे। लय की लहरियों पर तरंगित होता हुआ प्रेम पुलकित पैंगें मारता फागुन आ गया। -

'फागुन ने अंकित किया,प्यार प्यार बस प्यार।
प्यार नाम है जिंदगी, प्यार धरा का हार।।'







शिव-शक्ति को संयोजित करता वसंत रंग गंध की पालकी उठाए फागुन का अलख जगाने लगा। 'नव गति नव लय ताल छंद नव' पर जब सब मदहोश होने लगे तो फागुन ने कोयल-स्वर में मधुर शोर मचाना शुरू किया। तब भी मदहोशी नहीं टूटी, तो फागुन ने पेड़ों पर मंजरियों की आग जला दी। टेसू और पलाश के फूल दहक उठे। फागुन ने आग की लपटें उठाई तो आकुल आह्लाद के उन्मादी स्फुलिंग उड़ने लगे। फागुन के अग्नि-अंक में समाहित होने लगा अस्तित्व। कुटिलता की होलिका जलकर राख हो गई और आह्लाद का प्रह्लाद अलौकिक रंग-गंध में डूबकर उबर आया। आह्लाद, आनंद और आत्मीयता का फागुनोत्सव परम सत्ता को भी ऐसा छू गया कि दिगंबर शिव मसान में ही मगन मस्त हो खेलने लगे होली। वसंत की मादकता और फागुनी उल्लास से उन्मादित हुआ कामदेव तो उसने दिगंबर शिव पर ही संधान कर दिया अपना मदन-बाण। काम के बाण से विद्ध हो शिव उन्मत्त नहीं हुए उद्धत हुए और लगे क्रोध में नाचने। ब्रह्मांड के सबसे बड़े प्रेमी शिव। उन्होंने अपने प्रेम की अक्षुण्णता और अखंडता के लिए काम को भस्म कर दिया। एक दूसरे में अंतर्भुक्त शिव और शक्ति काम रहित कामजित हैं। वसंत और फागुन कामोद्वेलन के समस्त द्वंद्वों से परे कामोद्दीपक अलौकिक ऊर्जा हैं। फागुन की मस्ती होली के रूप में व्यक्त होती है। भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा में योगीराज शिव और योगेश्वर कृष्ण में सन्निहित फागुनोत्सव के असीम प्रवाह और अनंत उल्लास के दर्शन हमारे चित्त की निर्मलता और भाव के औदात्य के परिचायक हैं। शिव और कृष्ण दोनों प्रेमी हैं। असीम, अनंत, अटूट, अखंड, अछोर और अनीह है दोनों का प्रेम। प्रेम की पराकाष्ठा और दिव्यता में डूबे शिव और कृष्ण शाश्वत हैं। शाश्वत है वसंत और शाश्वत है फागुन भी। -

' प्रेम अनोखा रंग है , प्रेम अनोखा छंद।
फागुन ने चिल्ला कहा,इसको दिया अनंत।।

अहर्निश अनंत राग गाता अंबर और धरती के बीच अनुराग से भरा हुआ जो शून्य है वह अनछुआ, अनदेखा, अनकहा और अलौकिक है। जाने कब से सौंदर्य का अदृश्य सागर लगातार लहरा रहा है धरती और अंबर के बीच। धरती और अंबर के बीच ही जीवन और मरण का महारास चलता रहता है। यह शून्य ही ब्रह्म और जीव का सम्मोहक क्रीडा स्थल है। माया का खेल चल रहा है निरंतर। रंग और गंध का आनंद उत्सव मनाता आग राग गाता मदमाता फागुन आया है। फागुन के आते ही आए हैं अनेकानेक भाव विभाव अनुभाव। आई हैं अंतश्चेतना में अनंत अनुभूतियां।

वसंत और फागुन को अंतर में समाहित कर हम प्रार्थना करें कि इन अनुभूतियों की आग में असीम करुणा समाहित हो और राग अनुराग की ऐसी लय संपूर्ण विश्व में फैल जाए, जिसमें सब रंग-गंध के प्रेमपुलक में डूब एकरस एकतान हो जाएं। कोई किसी से विलग नहीं हो और फाग-आग के राग में ऐसे लहराएं कि एक दूसरे के अस्तित्व को कोई विलग भी नहीं कर सके। फागुन का संदेश है कि हम शुद्धआत्मा प्रबुद्ध बनें और हर युद्ध के विरुद्ध करुणा का ध्वजारोहण करें।

'होली में सबको मिले, हंसी-खुशी सौगात।
सराबोर दिन रंग में, गंध भरी हो रात।।

सक्सेस स्टोरी

# कल्पना सरोज : झोपड़ी से उद्योगपति तक

कल्पना सरोज भारत की एक प्रेरणादायक महिला उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने गरीबी, जातिगत भेदभाव और व्यक्तिगत संघर्षों से उबरकर एक सफल व्यवसाय साम्राज्य स्थापित किया है। वे कमानी ट्यूब्स की चेयरपर्सन हैं और उनकी कुल संपत्ति लगभग 112 मिलियन डॉलर आंकी जाती है। उनकी कहानी को अक्सर 'स्लमडॉग मिलियनेयर' की वास्तविक संस्करण के रूप में वर्णित किया जाता है।



## प्रारंभिक जीवन

कल्पना सरोज का जन्म 1960 के दशक की शुरुआत में महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव रोपरखेड़ा में एक दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस कांस्टेबल थे और परिवार गरीबी और जातिगत भेदभाव से जूझता था। गांव में लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध था, लेकिन उनके पिता ने उन्हें स्थानीय स्कूल में दाखिला दिलाया, जहां वे पढ़ाई में उत्कृष्ट रहीं। हालांकि, दलित होने के कारण उन्हें स्कूल में भेदभाव का सामना करना पड़ाकृवे स्कूल के कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले सकती थीं, और अन्य बच्चों के माता-पिता उन्हें अलग रखते थे।



रूफिया खान
शिक्षिका

## विवाह और शुरुआती संघर्ष

उस समय ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह आम था, और लड़कियों को परिवार का बोझ माना जाता था। मात्र 12 वर्ष की उम्र में कल्पना का विवाह कर दिया गया। वे मुंबई के एक स्लम में पति और ससुराल वालों के साथ रहने लगीं, जहां उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं सहनी पड़ीं। वे भूखी रखी जातीं, पीटी जातीं और नौकरानी से भी बदतर व्यवहार किया जाता। छह महीने बाद, उनके पिता ने उन्हें पहचानकर वापस घर ले आए और विवाह समाप्त कर दिया। लेकिन गांव में वापस आने पर उन्हें और उनके परिवार को ताने और अपमान सहने पड़े। हताश होकर उन्होंने तीन बोतल कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन परिवार ने उन्हें बचा लिया।

## मुंबई में नई शुरुआत

गांव में नौकरी के अवसर न होने पर, कल्पना ने माता-पिता को मनाकर मुंबई में चाचा के घर जाने की अनुमति ली। वहां उन्होंने एक गारमेंट फैक्ट्री में काम शुरू किया, जहां उन्हें महीने में 60 रुपये मिलते थे। वे सीनियर टेलर बन गईं और अतिरिक्त सिलाई से 100 रुपये और कमातीं। जब उनके पिता की नौकरी चली गई, तो वे परिवार की एकमात्र कमाने वाली बनीं। उन्होंने 40 रुपये में एक कमरा किराए पर लिया और परिवार को मुंबई बुला लिया। एक दुखद घटना में उनकी छोटी बहन की बीमारी से मौत हो गई, क्योंकि इलाज के पैसे नहीं थे। इसने उन्हें धन कमाने की प्रेरणा दी और वे 16 घंटे काम करने लगीं, एक आदत जो आज भी जारी है।

## व्यावसायिक यात्रा

1975 में महात्मा ज्योतिबा फुले योजना के तहत 50,000 रुपये का लोन लेकर उन्होंने एक बुटीक खोला और फर्नीचर का रीसेलिंग बिजनेस शुरू किया। वे उल्हासनगर से सस्ते फर्नीचर खरीदकर बेचतीं। व्यवसाय स्थिर होने पर, उन्होंने बेरोजगारों की मदद के लिए एक एसोसिएशन बनाई। 1995 में, उन्होंने एक विवादित जमीन ख़रीदी, जिस पर दो साल मुकदमा चला, लेकिन जीत हासिल की। फिर एक बिल्डर के साथ साझेदारी में 35 प्रतिशत लाभ पर विकास किया, और रियल एस्टेट में प्रवेश किया। 1998 तक, उनका रियल एस्टेट टर्नओवर 4 करोड़ रुपये पहुंच गया। उन्होंने गन्ने की फैक्ट्री में निवेश किया और कई कंपनियां स्थापित कीं, जैसे कमानी स्टील री-रोलिंग मिल्स, कमानी ट्यूब्स, कल्पना सरोज एंड एसोसिएट्स, कल्पना बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, सैकृपा शुगर फैक्ट्री, और केएस क्रिएशन्स फिल्म प्रोडक्शन। उनके कुल बिजनेस टर्नओवर हजारों करोड़ रुपये है।

## कमानी ट्यूब्स का पुनरुद्धार

2000 में, कल्पना के पास व्यक्तिगत संघर्ष, उद्यमिता और ब्लू-कॉलर वर्कर्स की फाइनेंस का अनुभव था। 2001 में, दिवालिया कमानी ट्यूब्स के वर्कर्स ने उनकी एनजीओ से मदद मांगी। कंपनी पर 116 करोड़ रुपये का कर्ज था, 140 मुकदमे थे, और उपयोगिताएं बंद थीं। कल्पना ने सीईओ बनकर कर्ज चुकाए, मशीनरी बदली, उत्पादन शुरू किया, और कंपनी को लाभदायक बनाया। यह भारत की पहली कंपनी थी जहां सुप्रीम कोर्ट ने मालिकाना हक वर्कर्स यूनियन को सौंपा था। आज कंपनी 750 करोड़ रुपये की है।

## सामाजिक कार्य

कल्पना ने एक छोटी एनजीओ शुरू की, जो वंचितों को सरकारी लोन और योजनाओं की जानकारी देती है। उन्होंने कल्पना सरोज फाउंडेशन स्थापित किया, जो सामाजिक कल्याण कार्य करता है। वे दलित समुदाय की मदद करती हैं, बेरोजगारों को सहायता प्रदान करती हैं, और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देती हैं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर भी रहीं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर रहीं और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बैंगलोर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में शामिल हैं। एक बौद्ध अनुयायी के रूप में, वे डॉ. भीमराव अंबेडकर से प्रेरित हैं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर ज़ोर देती हैं।


## पुरस्कार और सम्मान

2013 में, उन्हें ट्रेड एंड इंडस्ट्री के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उद्यमी हैं, और भारत सरकार ने उन्हें भारतीय महिला बैंक के बोर्ड में नियुक्त किया।

## वर्तमान स्थिति

आज 60 के दशक में होते हुए भी, कल्पना सक्रिय रूप से अपने व्यवसायों का नेतृत्व करती हैं। उनकी कहानी साबित करती है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनका दर्शन है, ''कड़ी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। जो आप चाहते हैं, वह आपको मिलेगा अगर आप पूरे मन से काम करें और एकाग्रचित्त होकर लक्ष्य की ओर बढ़ें।'' कल्पना सरोज की जीवन गाथा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाती है कि विपरीत परिस्थितियों से उबरकर सफलता कैसे पाई जा सकती है।

# एक खत के जरिए छलका पलायन का दर्द




प्रिय भाई, मैं आशा करती हूं कि तुम अपने परिवार के साथ दिल्ली में कुशलता से और प्रसन्न होगे। पिछले दिनों धुमाकोट के पड़ोसियों से पता चला कि मां जी और बाबूजी दोनों का स्वास्थ्य इन दिनों ठीक नहीं चल रहा है। आसपास के लोग यथासंभव उनकी देखभाल कर रहे हैं। मैं पीरुमदारा में रहते हुए भी बराबर उनका हाल-चाल लेती रहती हूं, फिर भी मन आशंकित रहता है। तुम्हें भी उनकी तबीयत के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए और समय निकालकर उनसे फोन पर बात किया करो। यह बात मैं पहले भी कह चुकी हूं। इस वर्ष पहाड़ों में अधिक वर्षा के कारण मौसम कुछ ज्यादा ठंडा हो गया है और आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। पिताजी को कफ की शिकायत रहती है, खासकर जाड़े के दिनों में, जिससे उनका अस्थमा बढ़ जाता है। वहीं वात रोग के कारण मां जी के दाहिने घुटने में सूजन आ गई है। मेरा मन नहीं माना और मैं उन्हें देखने गांव पहुंच गई। मुझे देखकर मां जी और बाबूजी की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने भावुक होकर कहा, "बेटी, तुम हमारा कितना ख्याल रखती हो। भावेश दिल्ली जाकर बस गया है, अब हमारा हाल-चाल भी नहीं लेता।" यह सुनकर मेरा हृदय बहुत व्यथित हो उठा। तुम्हारा दूसरा भाई सुनील निजी कंपनी में काम करने के कारण नोएडा में अत्यधिक व्यस्त रहता है। पिछले वर्ष गांव में पूजा के अवसर पर वह बहुत कम समय के लिए ही आ पाया था। आज सबसे बड़ी समस्या यह है कि गांव में मां-बाबूजी की देखभाल कैसे हो और कौन करे। इस विषय पर मैं लगातार सोचती रहती हूं। मैंने जीजा जी से बात की तो उन्होंने सुझाव दिया कि मैं मां-बाबूजी को पीरुमदारा ले आऊं, पर बात इतनी सरल नहीं है। गांव में हमारा पुश्तैनी मकान और दो नाली जमीन है। मैंने कई बार मां-बाबूजी से कहा कि वे मेरे साथ पीरुमदारा चलकर रहें। एक बार बहुत समझाने पर उन्हें यहां ले भी आई, लेकिन उनका मन नहीं लगा और वे वापस गांव लौट गए। अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही। दोनों ही कमजोर हो चुके हैं। उनके स्वास्थ्य, खान-पान और दवाइयों का नियमित ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह लिखते हुए मेरा मन बहुत भावुक हो रहा है कि तीन संतानों के माता-पिता बुढ़ापे में आज अकेले जीवन काट रहे हैं। पड़ोस की सरुली ताई बताती हैं कि वे रामनगर की ओर से आने वाली हर बस को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, शायद भावेश या सुनील आ रहे हों। तुम जानते हो कि मेरी शादी को बारह वर्ष हो चुके हैं और मैं अपने परिवार व बच्चों की जिम्मेदारियों में भी बंधी हूँ। कोविड काल में सासू मां के निधन के बाद मेरे ससुर जी अकेले पड़ गए हैं। उन्हें शुगर और बीपी की समस्या है। इसके बावजूद उन्होंने स्वयं कहा कि मैं धुमाकोट जाकर अपने माता-पिता के साथ कुछ दिन रह आऊं। मैं केवल यही चाहती हूं कि अम्मा-बाबूजी का शेष जीवन सम्मान और सुकून के साथ बीते। तुम आर्थिक रूप से सक्षम हो और माता-पिता के त्याग व संघर्ष को भली-भांति समझते हो। उन्होंने कभी बेटा-बेटी में भेद नहीं किया। इसलिए गांव में लोग कहते हैं कि "राधिका पटवाल जी का तीसरा बेटा है।" इन सभी बातों पर गंभीरता से विचार करना और मेरे इस पत्र का उत्तर देना।



संतोष कुमार तिवारी
नैनीताल

जॉब का पहला दिन

# जिम्मेदारी की दहलीज पर पहला कदम



20 दिसंबर 2010 का दिन था, जब मुझे पहली बार स्थायी तौर पर अपनी प्रथम नियुक्ति के विद्यालय प्राथमिक विद्यालय जाहिदपुर, शाहबाद, रामपुर में जाना था। मेरा जन्मदिन 24 दिसंबर को होता है। इस प्रकार से दिसंबर में सरकारी सेवा में आना एक प्रकार से जन्मदिन के पूर्व उपहार जैसा था। मैंने जीवन में कभी कोई ट्यूशन तक नहीं पढ़ाई थी। बस बीएड और विशिष्ट बीटीसी के प्रशिक्षण के दौरान, जो शिक्षण अनुभव था वही था। ऐसे में जब पहली बार विद्यालय पहुंचा, तो वास्तविक परिस्थितियां किताबी ज्ञान से अलग और चुनौतीपूर्ण थीं।

इन परिस्थितियों ने मुझे जहां जीवन की सच्चाइयों से रूबरू करवाया, मुझे तपाया वहीं मुझे मजबूत भी किया। विद्यालय में बिताया गया हर एक पल मेरे अनुभव को पुख्ता कर रहा था। मैं धीरे-धीरे इन चुनौतियों से लड़ना और मुस्कराकर हर समस्या का हल ढूंढना सीख गया। परिषदीय विद्यालयों में होने वाली दैनिक प्रार्थना 'वह शक्ति हमें दो दयानिधे' ने मुझे बहुत हिम्मत प्रदान करी। जब इस प्रार्थना को प्रतिदिन सुनता था। तब मन में एक ही बात आती थी कि 'हम दीन दुखी निबलों विकलों के सेवक बन संताप हरें' क्योंकि इस राह पर चलेंगे तभी तो 'उनको तारें खुद तर जावें' वाली पंक्ति सत्य सिद्ध होगी। पदोन्नति के बाद 2016 में बरेली में स्थानांतरण भी हो गया। 2016 से अब तक मैं उच्च प्राथमिक विद्यालय रहटुइया, मझगवां, बरेली में कार्यरत हूं। रामपुर में मैं कक्षा 1- 5 तक के बच्चों को पढ़ाता था, तो यहां कक्षा 6 से 8 के बच्चों को शिक्षित करने लगा और इनमें प्रतियोगिता की भावना का संचार किया। परिणामस्वरूप वर्ष 2023 और 2025 में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति जैसी कठिन प्रतियोगिता में विद्यालय से छात्र सफल हुए और 2026 में भी दो छात्रों के सफल होने की संभावना है। विद्यालय और बच्चों से मुझे इतना प्रेम है कि 2024 में 'भूतिया मास्साब' नाम का उपन्यास लिखा है जिसमें एक ऐसे अध्यापक की कहानी है जो मृत्यु के बाद भी भूत के रूप में अपने बच्चों की सहायता करते रहते हैं। हिन्दी फंतासी जो लगभग अछूता क्षेत्र है उसमें मैं 'हाथिस्तान' नाम की श्रृंखला लिख रहा हूं।



प्रांजल सक्सेना
शिक्षक, बरेली

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,626.76 | 25,471.10 |
| गिरावट | 1,048.1 | 336.10 |
| प्रतिशत में | 1.25 | 1.30 |

सोना 1,58,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शनिवार, 14 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2595, राजश्री 1900, फॉर्चून कि. 2410, रविन्द्रा 2510, फॉर्चुन 13 किग्रा 2130, जय जवान 2110, सचिन 2190, सूरज 2110, अवसर 1940, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1960, क्लासिक (किग्रा) 2310, मोर 2305, चक्र टिन 2360, ब्लू 2200, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2550

**किराना :** महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000-21000, धनिया 11000-12000, अजवायान 14000-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 10000-20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि.) लौंग 850-1000, बादाम 800-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350-400, मखाना 950-1100

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा,5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

## हल्द्वानी मंडी

**चावल** शरबती 4400, बासमती 8200-9000, मसूरी 1200, परमल 2200-4000

**दाल दलहन :** काला चना 2600-3700, साबुत चना दाल 1000, मूंग साबुत 5000, राजमा 9200-12000, दाल उड़द 7000, साबुत मसूर दाल 4000, मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10200, काबुली चना 7400-10200, अरहर दाल 10300 -12200, लोबिया/करमानी 2000-4000

# इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक

## नीति आयोग की रिपोर्ट में रणनीतिक कलपुर्जों का विनिर्माण बढ़ाने पर जोर


**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए संरचनात्मक लागत संबंधी चुनौतियों का समाधान करना, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का बेहतर ढंग से फायदा उठाना और रणनीतिक कलपुर्जों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना होगा। नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है।

आयोग की शुक्रवार को जारी 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' रिपोर्ट के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र का दुनियाभर में 4.6 लाख करोड़ डॉलर का बाजार है, लेकिन 2024 में भारत की हिस्सेदारी लगभग एक प्रतिशत ही रही। कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) और सेमीकंडक्टर जैसे उच्च-प्रौद्योगिकी कलपुर्जों के बाजार पर चीन, हांगकांग और ताइवान का दबदबा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में कई देशों एवं समूहों के साथ हुए एफटीए से भारतीय उत्पादों की विदेशी बाजार तक पहुंच बेहतर हुई है, लेकिन अस्थिर भू-राजनीतिक माहौल में निवेश जुटाने के लिए घरेलू खरीद नीति में अनुमान लगा पाने की क्षमता, निर्यात वित्त और विनियामक सरलीकरण पर अधिक जोर देना होगा।

नीति आयोग ने सुझाव दिया कि भारत की रणनीति को असेंबली आधारित वृद्धि से आगे बढ़कर कलपुर्जा-आधारित विनिर्माण की ओर स्थानांतरित होना चाहिए। आपूर्ति पक्ष पर प्रोत्साहनों को घरेलू मूल्य संवर्धन, निरंतर शोध एवं विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने वाले एंकर निवेश से जोड़ा जाना चाहिए।

**दुनिया में 4.6 लाख करोड़ डॉलर का है इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार, भारत की हिस्सेदारी सिर्फ एक प्रतिशत, चीन, हांगकांग और ताइवान का दबदबा**



### भारतीय निर्यात में मोबाइल फोन का 52.5% हिस्सा

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात मुख्यतः अमेरिका, यूएई एवं नीदरलैंड को होते हैं और इनमें मोबाइल फोन की हिस्सेदारी 52.5 प्रतिशत है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स आयात में इंटीग्रेटेड सर्किट, मोबाइल फोन और डेटा प्रोसेसिंग मशीनों की बड़ी हिस्सेदारी है। सितंबर तिमाही में देश के कुल वस्तु एवं सेवा निर्यात में लगभग 8.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जो आयात वृद्धि से अधिक रही। रिपोर्ट के मुताबिक, सीमापार ई-कॉमर्स 2030 तक निर्यात वृद्धि का प्रमुख माध्यम बन सकता है।

### अमेरिका ने ताइवान पर लगे प्रतिबंध कम करने के लिए किया समझौता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ताइवान के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत ताइवान अपने 99 प्रतिशत टैरिफ अवरोधों को हटाने या कम करने पर सहमत हुआ है। अमेरिका कंप्यूटर चिप के उत्पादन के लिए ताइवान पर काफी हद तक निर्भर है। वर्ष 2025 के पहले 11 महीने में चिप निर्यात के कारण दोनों देशों के बीच करीब 127 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया गया। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के मुताबिक ताइवान से अमेरिका आने वाले निर्यात पर 15 प्रतिशत शुल्क या अमेरिकी सरकार की सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र दर लागू होगी। यह 15 प्रतिशत दर एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य अमेरिकी व्यापार साझेदारों जैसे जापान व दक्षिण कोरिया पर लागू दर के समान है।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में 13 प्रतिशत बढ़ी : सियाम

**नई दिल्ली।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 4,49,616 इकाई हो गई। जनवरी 2025 में यह 3,99,386 इकाई रही थी। जनवरी में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 26 प्रतिशत बढ़कर 19,25,603 इकाई हो गई जबकि पिछले साल जनवरी में यह 15,26,218 इकाई थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि स्कूटर की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 7,50,580 इकाई हो गई जबकि मोटरसाइकिल की थोक बिक्री 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,26,416 इकाई रही।

बयान के अनुसार, तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़कर 75,725 इकाई हो गई जबकि जनवरी 2025 में यह 58,167 इकाई रही थी।

# रिलायंस को वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिल गया है। इस अनुमति से देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी आरआईएल रियायती दर पर उपलब्ध भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी।

वेनेजुएला का कच्चा तेल गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी की संरचना के अनुकूल है और उसके रिफाइनिंग मार्जिन को बेहतर बना सकता है। जनवरी के अंत में अमेरिका ने कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल खरीदने की सामान्य अनुमति दी। इससे पहले अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण वेनेजुएला से सीधे तेल खरीद पर रोक लगी हुई थी और तेल की आपूर्ति कारोबारियों के माध्यम से हो रही थी।



- **रियायती दर पर भारी कच्चे तेल के आयात का रास्ता साफ**

पिछले महीने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंदी बनाकर अमेरिकी जेल में भेज दिए जाने के बाद से ही वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही थी। उसके बाद से अमेरिका ने अपने प्रतिबंधों को शिथिल भी कर दिया है। हालांकि वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने का अमेरिकी लाइसेंस मिलने के बारे में रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई।

# 25 लाख टन गेहूं के निर्यात को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शुक्रवार को घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए गेहूं का 25 लाख टन निर्यात करने की मंजूरी दे दी। इसके साथ पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी मंजूरी दी गई है।

खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और मूल्य परिदृश्य का व्यापक आकलन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निजी इकाइयों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का भंडारण उपलब्ध है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में गेहूं की कुल उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है। इससे निर्यात अनुमति से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



- **सरकार ने पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी दी मंजूरी**

रबी 2026 में गेहूं की खेती का रकबा भी बढ़कर लगभग 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया जो पिछले वर्ष 328.04 लाख हेक्टेयर था।

मंत्रालय ने कहा कि अधिक भंडार, कीमतों में गिरावट, उम्मीद से ज्यादा उत्पादन और फसल की बड़ी आवक के दौरान मजबूरी में बिक्री रोकने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार का यह निर्णय घरेलू कीमतें स्थिर करने, बाजार में तरलता बढ़ाने, भंडारण का सही उपयोग सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ किसानों की आय मजबूत करने में मदद करेगा।

चीनी निर्यात को सुगम बनाने के लिए सरकार ने चालू चीनी सत्र 2025-26 के दौरान इच्छुक चीनी मिलों द्वारा अतिरिक्त पांच लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का निर्णय लिया है। इससे पहले, सरकार ने 14 नवंबर, 2025 के आदेश के माध्यम से चालू चीनी सत्र के दौरान 15 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी थी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के कारण 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार में उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बदलाव है।



**स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की भारी गिरावट**

आलोच्य सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 7.661 अरब डॉलर बढ़कर 570.053 अरब डॉलर पर पहुंच गई। अब इसमें गिरावट आई है।

## आरबीआई ने जारी किया अग्रणी बैंक योजना में संशोधन प्रस्ताव

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अग्रणी बैंक योजना (एलबीएस) के परिचालन ढांचे को सुव्यवस्थित करने और कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए संशोधित दिशानिर्देश प्रस्तावित किए। यह योजना 1969 में जिला स्तर पर विकास गतिविधियों के समन्वय के लिए शुरू की गई थी।

एलबीएस का उद्देश्य बैंकों, सरकार और अन्य विकास एजेंसियों की गतिविधियों का समन्वय कर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाना और वित्तीय समावेश को मजबूती देना है। प्रस्तावित दिशानिर्देशों में योजना के उद्देश्यों को परिष्कृत करने, विभिन्न मंचों की संरचना, सदस्यता एवं कार्यसूची को स्पष्ट करने, प्रमुख पदाधिकारियों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों को निर्धारित करने और राज्य-स्तरीय बैंकर समिति और अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालयों को मजबूत बनाने के प्रावधान शामिल हैं।



# लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल

## बजट सत्र का पहला चरण पूरा, दोनों सदन नौ मार्च तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में शुक्रवार को कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन से संपर्कों को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। इसके चलते सदन की बैठक एक बार स्थगित करने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को संसद में बजट सत्र का पहला चरण भी संपन्न हो गया जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की बैठक को नौ मार्च के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद नौ मार्च सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे फिर शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए और फिर 12 बजकर छह मिनट पर सभा की बैठक नौ मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सुबह बैठक शुरू होते ही पीठासीन सभापति संध्या राय ने पूर्व सांसद डॉ. भगवान दास राठौड़ के निधन की सूचना सदन को दी जिस पर सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत पूर्व सदस्य को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद जैसे ही पीठासीन सभापति ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य केंद्रीय मंत्री पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाने लगे और आसन के समीप आ गए। इस बीच कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने अपना पूरक प्रश्न पूछा जिसका जवाब स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शोरशराबे के बीच ही दिया। पीठासीन सभापति संध्या राय ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने बैठक पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।



**सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। बिरला के अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत कोकिला के नाम से जानी जाने वाली सरोजिनी नायडू प्रतिभाशाली वक्ता, सुविख्यात कवयित्री और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थीं।

### संसद को बाधित करने का बहाना तलाशते हैं राहुल गांधी: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा के बार-बार बाधित होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि राहुल सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए नए-नए बहाने तलाशते हैं। बजट सत्र के हंगामेदार पहले चरण में अमेरिका से व्यापार समझौते और पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की स्थिति बनी रही। प्रधान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की पहचान बन चुकी है।

## पुरी का झूठ पकड़ा गया, फौरन इस्तीफा लें प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एप्स्टीन मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के स्पष्टीकरण को सरासर झूठ करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि पुरी किसकी तरफ से जेफ्री एप्स्टीन से संपर्क में थे। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए।

पुरी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा था कि वह कुछ मौकों पर एप्स्टीन से मिले थे, लेकिन इसका उसके अपराधों से कोई लेनादेना नहीं था। खेड़ा ने कहा, पुरी ने दावा किया है कि उनकी एप्स्टीन से ज्यादा बात नहीं हुई। ये सरासर झूठ है। यह भी झूठ है कि उन्होंने एप्स्टीन से मिलने का समय नहीं मांगा था। ईमेल से स्पष्ट है कि पुरी खुद एप्स्टीन से मिलने का आग्रह करते थे।

# तमिलनाडु में महिलाओं के खाते में पांच-पांच हजार रुपये

**चेन्नई, एजेंसी**

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार ने कलैग्नार महिला अधिकार निधि योजना'' (कलैग्नार मगलिर उरिमाई थोगई थिट्टम) के तहत 1.31 करोड़ महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में शुक्रवार को पांच-पांच हजार रुपये जमा कर दिए। इस योजना के तहत महिलाओं को अब तक प्रतिमाह 1,000 रुपये दिए जा रहे थे।

राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले इसे एक बड़े राजनीतिक दांव के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बिहार से संकेत लेते हुए शुक्रवार सुबह महिला लाभार्थियों के खाते में पैसे डालने के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसकी सूचना दी, जिससे पूरा विपक्ष हैरान रह गया। विधानसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है और यह कदम चुनाव आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ दिन पहले आया है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, हमारी द्रविड़ मॉडल सरकार ने चुनाव के बहाने इस योजना के तहत वित्तीय सहायता रोकने की कोशिश को पहले ही भांप लिया और फरवरी, मार्च तथा अप्रैल के लिए कुल 3,000 रुपये का अग्रिम भुगतान प्रत्येक लाभार्थी के लिए 2,000 रुपये के विशेष ग्रीष्मकालीन भत्ते के साथ जमा कर दिया है।


- **आदर्श आचार संहिता लागू होने से ऐन पहले स्टालिन का दांव, विपक्ष हैरान**

स्टालिन ने सत्ता में लौटने पर इस योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि को वर्तमान 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रतिमाह करने का वादा करते हुए कहा कि यह उनका बहनों को दिया गया वचन है, जिनके अटूट समर्थन से द्रविड़ मॉडल 2.0 निश्चित रूप से लगातार दूसरी बार सत्ता में आएगा। चूंकि यह घोषणा अचानक हुई, इसलिए विपक्ष दंग रह गया।

## बुलेट ट्रेन को एक लाख करोड़, बुंदेलखंड में रेलों को पांच फीसदी भी नहीं: रघु ठाकुर

**नई दिल्ली।** सरकार यदि आबादी के हिसाब से बजट आवंटित करे तो बुंदेलखंड जैसे अंचलों का पिछड़ापन, बेरोजगारी और ग़रीबी दूर हो सकती है लेकिन सरकार एक ओर बुलेट ट्रेन पर एक लाख करोड़ खर्च कर सकती है लेकिन बुंदेलखंड को रेल लाइन के लिए पांच हजार करोड़ भी नहीं देना चाहती। सही नीति से इसे ठीक किया जा सकता है।

सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व जननेता रघु ठाकुर ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के धरना में बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने आह्वान किया कि सरकार की भेदभावपूर्ण नीति का प्रतीकात्मक विरोध आने वाली होली से शुरू किया जाए। इस धरने में शामिल होने व समर्थन देने बुंदेलखंड सहित छत्तीसगढ़ व विदर्भ से भी लोग आए थे। रघु ठाकुर की अगुवाई में साल 2009 से यह धरना हर साल जाड़ों में होता है। इस साल धरने के तहत भारतीय हॉकी के गौरव मेजर ध्यानचंद व सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक हरिसिंह गौर को भारतरत्न से अलंकृत करने, बुंदेलखंड को रेल सेवाओं से जोड़ने व अंचल में पर्यटन परिपथ विकसित करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है।



- **जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा का धरना, होली पर करेंगे विरोध**

राज्यसभा सदस्य व आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने अपने भाषण में केन्द्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लगातार जनविरोधी और किसान-विरोधी फैसले लिए जा रहे हैं। हाल का भारत-अमेरिका व्यापार समझौता इसका ताजा प्रमाण है जिसमें अमेरिका तो भारतीय माल पर मनमाना आयात कर लगा रहा है लेकिन भारत में अमेरिकी माल आने की पूरी छूट का इंतजाम कर दिया गया है। यह समझौता नहीं बल्कि किसानों के 'डेथ वारंट' पर दस्तखत हैं।

## केरल में बच्ची के यौन शोषण में मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

**त्रिशूर।** कोडुंगलूर में एक मंदिर के पुजारी को नाबालिग लड़की के यौन शोषण के आरोप में हिरासत में लिया गया है। आरोपी 48 वर्षीय शाजी कोडुंगलूर के पास एडविलांगु का निवासी है। पुलिस के अनुसार, शाजी ने एडविलांगु स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं की निजी समस्याओं का समाधान करने के लिए अनुष्ठान किए। पिछले साल 14 वर्षीय पीड़िता के लिए अनुष्ठान करते समय आरोपी ने उसका यौन शोषण किया। घटना का पता तब चला जब पीड़िता ने शाजी के एक समारोह में शामिल होने से इन्कार करने के बाद अपने रिश्तेदार को शोषण की जानकारी दी। लड़की के माता-पिता की शिकायत के आधार पर कोडुंगलूर पुलिस ने बृहस्पतिवार को पॉक्सो के तहत पुजारी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## अमेरिका से समझौते के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा आंदोलन हो

**नई दिल्ली।** कई किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का विरोध करने और किसानों व खेतिहर मजदूरों की आजीविका की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़े आंदोलन की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

कांग्रेस के अनुसार संसद भवन परिसर में यह मुलाकात हुई। राहुल ने कहा कि इस समझौते ने कृषि आयात खोल दिया है और जल्द ही कई फसलें इसकी चपेट में आ सकती हैं। किसान संगठनों के नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध जताया और मक्का, सोयाबीन, कपास, फलों और मेवों की खेती करने वाले किसानों की आजीविका को लेकर गहरी चिंता जताई।

## दंपती ने 58 साल के वैवाहिक जीवन के बाद दी तलाक की अर्जी, खारिज

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद मामले में 58 वर्ष से साथ जीवन व्यतीत कर रहे दंपती के तलाक की याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि संपत्ति विवाद या सामान्य पारिवारिक मतभेद को तलाक का कारण नहीं माना जा सकता। करीब 78 वर्षीय पति की ओर से दायर इस याचिका में अपनी 75 वर्षीय पत्नी से तलाक की मांग की गई थी। पति ने दलील दी कि सेवानिवृत्ति के बाद पत्नी ने उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज कराए और संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद पैदा किया। हाईकोर्ट ने कहा कि दंपती ने 1967 से 2013 तक करीब छह दशक तक सामान्य वैवाहिक जीवन बिताया। अब तलाक का अनुरोध असंवैधानिक और अनुचित है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि वैवाहिक जीवन में छोटी-मोटी खींचतान, आपसी आरोप-प्रत्यारोप और दैनिक जीवन की सामान्य परेशानियों को क्रूरता या तलाक का आधार नहीं माना जा सकता।

- **हाईकोर्ट ने कहा- सामान्य मतभेद नहीं बन सकते तलाक का कारण**

## दिल्ली के पांच स्कूलों को दी बम से उड़ाने की धमकी, अफवाह निकली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांच स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए जिन्हें बाद में अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे ईमेल में उकसाने वाली आपत्तिजनक सामग्री थी जिसमें दावा किया गया था, दिल्ली खालिस्तान बन जाएगा और स्कूलों में दोपहर 1.11 बजे बम विस्फोट होगा। यह भी कहा गया था कि दोपहर 2.11 बजे संसद के अंदर विस्फोट होगा, जिसके बाद विभिन्न एजेंसियों के बीच सतर्कता बढ़ा दी गई और समन्वय स्थापित किया गया। डीएफएस के मुताबिक दिल्ली तमिल एजुकेशन एसोसिएशन (पूसा रोड), केंद्रीय विद्यालय (गोल मार्केट), हैप्पी पब्लिक स्कूल (दरियागंज), राबिया पब्लिक स्कूल (बल्लिमारान) और सीएल भल्ला डीएवी स्कूल (झंडेवालान) को धमकी भरे ऐसे ईमेल मिले। डीएफएस के अनुसार, व्यापक तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

- **ईमेल में दिल्ली को खालिस्तान बना देने का भी किया गया था दावा**

## कर्नाटक : नेशनल हाईवे पर तीन वाहनों की टक्कर में सात की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण जिले में होसकोटे तालुक के एम सत्यवारा गांव के पास शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा एक कार, एक मोटरसाइकिल और एक कैंटर गाड़ी की टक्कर की वजह से हुआ। यह हादसा होसकोटे-डबसपेटे राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। बताया गया कि पहले एक कार ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। इसके बाद कार एक कैंटर गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार छह लोगों और मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। कार तेज रफ्तार में चल रही थी। पीछे से बाइक को टक्कर मारने के बाद उसका संतुलन बिगड़ गया और वह फिर कैंटर से टकरा गई।

- **तेज रफ्तार कार पहले एक बाइक से टकराई और फिर कैंटर से भिड़ी**

# संयुक्त राष्ट्र ने एआई पर 40 सदस्यीय वैज्ञानिक पैनल के गठन को दी मंजूरी

- अमेरिका बोला- यह संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लघंन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव और जोखिमों का आकलन करने के लिए 40 सदस्यीय वैश्विक वैज्ञानिक पैनल के गठन को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी, जबकि अमेरिका ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया।

इस पैनल का गठन करने वाले, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इसे एआई की वैश्विक वैज्ञानिक समझ की दिशा में एक बुनियादी कदम बताया। गुतारेस ने गुरुवार को कहा कि ऐसे समय में जब एआई तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह पैनल कठोर, स्वतंत्र वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा ताकि सभी सदस्य देश, भले ही उनकी प्रौद्योगिकी क्षमता जो भी हो, समान आधार पर भागीदारी कर सकें। उन्होंने इसे एआई के वास्तविक आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों का आकलन करने के लिए पहला पूर्णतः स्वतंत्र वैश्विक वैज्ञानिक निकाय बताया। एआई पैनल के पक्ष में, 193 सदस्यीय महासभा में 117 देशों ने मतदान किया, जबकि दो ने विरोध में वोट डाला। अमेरिका और पराग्वे ने इसके विरोध में मतदान किया, जबकि ट्यूनीशिया और यूक्रेन ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। वहीं, अमेरिका के कई सहयोगियों ने रूस, चीन और कई विकासशील देशों के साथ प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन की काउंसलर लॉरेन लवलेस ने पैनल को संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन बताया और कहा कि एआई शासन संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्देशित किए जाने का विषय नहीं है। एआई क्षेत्र में अमेरिका नवाचार को तेजी से बढ़ाने और अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पीएम के दफ्तर का नया पता

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 13 फरवरी 2026 की तारीख एक बड़े प्रशासनिक और वैचारिक बदलाव की साक्षी बनी। दशकों से सत्ता का केंद्र रहे ब्रिटिश काल के साउथ ब्लॉक से निकलकर अब देश का प्रधानमंत्री कार्यालय एक नए आधुनिक परिसर 'सेवा तीर्थ' में स्थानांतरित हो गया है। यह बदलाव केवल ईंट-पत्थरों की इमारत का नहीं, बल्कि शासन की उस संस्कृति का है, जहां सत्ता का स्थान 'सेवा' ने ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधान सेवक की अवधारणा को संस्थागत रूप देने के लिए इस कार्यालय का नामकरण सेवा तीर्थ किया गया है, जिसका अर्थ है सेवा का पवित्र स्थान। नाम बदलने के पीछे का मूल तर्क औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाना और भारतीय मूल्यों को शासन में समाहित करना है।

## अब सेवा तीर्थ



### क्या-क्या बदल गया

- एकीकृत कार्यप्रणाली : पहले पीएमओ, कैबिनेट सचिवालय और एनएससीएस अलग-अलग स्थानों पर थे। अब ये तीनों एक ही परिसर सेवा तीर्थ में हैं, जिससे फाइलों की आवाजाही और संचार की देरी खत्म होगी।
- खुला और पारदर्शी डिजाइन : पुराने साउथ ब्लॉक के बंद केबिनों के विपरीत, सेवा तीर्थ में ओपन फ्लोर डिजाइन और पारदर्शी कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया गया है।
- डिजिटल एकीकरण : यह कार्यालय पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस कामकाज की दिशा में बड़ा कदम है, जहाँ फाइलों का निपटारा तेजी से होगा।

### सत्ता से सेवा का सफर

- औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति : साउथ ब्लॉक अंग्रेजों द्वारा बनाया गया सत्ता का केंद्र था। 'सेवा तीर्थ' नाम भारतीयता और सेवा भाव को दर्शाता है।
- नागरिक-केंद्रित शासन : नाम का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि यह कार्यालय आदेश देने के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए है।
- पारदर्शिता और जवाबदेही : 'तीर्थ' शब्द पवित्रता और निष्ठा का प्रतीक है, जो शासन में ईमानदारी और पारदर्शिता के संकल्प को दोहराता है।
- सांस्कृतिक पुनर्जागरण : यह बदलाव मोदी सरकार के उस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसके तहत राष्ट्रीय संस्थाओं को भारतीय विरासत और मूल्यों से जोड़ा जा रहा है।
- संरचना : सेवा तीर्थ को तीन भागों में बांटा गया है। पहले में प्रधानमंत्री कार्यालय, दूसरे में कैबिनेट सचिवालय, तीसरे में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और एनएसए कार्यालय हैं।

### अत्याधुनिक सुविधाएं

- इंडिया हाउस : परिसर में इंडिया हाउस नाम का एक भव्य सम्मेलन केंद्र है। यहाँ विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी।
- स्मार्ट सुरक्षा तंत्र : परिसर में उन्नत एआई-आधारित निगरानी प्रणाली, फेस रिकग्निशन और स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल लगाए गए हैं।
- सतत विकास : यह भवन '4-स्टार गृह' मानकों पर बना है, जिसमें सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक व्यवस्था है।
- पब्लिक इंटरफेस जोन : जनता और आधिकारिक आगंतुकों के लिए समर्पित क्षेत्र बनाए गए हैं ताकि प्रशासन-नागरिकों में संवाद सुगम हो।

**भविष्य :** साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक, जो दशकों तक भारत के सत्ता केंद्र रहे, उन्हें अब युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय में बदल दिया जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डॉ. उपेंद्र कौल को लाइफटाइम अवार्ड

नई दिल्ली। इंडियन सोसाइटी ऑफ क्लिनिकल रिसर्च (आईएससीआर) के यहां 20वें वार्षिक सम्मेलन में हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर उपेंद्र कौल को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्डियोलॉजी में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रोफेसर कौल ने 400 से अधिक शोध प्रकाशनों का लेखन किया है। उनके योगदान ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति और कई राष्ट्रीय सम्मान दिलाए हैं, जिनमें आईसीएमआर शकुंतला अमीर चंद पुरस्कार, डॉ. बी.सी. रॉय पुरस्कार और पद्म श्री शामिल हैं।

### पशुपतिनाथ पहुंचेंगे आठ लाख श्रद्धालु

काठमांडू। पशुपतिनाथ मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर करीब आठ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिनमें लगभग 30 प्रतिशत भारतीय होंगे। बागमती नदी के तट पर स्थित मंदिर को देश-विदेश, विशेषकर भारत से आने वाले हिंदू श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए रंग-बिरंगी रोशनी, कागज़ी झंडों, फूलों, मालाओं और बैनरों से सजाया गया है। मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने वाले पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक सुभाष जोशी ने गुरुवार को बताया कि आगामी पांच मार्च को होने वाले चुनाव के मद्देनज़र इस बार मंदिर की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### मोरक्को में चार प्रांत आपदा क्षेत्र घोषित

काहिरा। मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निकाला गया है।

### मेक्सिकन नौसेना के दो पोत क्यूबा पहुंचे

हवाना। अमेरिकी नाकेबंदी से गहराते ऊर्जा संकट के बीच मेक्सिको की नौसेना के दो जहाज मानवीय सहायता सामग्री लेकर क्यूबा पहुंचे। ये पोत बृहस्पतिवार को ऐसे समय पर क्यूबा पहुंचे जब दो सप्ताह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा को तेल बेचने या उपलब्ध कराने वाले किसी भी देश पर शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

# नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध

## बीएनपी ने चुनाव परिणाम को मान्यता देने पर भारत को दिया धन्यवाद

- चुनाव में जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश के आम चुनाव के नतीजे को मान्यता देने के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई कि नई सरकार के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य और 2026 के चुनाव के मुख्य समन्वयक नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि पार्टी मोदी द्वारा जनादेश को मान्यता दिए जाने की सराहना करती है।

उन्होंने कहा कि हम हमारे नेता तारिक रहमान को बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। किसी लोकतांत्रिक देश द्वारा जनता के फैसले को मान्यता दिया जाना अच्छी बात है और नरेन्द्र मोदी ने ऐसा किया है। हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। खान ने कहा कि हम अपनी पार्टी की ओर से भी उन्हें धन्यवाद देते हैं और हमारा विश्वास है कि हमारे नेता तारिक रहमान के नेतृत्व में इन दोनों देशों और उनके लोगों के बीच संबंध मजबूत होंगे। इससे पहले, मोदी ने बीएनपी के नेता तारिक रहमान की निर्णायक जीत पर शुक्रवार को उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह विकास के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया है।



बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के दौरान राजधानी ढाका में एक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के लिए तैनात किए गए बांग्लादेश बार्डर गार्ड के जवान।

### बीएनपी और जमात बनेगी एक अच्छी जोड़ी

ढाका। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक शीर्ष नेता ने शुक्रवार को कहा कि पूर्ण बहुमत वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और एक मजबूत विपक्षी जमात-ए-इस्लामी देश में अगले लोकतांत्रिक पथ के लिए एक बहुत अच्छी जोड़ी होगी। चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद बीएनपी सत्ता में वापसी करने के लिए तैयार है। 300 सीटों वाली संसद में 151 से अधिक सीटों के साथ, बीएनपी गुरुवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनावों में बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। खबरों के अनुसार, दोपहर के आसपास 11 दलों के गठबंधन का नेतृत्व कर रही जमात-ए-इस्लामी लगभग 75 सीटों पर आगे चल रही है या जीत हासिल करने के करीब है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार सैयद मौअज्जम हुसैन अलाल ने बताया कि यह चुनाव आयोग, अंतरिम सरकार, राजनीतिक दलों और सबसे महत्वपूर्ण कारक, देश की आम जनता के सहयोग से आयोजित एक ऐतिहासिक चुनाव था।

### ढाका निर्वाचन क्षेत्र से हिंदू नेता की जीत

ढाका। बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में शुक्रवार को अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के वरिष्ठ बीएनपी नेता गायेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका सीट से जीत हासिल की। रॉय ने ढाका-3 सीट पर 99,163 मत हासिल कर जमात-ए-इस्लामी के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को हराया। देश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों के कथित उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में पूर्व मंत्री की ढाका सीट से जीत हुई है। दिसंबर में युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद से इस समुदाय को कई हमलों का सामना करना पड़ा है। भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी द्वारा उतारे गए एकमात्र हिंदू उम्मीदवार को खुलना-1 निर्वाचन क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा।

## बीएनपी ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर दिया जोर

ढाका। बांग्लादेश के आम चुनावों में शानदार जीत हासिल करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मुकदमा चलाने के लिए उनके भारत से प्रत्यर्पण की अपनी मांग दोहराई है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि विदेश मंत्री पहले ही उनके प्रत्यर्पण के पक्ष में तर्क दे चुके हैं, और हम भी इसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमनें हमेशा ही कानून के अनुसार उनके प्रत्यर्पण पर जोर दिया है। यह दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों का मामला है। हमने भारत सरकार से भी उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने का आग्रह किया है ताकि वह वहां मुकदमे का सामना करें।

अहमद ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समेत सभी पड़ोसी देशों के साथ बांग्लादेश सामान्य संबंध चाहता है, लेकिन केवल बराबरी के आधार पर। हमें भारत समेत सभी देशों के साथ परस्पर सम्मान और समानता पर आधारित मैत्रीपूर्ण संबंध चाहिए। उनकी यह टिप्पणी आम चुनावों में बीएनपी की शानदार जीत के तुरंत बाद आई। अगस्त 2024 में हुए जन विद्रोह के बाद यह पहला चुनाव है। इस विद्रोह के चलते हसीना को बांग्लादेश से भारत आने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

# मेघालय खदान धमाके की जांच एसआईटी को

- नौ सदस्यीय दल को त्वरित जांच करने के दिए गए निर्देश

शिलांग, एजेंसी

मेघालय पुलिस ने ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में हुए अवैध कोयला खदान विस्फोट की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। डीजीपी इदाशिषा नोंगरांग ने शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए नौ सदस्यीय इस विशेष दल को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

यह भीषण हादसा पांच फरवरी की सुबह माइन्सगट-थांगस्को क्षेत्र में हुआ था और इसमें अब तक 30 श्रमिकों की जान जा चुकी है। डीजीपी के आदेश के अनुसार, इस एसआईटी का नेतृत्व पुलिस उप महानिरीक्षक (पूर्वी रेंज) विवेकानंद सिंह राठौर करेंगे। जांच दल का मुख्य उद्देश्य खनन स्थल पर हुए विस्फोट के कारणों और उन परिस्थितियों का पता लगाना है, जिनकी वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। साथ ही, यह टीम अवैध खनन गतिविधियों के संबंध में न्यायालय और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन की भी बारीकी से पहचान करेगी। डीजीपी नोंगरांग ने स्पष्ट किया है कि एसआईटी को जांच एक समय सीमा में पूरी करनी होगी ताकि मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके और न्याय सुनिश्चित किया जा सके। इससे पहले 9 फरवरी को मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने भी इस अवैध कोयला खनन त्रासदी की जांच के लिए एक न्यायिक जांच आयोग के गठन की घोषणा की थी, जो हादसे की गहराई से जांच करेगा।

### विदेश में नौकरी तलाशने में नेपाली बरतें सावधानी

शिलांग। नई दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से विदेश में रोजगार तलाशते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया। मेघालय में पिछले सप्ताह एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट में मारे गए 31 लोगों में नेपाल के नौ श्रमिक भी शामिल थे। दूतावास ने कहा कि कोयला खदान कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी और अनधिकृत कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं की स्थिति में बचाव सेवाएं, मुआवजा और अन्य सुविधाएं प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, रोजगार में शामिल होने से पहले जांच लें।

## अमेरिकी विवि में गोलीबारी में दो की मौत, एक घायल

- विश्वविद्यालय के एक आवासीय परिसर में हुई घटना

ऑरेंजबर्ग। अमेरिका के साउथ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के एक आवासीय परिसर में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस घटना के चलते लगभग आठ घंटे का लॉकडाउन लगाया गया था, जिसे शुक्रवार सुबह हटा लिया गया। गुरुवार रात हुई गोलीबारी की घटना, चार अक्टूबर को एक समारोह के दौरान गोलीबारी की दो घटनाएं होने के चार महीने बाद हुई। उनमें से एक घटना में 19 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई थी। वहीं, गोलीबारी की दूसरी घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया था। विश्वविद्यालय ने कहा कि गुरुवार की घटना में मारे गए लोगों की पहचान और घायल की हालत की जानकारी विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने नहीं दी है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही रात करीब 9:15 बजे ऑरेंजबर्ग स्थित परिसर में लॉकडाउन लागू कर दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे लॉकडाउन हटा लिया गया। घटना के कारण शुक्रवार की कक्षाएं रद्द कर दी गईं।

## ईयू के नेताओं ने आर्थिक पुनर्गठन पर सहमति जताई

बिल्ज़ेन-होसेल्ट। यूरोपीय संघ के नेताओं ने 27 देशों के इस गुट की अर्थव्यवस्था को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए व्यापक पुनर्गठन योजना पर सहमति जताई है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख, चीन की दबावकारी नीतियों और रूस पर हाइब्रिड खतरे पैदा करने के आरोपों के बीच उठाया गया है। गुरुवार को बेल्जियम में हुई बैठक में नेताओं ने एक कार्ययोजना पर सहमति दी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, दबाव और तात्कालिकता की भावना बेहद प्रबल है। बताया कि मार्च में औपचारिक रूप से पेश की जाने वाली योजना में ऊर्जा ग्रिड के उन्नयन, वित्तीय एकीकरण को गहरा करने और विलय नियमों में ढील देने जैसे उपाय शामिल होंगे।

## चीनी प्रभुत्व को रोकने को एक मजबूत भारत जरूरी

- हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अमेरिकी मंत्री ने की टिप्पणी

वाशिंगटन। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है। मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। संसदीय सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर व्यापक सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव और राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद गहराई से विभाजित नजर आए। कपूर ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन और संप्रभुता बनाये रखना है। सुनवाई के दौरान व्यापार, कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे। सांसदों ने इस पर बहस की कि अमेरिका को चीन के प्रभाव का मुकाबला कैसे करना चाहिए और बदलते राजनीतिक बदलावों पर क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

## एक और जंगी पोत पश्चिम एशिया भेज रहा अमेरिका

- ईरान की सैन्य घेरेबंदी को और सख्त कर रहे राष्ट्रपति ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दबाव बनाने और संभावित सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इन योजनाओं से परिचित एक व्यक्ति ने गुरुवार को बताया कि इसी क्रम में अमेरिका के सबसे बड़े विमानवाहक पोत को कैरेबियन सागर से पश्चिम एशिया की ओर रवाना होने का आदेश दिया गया है।

सैन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड की इस गतिविधि की खबर सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने दी थी। इसके तहत दो विमानवाहक पोत और उनके साथ मौजूद युद्धपोत इस क्षेत्र में तैनात हो जाएंगे। ट्रंप ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता करने का दबाव बढ़ा रहे हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और तीन गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक पोत दो सप्ताह से अधिक समय पहले पश्चिम एशिया पहुंचे थे। यह यूएसएस फोर्ड के लिए एक त्वरित बदलाव का संकेत है जिसे ट्रंप ने पिछले अक्टूबर में भूमध्य सागर से कैरिबियन सागर में भेजा था और प्रशासन ने वहां विशाल सेना की तैनाती की थी तथा अचानक कार्रवाई कर वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया था।


## फलस्तीन एक्शन पर प्रतिबंध अवैध करार दिया गया

लंदन। ब्रिटेन के उच्च न्यायालय ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रदर्शनकारी समूह फलस्तीन एक्शन को आतंकवादी संगठन घोषित करने का निर्णय लिया जाना गैरकानूनी था। न्यायाधीश विक्टोरिया शार्प, जोनाथन स्विफ्ट और करेन स्टेन ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की अपील पर विचार किए जाने तक यह प्रतिबंध लागू रहेगा। पिछले साल ब्रिटेन सरकार ने फलस्तीन समर्थक समूह को अल-कायदा और हमास जैसे आतंकवादी संगठनों की श्रेणी में डाल दिया और फलस्तीन एक्शन की सदस्यता या समर्थन को अपराध घोषित कर दिया, जिसके लिए 14 साल तक की जेल हो सकती है। उस समय से मैं फलस्तीन एक्शन का समर्थन करने पर 2,000 से अधिक को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 16.01 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शिशिर।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- पूर्वाषाढ़ा 18.16 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** - आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संतान के साथ अच्छा समय बिताएंगे। पिता के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। दोस्तों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा।

**वृष** - आज आप से मिलने के लिए मित्र घर आ सकते हैं। अचानक कई तरह के खर्चे सामने आएंगे। जीवनसाथी से अपने संबंध बेहतर रखें। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। सरकारी कार्यों में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**मिथुन** - आज दांपत्य संबंधों में सामंजस्य में प्रगाढ़ता का आनंद लेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी होगी। नए कारोबार की शुरुआत करना उत्तम होगा। राजनीतिक लोगों को उच्चपद प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** - आज आर्थिक स्थिति की उठापटक दूर होगी। सभी काम व्यवस्थित ढंग से पूर्ण हो जाएंगे। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अधिकारी वर्ग आपकी हर संभव सहायता करने को तैयार रहेगा। किसी पर सहज विश्वास न करें।

**सिंह** - आज उलझे हुए मामलों को समझदारी से सुलझा लेंगे। अपनी प्रतिभा को विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। महिलाएं अपने करियर को लेकर चिंतित हो सकती हैं। बच्चों की जरूरतों के लिए आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कन्या** - आज दिन की शुरुआत कमजोर हो सकती है। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें तो हितकर होगा। व्यापार में थोड़ी कमजोर स्थिति रहेगी। पैर में दर्द की समस्या से परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों की गलतफहमियां दूर करने के लिए समय उत्तम है।

**तुला** - आज व्यर्थ के विचारों से दूरी बनाकर रखें। कारोबार में इच्छानुसार परिवर्तन कर सकते हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिल सकती है। उच्च प्रबंधन के पदों पर स्थित लोगों के ऊपर जिम्मेदारी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** - आज संपत्ति में निवेश के लिए दिन सुखद रहेगा। नया कारोबार शुरू करने में परेशानी हो सकती है। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। भविष्य को ध्यान में रखते हुए किसी योजना में निवेश करेंगे। परिवार के लोग आप से असंतिष्ट हो सकते हैं।

**धनु** - आज कार्यक्षेत्र में अस्थिरता दूर रहेगी। यदि अस्वस्थ हैं, तो डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। विद्वान लोगों से संपर्क बढ़ेगा। नए व्यवसाय में धन निवेश कर सकते हैं। कुछ लोग आपके व्यक्तिगत कार्यों में हस्तक्षेप करेंगे। जीवनसाथी काफी रोमांटिक मूड में रहेगा।

**मकर** - आज घनिष्ठ लोगों से मनमुटाव होने की आशंका है। दवाइयों पर धन खर्च बढ़ सकता है। जीवनसाथी के साथ वैचारिक तालमेल कम रहेगा। विवादित मामलों में अपनी प्रतिक्रिया न दें। विदेश में रह रहे मित्रों से लंबी चर्चा होने की संभावना है।

**कुंभ** - आज दिन का शुरुआती भाग अत्यधिक शुभ रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तम भोजन का लाभ उठाएंगे। शत्रु वर्ग आपके विरुद्ध सक्रिय रहेगा, लेकिन कुछ नुकसान नहीं कर पाएगा। घर में बदलाव और सजावट संबंधी कार्य कर सकते हैं।

**मीन** - आज आप अपने सिद्धांतों में फेरबदल कर सकते हैं। परिजनों से शुभ सूचना मिल सकती है। किसी कानूनी मामले में आपको विजय मिलेगी। व्यापार में बड़ी बिक्री होने की संभावना है। माता-पिता के साथ संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

## सुडोकू -61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |



पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। वह अगला मैच खेल सकते हैं।

–वरुण चक्रवर्ती

# स्टेडियम

मुरादाबाद, शनिवार, 14 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| आयरलैंड–ओमान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| स्कॉटलैंड–इंग्लैंड | दोपहर 3 बजे |
| न्यूजीलैंड–दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए उतरेंगे द. अफ्रीका-न्यूजीलैंड

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को यहां जब दोनों टीम आमने–सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन बनाए, जिसमें कप्तान एडन मार्क्रम ने 32 गेंदों में 59 रन, डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### स्कॉटलैंड पर जीत से अपना अभियान पटरी पर लाना चाहेगा इंग्लैंड

**कोलकाता।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रही इंग्लैंड की टीम को अगर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी। वेस्टइंडीज लगातार दो जीत के साथ इस ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड तीनों ने एक–एक जीत हासिल की है। नेट रन रेट के आधार पर स्कॉटलैंड ने इटली पर मिली बड़ी जीत से दूसरा स्थान हासिल किया है। इसलिए शनिवार को होना वाला मैच दूसरे स्थान की दौड़ में किसी भी टीम को निर्णायक बढ़त दिला सकता है क्योंकि इन दोनों टीम से अपने अंतिम ग्रुप मैच जीत हासिल करने की उम्मीद है। अपने अंतिम लीग मैच में स्कॉटलैंड का सामना नेपाल से और इंग्लैंड का इटली से होगा।

### आयरलैंड के कप्तान स्टर्लिंग को करना होगा प्रेरणादायी प्रदर्शन

**कोलंबो।** आयरलैंड की लगातार दो हार के बाद सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं लेकिन शनिवार को यहां ओमान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में वह अपने कप्तान पॉल स्टर्लिंग से प्रेरणादायी प्रदर्शन की उम्मीद करके जीत हासिल करना चाहेगा। दोनों टीमों ने अब तक अपने दोनों मैच में हार का सामना किया है और वे टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगी। आयरलैंड को सह–मेजबान श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया से क्रमश: 20 और 67 रन से हार का सामना करना पड़ा, वहीं ओमान को जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से और श्रीलंका ने 105 रन से करारी शिकस्त दी। बड़े टूर्नामेंटों में खेलने के अनुभव के आधार पर आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

## मैं अब बदल गया हूं, चौबीसों घंटे मजाक नहीं करता : ईशान किशन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने स्वीकार किया कि अपने व्यक्तित्व में बदलाव ने उन्हें एक बेहतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशन ने पिछले महीने भारतीय टीम में वापसी के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा है। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने संजू सैमसन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने गुरुवार रात नामीबिया के खिलाफ 24 गेंदों में 61 रन बनाए और पावरप्ले में भारत को एक विकेट पर 86 रन तक पहुंचाया।

अभिषेक शर्मा की अनुपस्थिति में खेली गई इस तूफानी पारी के चलते भारत ने टी20 विश्व कप के इतिहास में पावरप्ले में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारत की जीत के बाद किशन ने पत्रकारों को बताया कि एक व्यक्ति और क्रिकेटर के रूप में उनमें क्या बदलाव आया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब वह पहले की तरह मजाक नहीं करते। अतीत में अपने व्यवहार के कारण उन्हें केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा था। किशन ने कहा सच कहूं तो मुझे लगता है कि मैं अब काफी बदल गया हूं। मैं अब पहले की तरह बहुत अधिक मजाक नहीं करता। मुझे चुटकुले और इस तरह की चीज पसंद हैं लेकिन अब मैं हर समय ऐसा नहीं करता हूं और दो तीन घंटे के लिए ही ऐसा करता हूं। किशन ने कहा मैं अभी सिर्फ बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर ध्यान दे रहा हूं, जिससे टीम और मुझे दोनों को फायदा होगा। बाकी सब चीजें गौण हैं, इसलिए मैं हमेशा मजाक नहीं करता।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बड़े शॉट खेलने में अधिक निरंतरता हासिल कर ली है। गुरुवार को उन्होंने जेजे स्मिट के एक ओवर में चार छक्के जड़े। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके बल्लेबाजी के तरीके में कोई बदलाव आया है जिससे उन्हें अधिक खुलकर बल्लेबाजी करने की छूट मिल रही है, तो किशन ने कहा कि वह कभी-कभी एक दो रन भी लेते हैं। उन्होंने कहा मैं एक दो रन भी लेता हूं और अच्छी गेंदों को पूरा सम्मान भी देता हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मैंने इसके लिए बहुत ज्यादा मेहनत की है। मैं पिच पर शांत रहने और गेंद पर नजर रखने की कोशिश कर रहा हूं। मैं उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे पहले से आते हैं, लेकिन कभी-कभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप उत्साहित हो जाते हैं और ऐसे शॉट खेल देते हैं। उन्होंने कहा इसलिए मैं सिर्फ अपने उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जिनमें मैं माहिर हूं और जो उस विकेट पर उपयुक्त हैं।



### अपनी गेंदबाजी पर काम कर रहा हूं : चक्रवर्ती

**नई दिल्ली।** भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नामीबिया के खिलाफ अपनी फिरकी का जादू चलाने के बाद कहा कि वह अपनी गेंदबाजी में और विविधता लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बिलकुल सटीक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत के 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया की टीम एक समय 10वें ओवर में दो विकेट पर 86 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन चक्रवर्ती (दो ओवर में सात रन पर तीन विकेट) ने उसके मध्यक्रम की रीढ़ तोड़ दी और टीम 116 रन पर सिमट गई। चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी में विविधता (वेरिएशन) लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बेहतर करने पर अधिक ध्यान दिया है।

### ब्रायन बेनेट की अर्धशतकीय पारी के बाद ब्लेसिंग मुजरबानी ने की घातक गेंदबाजी

# जिम्बाब्वे का बड़ा उलटफेर ऑस्ट्रेलिया को किया हतप्रभ

**टी-20 विश्व कप**

**कोलंबो, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी तथा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर किया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई।

मुजरबानी ने 17 रन देकर चार और इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से केवल मैट रेनशॉ ही संघर्ष कर पाए। उन्होंने 44 गेंद पर 65 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। जिम्बाब्वे ने इससे पहले 2007 के टी20 विश्व कप में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया था। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के इस हार से समीकरण बिगड़ गए हैं जबकि जिम्बाब्वे लगातार दूसरी जीत से चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर जिम्बाब्वे के लिए मजबूत स्कोर की नींव रखी। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम ओवरों में वापसी की और आखिरी पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी (35) और रयान बर्ल (35) ने भी उपयोगी योगदान दिया, जबकि कप्तान सिकंदर रजा 13 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के विकेट बचे हुए थे और वह जोखिम भरे शॉट खेल सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उसकी पूरी पारी में सिर्फ एक छक्का लगा।


ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले पांच ओवर के अंदर ही 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए। जोश इंग्लिश (08) में पारी के पहले ओवर में सिकंदर रजा पर छक्का लगाया। इस ओवर में 13 रन बने लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मुजरबानी ने पारी के दूसरे ओवर में अपनी पहली गेंद पर ही इंग्लिश को आउट कर दिया जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड खाता भी नहीं खोल पाए। इवांस ने ग्रीन को विकेट के पीछे कैच कराया जबकि मुजरबानी ने डेविड को आउट करके अपना दूसरा विकेट लिया। विकेटों के पतन की कहानी यहीं पर नहीं रुकी तथा कार्यवाहक कप्तान ट्रैविस हेड (17) पांचवें ओवर में इवांस की गेंद को अपने विकेट पर खेल गए। ऑस्ट्रेलिया ने पावर प्ले में चार विकेट पर 38 रन बनाए। रेनशॉ और ग्लेन मैक्सवेल (32 गेंद पर 31 रन) ने इसके बाद विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी और पांचवें विकेट के लिए 59 गेंद में 77 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 11 ओवर तक चार विकेट पर 72 रन था। मैक्सवेल ने इसके बाद वेलिंगटन मासकादजा पर छक्का लगाकर अपने हाथ खोले जबकि रेनशॉ ने भी इसी गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का और चौका लगाया। इसके बाद लेग स्पिनर रयान बर्ल ने गेंद थामी और अपने पहले ओवर में ही मैक्सवेल को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका दिया। मार्कस स्टोइनिस (06) ने चौका जड़कर खाता खोला लेकिन मासकादजा ने उन्हें अगले ओवर में पवेलियन की राह दिखा दी। मुजरबानी ने इसके बाद रेनशॉ को मिड ऑफ पर कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की सही उम्मीद को भी समाप्त कर दिया।



**04 विकेट**

ब्लेसिंग मुजरबानी।

### यह अविश्वसनीय है : कप्तान रजा

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर 23 रन से मिली जीत को अविश्वसनीय करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। जिम्बाब्वे ने आर प्रेमदासा स्टेडियम पर ग्रुप बी के मैच में आस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। रजा ने मैच के बाद कहा बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं। रजा ने 13 गेंद में नाबाद 25 रन बनाये और गेंदबाजी की शुरुआत की लेकिन नौवें ओवर में मांसपेशी में खिंचाव के कारण उन्हें मैदान से जाना पड़ा। उन्होंने कहा बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की। टीम के माहौल, एकता और संस्कृति के कारण ही यह हो सका। बाहर से देखकर गर्व महसूस कर रहा था। यह अविश्वसनीय है।

### अमेरिका ने नीदरलैंड्स को 93 रनों से हराया

**चेन्नई।** साई तेजा एम (79) और शुभम रांजने (नाबाद 48) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद हरमीत सिंह (चार विकेट) और शैडली वान शाल्कविक (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत अमेरिका ने शुक्रवार को टी–20 विश्वकप के 21वें मुकाबले में नीदरलैंड्स को 93 रनों से शिकस्त दी। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स् का कोई भी बल्लेबाज अमेरिकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका और उनकी पूरी टीम 15 .5 ओवर में 103 के स्कोर पर सिमट गई। बास डे लीड ने सर्वाधिक (23) रन बनाए। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने (20), मैक्स ओ'डाउड (13) और रुलॉफ वैन डर मर्व 10 रन बनाकर आउट हुए। नीदरलैंड्स के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। अमेरिका के लिए हरमीत सिंह ने चार और शैडली वान शाल्कविक ने तीन विकेट लिए। मोहम्मद मोहसिन को दो विकेट मिले।

## अर्शदीप की जगह कुलदीप को उतारे भारत : गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए दिए सुझाव

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी।

नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं।

गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव किये। उन्होंने कहा हार्दिक ने पहला ओवर किया जिससे संकेत मिलता है कि अर्शदीप पाकिस्तान के खिलाफ शायद नहीं खेलेंगे। वरुण चक्रवर्ती ने केवल दो ओवर फेंके और अगर उन्होंने अपने पूरे चार ओवर फेंके होते तो वह पांच या छह विकेट ले लेते।''''

गावस्कर ने कहा वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, वह विकेट लेता है। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए, यह अच्छा संकेत है। गावस्कर ने इसके साथ ही कहा कि अस्वस्थ अभिषेक शर्मा की जगह अंतिम एकादश में बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए संजू सैमसन को क्रीज से काफी दूर जाकर खेलने में परेशानी हो रही है। सैमसन आठ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। उन्होंने कहा संजू सैमसन की समस्या तकनीकी है। वह क्रीज में बहुत पीछे चले जाते हैं और फ्लिक शॉट खेलते हैं। उन्हें सुधार करने की जरूरत है, खासकर जब वह पारी की शुरुआत करते हैं।



श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा।

–सुनील गावस्कर


कोलंबो में भारत के खिलाफ मैच के पहले अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथियों के साथ पाकिस्तान के शादाब खान (बीच में)। एजेंसी

## कनाडा को 5 विकेट से हराकर यूएई ने दर्ज की पहली जीत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

जुनैद सिद्दीकी के पांच विकेट के बाद आर्यांश शर्मा (53 गेंद में नाबाद 74) और शोएब खान (29 गेंद में 51 रन) की अर्धशतकीय पारियों से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को यहां कनाडा को पांच विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की।

प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके जिससे कनाडा की पारी सात विकेट पर 150 रन पर रूक गयी। यूएई ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 154 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। यह दोनों टीमों के बीच इस प्रारूप के दो मैचों में यूएई की दूसरी जीत है। आर्यांश ने 53 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाये जबकि शोएब ने 29 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाकर लक्ष्य का पीछा करते समय दबाव हावी नहीं होने दिया। दोनों की साझेदारी उस समय शुरू हुई जब टीम 13वें ओवर में 66 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी। इससे पहले दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। कनाडा को दक्षिण अफ्रीका से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि यूएई को न्यूजीलैंड ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।


अर्धशतकीय पारी के बाद जश्न मनाते यूएई के बल्लेबाज आर्यांश शर्मा। एजेंसी

- प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके

**टी20 विश्व कप**

### पाकिस्तानी गेंदबाज का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा बल्लेबाजों को कर रही हैरान

## उस्मान तारिक का अनोखा एक्शन बना विवाद का विषय

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा ने टी20 विश्व कप के दौरान कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऐसा लगता है कि वह बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं जिसको लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विवाद भी खड़ा हो गया है।

तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया। इस 28 वर्षीय ऑफ स्पिनर के अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन ने पहले ही खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कुछ खिलाड़ियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उन्होंने इस सप्ताह श्रीलंका में अपने पहले टी20 विश्व कप मैच में अमेरिका के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। क्रिकेट के नियमों के अनुसार तारिक के एक्शन को अवैध ठहराना आसान भी नहीं है। किसी गेंदबाज के एक्शन को अवैध करार देने के लिए सबसे पहला कारण 15 डिग्री का नियम है। इस नियम के अनुसार गेंदबाज अपनी कोहनी को 15 डिग्री की सीमा से अधिक नहीं मोड़ सकता है जिसका मैदान पर मौजूद अंपायरों के लिए वास्तविक समय में सटीक आकलन करना लगभग असंभव है। ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज कुछ ऐसे उल्लेखनीय खिलाड़ी हैं जो तारिक के गेंदबाजी एक्शन से हैरान रह गए थे। नवंबर में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तारिक की दूसरी ही गेंद पर पावर हिटर ब्रेविस आउट हो गए।



### शीर्ष क्रिकेट तक आसान नहीं रहा सफर

पाकिस्तान के स्पिनर तारिक का शीर्ष स्तर के क्रिकेट तक का सफर आसान नहीं था। पिछले दो सत्र में देश के प्रमुख घरेलू टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनके खिलाफ दो बार शिकायत दर्ज की गई, लेकिन दोनों ही मौकों पर लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में परीक्षण के बाद उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

**11** विकेट लिए हैं अब तक केवल चार टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 88 गेंदों पर

मेरी बांह में दो कोहनी हैं। मेरी बांह स्वाभाविक रूप से मुड़ती है। मैंने इसकी जांच करवाई है और रिपोर्ट में यह स्पष्ट है। हर कोई महसूस करता है कि मैं अपनी बांह मोड़ता हूं। मेरी मुड़ी हुई बांह एक जैविक समस्या है।

–उस्मान तारिक

### जब वह रुकें तो बल्लेबाज क्रीज से दूर हट जाएं : अश्विन

**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की अनूठी साइड आर्म एक्शन से की गई गेंदों का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक सरल सुझाव दिया है कि जब वह गेंद फेंकने से पहले रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं। तीस वर्षीय तारिक की रुक–रुक कर गेंदबाजी करने की शैली काफी चर्चा में है। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और प्रति ओवर छह रन से भी कम के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मैच में वह प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।